25_Nav pradesh Page_01.qxd 26/03/2020 8:48 AM Page 1

www.navpradesh.com | बिलासपुर, गुरुवार 26 मार्च 2020, चैत्र शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-05 अंक-341 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

कोरोनाबंदी बनाम लॉकडाउन

सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि से सावधानी भरे 21 दिन का 24 घंटे ऐसा रहा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश में 21 दिन का लॉकडाउन को कर्फ्यू की तरह ही गंभीरता से लेने की हिदायत के बाद छत्तीसगढ़ शासन ने भी पूरी गंभीरता से इसे लागू किया। हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्र में भी देवालयों पर लॉकडाउन का असर रहा। ना सिर्फ देवालय बल्कि गिरिजा घरों, मस्जिदों और गुरुव्दारों में भी भक्त शामिल नहीं हो सके। महज पुजारियों, सेवकों के अलावा अन्य श्रध्दालुओं की गैरमौजूदगी से सन्नाटा पसरा रहा। नोवेल कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए केंद्र और राज्य शासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश राज्य के मुख्य सचिव आरपी मंडल ने भी सभी कलेक्टरों-एसपी को दिया है। मुख्य सचीव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जरुरतें सिर्फ सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होंगी पूरी

पेट्रोल पंप बुधवार सुबह 10 बजे शुरु हुआ और देर शाम तक चलने का वक्त कर्मचारियों ने बताया। इसी तरह फ्रूट्स, सब्जियां और राशन के अलावा जरुरी चीजों के लिए भी दुकानदारों ने वक्त तय कर रखा है। डेली नीड्स, दवाई दुकानें आदि रात 10 बजे तक मिल रही हैं।

प्रदेश में कोरोना के 3 पॉजिटिव

राजधानी में हुए दो और एक राजनांदगांव में मिला नया पॉजिटिव पेशेंट

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना पॉजिटिव की संख्या बढ़कर तीन हो गई। एक कोरोना संक्रमित युवती का इलाज पहले ही एम्स में चल रहा था। वहीं अब रायपुर एम्स में मरीजों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। नई मरीज भी युवती ही है। एम्स के सुप्रिटेंडेंट डॉ. पिंपले ने नवप्रदेश से चर्चा में इसकी पुष्टि की है। डॉ. पिंपले ने बताया है बुधवार को भर्ती मरीज 26 साल की युवती है, जो इंग्लैंड से होकर आई है। वहीं राजनांदगांव जिला अस्पताल में एक मरीज कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। प्रदेश में तीन मरीजों के सामने आने से चिंता बढ़ गई है। इस तरह छत्तीसगढ़ में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस से संक्रमित दो नए मरीज आज मिले है। इससे प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव्ह मरीजों की संख्या 3 हो गई है। आज एक मरीज रायपुर में और एक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना संकट में सीएम भूपेश का वीडियो संदेश

कोई भूखा नहीं रहेगा, बाहर फंसे लोगों की है हमें ख्याल

संकट में दी नसीहत, जो जहां है वहीं रहें, आना-जाना न करें

प्रदेश में एक के बाद एक तीन कोरोना वायरस पॉजिटिव मरीज की शिनाख्त होने के दौरान ही सूबा-ऐ-सदर भूपेश बघेल का संकट की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ी भाखा में वीडियो संदेश लोगों को राहत देने वाला साबित हो रहा है। सबसे बड़ी बात यह कि सीएम श्री बघेल ने ना सिर्फ प्रदेश के लोगों को बल्कि अन्य राज्यों में फंसे छत्तीसगढ़िया की चिंता की बात भी कहे हैं। इससे साफ हो जाता है कि सीएम ने वादे के मुताबिक वीडियो संदेश में कहा है कि राज्य में इस संकट के नियत काल तक कोई भी भूखा नहीं रहेगा और बाहरी राज्यों में फंसे लोग खासकर मजदूरों के लिए भी वे राहतभरे कदम उठा रहे हैं। उन्हों ने बताया कि जिन राज्यों में भी हमारे लोग फंसे हैं उन प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से खास चर्चा व मदद-खाने तथा ईलाज के लिए कहा गया है। साथ ही मजदूर जो काम की तलाश में बाहरी राज्य गया था उनतक आर्थिक मदद के लिए भी सरकार कोशिश कर रही है।

छत्तीसगढ़ियों में वीडियो संदेश का उद्देश्य सीएम भूपेश बघेल का जो था वह इसलिए ताकि उनकी बात-बात गाँव-गाँव के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पुलिस, कैश वैन, एम्बुलेंस दौड़ती रहीं

21 दिनों के बंद के दौरान आज राजधानी की सड़कों में तो आमजनों की आमदरफ्त नहीं के बराबर ही रहीं। लेकिन जरुरी वस्तुओं के अलावा बैंक, अस्पताल और डॉक्टरों की सेवाएं बंद में भी बदस्तूर जारी रहीं। ऐसे ही एक मौके पर बंद के दौरान घरों में लॉक डाउन लोगों की तिमारदारी में एम्बुलेंस भई सड़कों पर सरपट दौड़ती दिखीं। शास्त्री चौक डीकेएस अस्पताल के सबसे व्यस्त चौराहे में चंद मिनट में ही पुलिस गाड़ी, कैश वैन और एम्बुलेंस ने जता दिया की जरुरी सेवाएं मिलती रहेंगी।

आज बेबाक

कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में हो रही वृद्धि को देखते हुए पूरे देश में तीन सप्ताह का लॉक डाउन घोषित किया गया है। पीएम मोदी ने हाथ जोड़ देशवासियों से अपील की है कि सभी 21 दिनों तक घरों में रहे अन्यथा देश 21 साल पीछे चला जाएगा। अब यह हम सब का दायित्व बनता है कि घर में रहकर देश की और मानवता की सेवा करें। स्वास्थ्य, पुलिस और सफाई कर्मचारी अपनी जान हाथेली पर रख कर बाहर निकल रहे है। हम उनकी परेशानी और न बढ़ाएं। त्रासदी की इस घड़ी में देश के काम आएं। घर पर रहकर कोरोना वायरस को हराएं।

कोरोना को 21 दिन में जीतना है : मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। देशभर में कोरोना वायरस के संक्रमण के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के नागिरकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की। वाराणसी के लोगों के सवाल का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना वायरस न ही हमारी संस्कृति को मिटा सकता है और नहीं हमारे संस्कार को। कोरोना के जवाब देने का दूसरा एक तरिका है वो है करुणा। करुणा से हम गरीबों और जरूरतमंदों का कल्याण कर सकते हैं। पूरे देश में लॉकडाउन की घोषणा करने के बाद यह पहला मौका होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के नागरिकों से बात की। बता दें कि पीएम मोदी ने मंगलवार को राष्ट्र

को संबोधित करते हुए रात 12 बजे से पूरे देश में लॉकडाउन करने की घोषणा की थी। वाराणसी के लोगों से पीएम नरेंद्र मोदी लॉकडाउन का पालन करने की अपील कर सकते हैं। वह लोगों को बताएंगे कि कैसे लॉकडाउन के जरिए ही कोरोना को हराया जा सकता है। साथ ही पीएम मोदी बतौर सांसद उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बता सकते हैं। आपको बता दे कि भारत में कोरोना वायरस का कहर बढ़ता ही जा रहा है। पिछले दो दिनों में कोरोना के मरीजों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। देश में कोरोना के 560 केस सामने आ चुके हैं।

स्पेन : रातभर में 700 की मौत और आंकड़ा पहुंचा 3,434 पार

मैड्रिड ए.। कोरोना वायरस संक्रमण से मौत के मामले में स्पेन ने चीन को पीछे छोड़ दिया है और यहां अब तक कुल 3,434 लोगों की मौत हो गई है। स्पेन ने रातभर में 700 से अधिक लोगों के मौत की पुष्टि की है। बता दें कि चीन में कोरोना वायरस से अब तक करीब 3,281 लोगों की मौत हो चुकी है।

राम जन्मभूमि के अस्थाई मंदिर में विराजमान हुए रामलला

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि में विराजमान रामलला अस्थाई मंदिर में शिफ्ट हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विराजमान रामलला को टेंट से निकाल कर अपनी गोद में बैठाकर अस्थाई मंदिर के रजत सिंहासन में विराजमान कराया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अस्थाई मंदिर में विराजमान रामलला विराजित हुए। बुधवार को सुबह पांच बजे अस्थाई मंदिर में रामलला को शिफ्ट किया गया। इस दौरान रामलला की आरती उतारी गई। रामलला के शिफ्टिंग के दौरान कोरोना से सतर्कता का भी ख्याल रखा गया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया गया।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री की सख्ती, बोले

लॉकडाउन का करें पालन नहीं तो देना पड़ेगा गोली मारने का आदेश

हैदराबाद ए.। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने लोगों से लॉकडाउन का सख्ती से पालन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो गोली मारने का आदेश देना पड़ेगा। मालूम हो कि कोरोना वायरस से अब तक देश भर में 562 लोग संक्रमित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा, 'अमेरिका में लॉकडाउन के लिए सेना सड़कों पर है। अगर यहां लोग लॉकडाउन का पालन नहीं करते हैं तो फिर ऐसी स्थिति खड़ी हो सकती है, जहां हमें कर्फ्यू और देखते ही गोली मारने का आदेश देना पड़ेगा।

कोरोना के कहर के बीच केंद्र सरकार का ऐलान

80 करोड़ लोगों को 2 रु. किलो गेहूं, 3 रु. किलो चावल

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में बढ़ते कोरोना के प्रकोप के बीच बुधवार को केंद्र की मोदी सरकार ने लोगों के राशन को लेकर बड़ा ऐलान किया। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में देश के 80 करोड़ लोगों को सस्ती दर पर अनाज देने का फैसला किया गया। कैबिनेट बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों सस्ते दर पर राशन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश

के 80 करोड़ लोगों को हर महीने 7 किलो प्रति व्यक्ति राशन देगी और वो भी 3 महीने के लिए एडवांस।

प्रकाश जावड़ेकर ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने 80 करोड़ लोगों को 27 रु. प्रति किलो वाला गेहूं मात्र 2 रुपये ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आवश्यक सेवाओं की सभी दुकानें हर दिन खुली रहेंगी

प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि आवश्यक सेवाओं की सभी दुकानें हर दिन खुली रहेंगी। दूध हो, पशुचारा हो, राशन हो या सभी दुकानें खुली रहेंगी। हमें पर दुकान पर जाकर भीड़ करने की जरूरत नहीं है। हमें वहां भी जाकर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है। दो ग्राहकों के बीच कम से कम 6 फुट का अंतर हो। अगर ऐसा करते हैं तो किसी को डरने की जरूरत नहीं है।



कोरोना ले लड़बो अउ जीतबो

मुख्यमंत्री की अपील

प्रिय भाइयों और बहनों,

आज मानवता सबसे बड़े संकट से जूझ रही है। इस जंग में हर व्यक्ति का योगदान जरूरी है। आप लोग अपनी रोजी-रोटी, सुख-सुविधा की चिंता छोड़कर इस जंग में एक सिपाही की तरह लड़ रहे हैं, इसके लिए मैं आपका दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

कोरोना से बचने के लिए घरों में रहने की हमारी अपील मानने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। अभी हमें 21 दिन और लॉकडाउन में रहना है। यह लॉकडाउन आप और आपके परिवार की जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरुरी है। मेरा आपसे पुनः अनुरोध हैं कि आप स्थिति की गंभीरता को समझें और लॉकडाउन का पालन करें।

लॉकडाउन की स्थिति में सभी के लिए जरूरत के सामानों की व्यवस्था युद्ध स्तर पर की जा रही है। आप किसी भी प्रकार से घबराये नहीं। रोजमर्रा की आवश्यकता की सभी चीजें तथा दवाएं बाजार में आसानी से मिलें, इसकी भी पूरी व्यवस्था कर दी गई है। हमारा संकल्प है कि किसी को भूखे पेट सोने नहीं देंगे और उनका जीवन किसी भी तरह से संकट में न आये इसकी भी पूरी चिंता करेंगे। इसलिए हमने यह निर्णय लिया है कि राशन दुकानों से दो माह का सामान गरीब परिवारों को एकमुश्त निःशुल्क दिया जाएगा।

जो लोग बेघर हैं उनके लिए भोजन की व्यवस्था ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, गुरूद्वारे तथा स्थानीय समाज सेवी संगठनों के माध्यम से हो। इसके लिए मैं सभी सक्षम लोगों और संगठनों से सहयोग की अपील करता हूं। मैंने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि वे कलेक्टोरेट में इस काम के लिए एक 24x7 विशेष शाखा स्थापित करें।

सभी जिला कलेक्टर अपने-अपने जिले में एक हेल्प लाइन नंबर भी जारी करें और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई समस्या होने पर लोग इससे मदद ले सकें। इस संकट के समय में मीडिया की भूमिका सही सूचना देने के लिए अति महत्वपूर्ण है। मैंने सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिये हैं कि वे सुनिश्चित करें कि मीडियाकर्मियों को उनका काम करने में कोई बाधा न आये। राज्य शासन द्वारा हर जरूरतमंद की मदद के लिए सारे इंतजाम किए जा रहे है। साथ ही आम जनता तथा विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे संगठनों से अपील है कि मुख्यमंत्री सहायता कोष में मुक्त हस्त से दान करें। अपना योगदान तथा भागीदारी दर्ज कराएं।

मैं एक बार फिर आप सबसे अपील करता हूं कि 1 मीटर की दूरी और हाथ की सफाई जैसे सुरक्षा के सभी उपाय पूरे मन से अपनाएं। **जो लोग विदेश से लौटे हैं वे तुरंत इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन या टोल फ्री नंबर 104 पर दें।** राज्य सरकार ने जांच और उपचार के लिए सारी व्यवस्थायें की हैं और हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। मै युवा साथियों से अपील करता हूं कि यथा संभव सुरक्षा अपना कर, घर तथा समाज में जागरूकता लाने में मदद करें। किसी की तकलीफ की खबर मिलते ही शासन - प्रशासन को सूचित करें और रास्ता निकालें कि आप क्या मदद कर सकते हैं।

हम सब मिलकर कोरोना से लड़ेंगे और जीतेंगे ऐसा मेरा पूरा विश्वास है।

'कोरोना ले लड़बो अउ जीतबो'

आपका
भूपेश बघेल

महाराष्ट्र में एक ही परिवार के 5 लोग कोरोना पॉजिटिव, मरीजों की संख्या 112 हुई

मुंबई (ए.)। कोरोना वायरस का कहर लागातार बढ़ता जा रहा है और इसके नए मामलों की संख्या भी बढ़ रही है। महाराष्ट्र में मंगलवार रात से अब तक कोरोना वायरस के पांच नए मामले सामने आए जिससे राज्य में संक्रमित कुल लोगों की संख्या 112 पर पहुंच गई। हैरान करने वाली बात है कि इनमें से एक परिवार के पांच सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। यह देश में अब तक किसी राज्य में कोरोना वायरस के मरीजों की सबसे अधिक संख्या है। अगर देश की बात करें तो कोरोना वायरस के पॉजिटिव केसों की संख्या 562 हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नए मामले सांगली जिले से आए हैं, जहां इस्लामपुर में एक ही

परिवार के पांच सदस्य कोविड-19 से संक्रमित पाए गए। एक अधिकारी ने कहा, 'हम यह जांच कर रहे हैं कि क्या ये पांचों लोग हाल फिलहाल में भारत में या उससे बाहर कहीं गए थे।' राज्य में मंगलवार को दस और मामले पता चले थे और सोमवार रात को आठ मामलों की पुष्टि हुई थी।

गुजरात में कोरोना के मामले

गुजरात में कोविड-19 संक्रमण के तीन और मामले सामने आने के बाद राज्य में इस घातक वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर बुधवार को 38 हो गई। प्रधान सचिव (स्वास्थ्य) जयंती रवि ने संवाददाताओं को बताया कि बुधवार को सुबह अहमदाबाद, सूरत और वडोदरा में एक-एक मामला सामने आया। उन्होंने बताया कि इनमें से एक मरीज दुबई से लौटा था जबकि दो अन्य लोग देश में ही किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से प्रभावित हुए। जयंती ने बताया कि इसके साथ ही अहमदाबाद में कुल 14, सूरत एवं वडोदरा में सात-सात, गांधीनगर में छह, राजकोट में तीन और कच्छ में एक व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित हैं।

पीएम मोदी ने किया ट्वीट

इस बीच, महाराष्ट्र में नव वर्ष की शुरुआत के तौर पर मनाए जाने वाले गुड़ी पड़वा पर्व का जश्न सादे तरीके से मनाया गया। लोग कोरोना वायरस के मद्देनजर देशव्यापी लॉकडाउन (बंद) के कारण घरों में ही रहे। प्रधानमंत्री ने उत्सव के लिए महाराष्ट्र के लोगों को शुभकामनाएं देने के वास्ते मराठी भाषा में ट्वीट किया। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र के लोग गुड़ी पड़वा मना रहे हैं। मैं उनकी सफलता, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। ईश्वर करे, इस साल उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो।'

पुलिस ने किए कड़े बंदोबस्त

पुलिस ने लोगों को बाजार में भीड़ लगाने से रोकने के लिए कड़े बंदोबस्त किए। लॉकडाउन के बावजूद कई लोग चेहरे पर मास्क पहनकर सुबह की सैर के लिए जाते देखे गए। महाराष्ट्र के राज्यपाल बी एस कोश्यारी ने लोगों से राज्य तथा देश में अभूतपूर्व हालात के मद्देनजर घरों में रहते हुए नव वर्ष का स्वागत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों की सफलता लोगों के पूर्ण सहयोग पर निर्भर करती है।

तेलंगाना में कोरोना के मामले

तेलंगाना में कोविड-19 के तीन नए मामले आने के साथ ही राज्य में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 39 हो गई है। राज्य सरकार ने मंगलवार देर रात एक बुलेटिन जारी कर यह जानकारी दी। संक्रमित मरीज के संपर्क में आई हैदराबाद निवासी 64 वर्षीय महिला भी नए मरीजों में से एक है। मीडिया बुलेटिन के अनुसार, 57 वर्षीय एक शख्स और भद्राद्री-कोत्तगुडम की एक अन्य महिला भी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। बुलेटिन के अनुसार, भद्राद्री-कोत्तगुडम जिले, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम और सोंगेड्डी जिले के आवासीय इलाकों को संक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

लॉक डाउन के बाद ऐसे खींची लक्ष्मण रेखा

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीन हफ्तों के लॉकडाउन के घोषणा के दौरान देशवासियों से कहा था कि वह आपके घर के सामने एक लक्ष्मण रेखा खींच दी गई है। इस लक्ष्मण रेखा का हर हाल में पालन करना है। इसका असर आज कई जगह दिखाई भी दिया जब लोग सब्जी या कोई अन्य सामान खरीदने के लिए घरों से निकले। आपको बता दें कि कोरोना वायरस ने दुनियाभर में 19 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली है। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि घर में रहें, घर में रहें और एक ही काम करें कि अपने घर में रहें। उन्होंने कहा था कि साथियों, आज के फैसले ने देशव्यापी लॉकडाउन ने आपके घर के दरवाजे पर एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है।

पूर्ण लॉकडाउन के दौरान भी जारी रहेंगी ये जरूरी सेवाएं

कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के मददेनजर देशभर में मंगलवार की रात 12 बजे से अगले तीन सप्ताह तक पूर्ण लॉकडाउन रहेगा, लेकिन इस दौरान भी राशन, दूध, सब्जी, फ्ल आदि मूलभूत जरूरत की चीजों की दुकानों के साथ-साथ, बैंक, बीमा कंपनियों के दफ्तर, एटीएम, प्रिंट एंव इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिष्ठान खुले रहेंगे। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को देशवासियों को संबोधित करते हुए देशभर में मध्यरात्रि से अगले 21 दिनों तक पूर्ण लॉकडाउन का एलान किया। पूर्ण लॉकडाउन के मददेनजर गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लॉक डाउन के दौरान भारत सरकार, इसके स्वायत्त निकायों के दफ्तर समेत अधीनस्थ व सार्वजनिक क्षेत्र के तहत आने वाली कंपनियों के कार्यालय बंद रहेंगे।

जरूरी सेवा जारी रहेगी

लेकिन सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, कोषागार, पेट्रोलियम, सीएनजी, पीएनजी, एलजीपी समेत पब्लिक युटिलिटीज, आपदा, प्रबंधन, उजा उत्पादन व वितरण इकाइयां, डाकघर, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, पूर्व चेतावनी देनेवाली ऐजेंसियों की सेवा जारी रहेगी। इसी प्रकार, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सरकारी और स्वायशासी निकायों व सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के दफ्तर बंद रहेंगे लेकिन पुलिस, गृह रक्षक, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, आपदा प्रबंधन व कारागार की सेवाएं चालू रहेंगी। इसके अलावा, जिला प्रशासन, कोषागार, बिजली, पानी, सफाई संबंधी सेवाएं जारी रहेंगी।

हालांकि इन दफ्तरों में भी कम से कम कर्मचारी रहेंगे और बाकी सभी दफ्तरों में सिर्फघर से काम हो सकता है। गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार, अस्पताल और संबंधित चिकित्सा प्रतिष्ठानों जिनमें सरकारी एवं निजी विनिमार्ण व वितरण इकाइयां शामिल हैं वे खुली रहेंगी। मतलब केमिस्ट की दुकानों से लेकर लैब, डिस्पेंसरी बंद नहीं हैं। रोगीवाहन सेवा भी जारी रहेगी और मेडिकल, पैरा मेडिकल व अस्पतलाओं के कर्मचारियों के लिए परिवहन को भी अनुमति है।

निजी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे

लॉकडाउन के दौरान देश में सभी प्रकार के वाणिज्यिक एवं निजी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। लेकिन सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी पीडीएस के तहत संचालित राशन की दुकान समेत, खाद्य पदार्थ, किराने का सामान, फ्ल-सब्जी की दुकानें, डेयरी, मिल्क-बुथ, गोश्त व मछली, पशुचारे की दुकानें खुली रहेंगी। हालांकि घर से बाहर लोगों का आवागमन कम करने के मददनजर जिला प्रशासन होम-डिलीवरी की सुविधा को प्रोत्साहन दे सकता है।

प्रिंट एवं इलेक्टरॉनिक मीडिया खुले रहेंगे

बैंक, एटीएम, बीमा कंपनियों के दफ्तर खुले रहेंगे। प्रिंट एवं इलेक्टरॉनिक मीडिया के प्रतिष्ठान खुले रहेंगे। दूरसंचार, इन्टरनेट सेवा, प्रसारण व केबल सेवाएं, आइटी और आईटी से संबंधित जो जरूरी सेवाएं हैं जितना भी संभव हो घरों से संचालित होंगी। खादय पदार्थ, दवाइयां, चिकित्सा उपकरण समेत सभी आवश्यक वस्तुओं की डिलीवरी ई-कॉमर्स के माध्यम से होगी। पेट्रोल पंप, एलपीजी, पेट्रोलियम एवं गैस रिटेल आउटलेट एवं भंडार खुले रहेंगे। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी द्वारा अधिसूचित कैपिटल एवं डेब्ट बाजार की सेवाएं जारी रहेंगी। कोल्ड स्टोरेज एवं वेयरहाउसिंग

कोरोना : यूपी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को दिए अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये

लखनऊ (ए.)। वैश्विक महामारी कोरोना से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर बड़ा कदम उठा रही है। इसी क्रम में बुधवार को राज्य की योगी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के लिए अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश की जनता से कोरोना वायरस के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में 21 दिनों तक लॉकडाउन की घोषणा के बाद अपने घरों में रहने की अपील की है। वहीं, बीती रात देशभर में 21 दिन के लॉकडाउन के ऐलान के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार लोगों के घर-घर में जरूरी सामान पहुंचाएगी। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट किया- अपनी सांसद निधि से 1 करोड़ की राशि आज़मगढ़ मेडिकल कॉलेज के समस्त चिकित्सकों-स्वास्थ्यकर्मियों के 'पर्सनल प्रोटेक्शन इक्विपमेंट' व कोरोना जांच की 'टेस्टिंग किट' हेतु देते हुए मैं समस्त जनता से इस कठिन समय में सहयोग की अपील करता हूं।

यूपी में घर-घर पहुंचाई जा रही है दूध और सब्जी

उत्तर प्रदेश में लॉकडाउन के बीच प्रशासन ने लोगों को मदद पहुंचाना शुरू कर दिया है। लोग घरों से बाहर ना निकले इसके लिए यूपी में व्यवस्था शुरू कर दी गई है। रामपुर जिले के जिलाधिकारी ने ट्वीट कर जानकारी दी है आप लोग बिल्कुल भी परेशानल ना लेना। उन्होंने कहा कि हम आपके घर खुद आएंगे। डीएम ने बिलासपुर तहसील की फोटो ट्वीट करते दिखाया की किस तरह लोगों के घर में दूध पहुंचाया जा रहा है।

कजाकिस्तान में फंसे भारतीय छात्र, दिल्ली हाई कोर्ट ने विदेश मंत्रालय से मांग जवाब

कोरोना वायरस की वजह से कजाकिस्तान के अलमाती हवाई अड्डे पर फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने विदेश मंत्रालय को दिशा निर्देश दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह हवाई अड्डे पर फंसे छात्रों की सुरक्षा और उनकी भलाई सुनिश्चित करे। इसके अलावा कोर्ट ने विदेश मंत्रालय से जवाब भी मांगा है बता दें अलमाती हवाई अड्डे पर भारत के अलग-अलग राज्यों के लगभग 200 छात्र फंसे हुए हैं। ऐसी भी जानकारी सामने आई थी कि छात्र बिना भोजना पानी के फंसे हुए है। कोर्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस मामले की सुनवाई करते हुए विदेश मंत्रालय को दिशा निर्देश देते हुए जवाब मांगा है। डॉक्टर की पढ़ाई कर रहे ये छात्र पिछले चार दिन से एयरपोर्ट पर ही फंसे हुए हैं। क्योंकि कोरोना वायरस की वजह से उनकी यूनिवर्सिटी ने अवकाश घोषित कर दिया है। जिसके बाद अब सभी भारत आने के लिए एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि लगभग पूरी दुनिया कोरोना वायरस की चपेट में आ चुकी है।

मायावती के बाद अखिलेश ने किया पीएम मोदी की अपील का समर्थन

बसपा प्रमुख के सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का समर्थन का किया है। अखिलेश यादव ने लॉकडाउन के लिए लोगों से सहयोग करने की अपील की है। अखिलेश यादव ने बुधवार को ट्वीट का कर कि प्रत्येक नागरिक को सभी मेजबान व मतनेट को छोड़कर कोरोना के खिलाफएकजुट होने की जरूरत है। अखिलेश यादव ने ट्वीट का लिखा, 'प्रत्ए नागरिक को सब मेजबान व मतनेट छोड़कर कोरोना के खिलाफसामाजिक रूप से अलग व भावातमक रूप से एकजुट होने की जरूरत है. ये 21 दिन भारत के सुखद भविष्य के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाएंगे. जन-जन से अपील है कि वो इस वार्त्त में जुटे प्रत्येक व्यक्ति व विभाग के साथ सहयोग करे। अखिलेश यादव ने एक और ट्वीट किया और लिखा, अपनी सांसद निधि से 1 करोड़ की राशि आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज के समस्त चिकित्सकों-स्वास्थ्यकर्मियों के 'पर्सनल प्रोटेक्शन इक्विपमेंट' व कोरोना जांच की 'टेस्टिंग किट' देतु देते हुए मैं समस्त जनता से इस कठिन समय में सहयोग की अपील करता हूं।

कोरोना के कहर के बीच उद्धव ठाकरे की अपील

नहीं करें एसी का इस्तेमाल, घर में आने दें फ्रेश हवा

मुंबई (ए.)। कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामलों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और यह आंकड़ा 560 पार कर गया है। देशभर में कोरोना के मामलों में महाराष्ट्र टॉप पर है। यहां अब तक 112 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने लोगों से एसी यानी एयर कंडीशनर का इस्तेमाल नहीं करने को कहा है। कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए एक और कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने लोगों से अपील की कि वे एयर कंडीशनर का इस्तेमाल नहीं करें। उद्धव ठाकरे ने कहा, 'हमें केंद्र की ओर से एक नई एडवाइजरी मिली है, जिसमें हमसे एयर कंडीशनर का इस्तेमाल नहीं करने को कहा गया है। अपनी खिड़कियां खोलें और ताजी हवा को आने दें। अगर संभव हो तो एयर कंडीशनर का उपयोग न करें।' वहीं, लॉकडाउन को लेकर दैनिक उपयोग की चीजों को लेकर मची अफरातफरी पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारे पास आवश्यक वस्तुओं जैसे सब्जियों, चावल और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है, इसलिए चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। आवश्यक सामान बेचने वाली सभी दुकानें भी खुली हैं। इस संकट से निपटने के बाद हम गुडी पड़वा मनाएंगे।

बता दें कि महाराष्ट्र में मंगलवार रात से अब तक कोरोना वायरस के पांच नए मामले सामने आए जिससे राज्य में संक्रमित कुल लोगों की संख्या 112 पर पहुंच गई। हैरान करने वाली बात है कि इनमें से एक परिवार के पांच सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। यह देश में अब तक किसी राज्य में कोरोना वायरस के मरीजों की सबसे अधिक संख्या है। अगर देश की बात करें तो कोरोना वायरस के पॉजिटिव केसों की संख्या 562 हो गई है।

दिल्ली में 10500 कोरोना संदिग्ध होम कोरेनटाइन

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में विदेश से आने वाले या उनके संपर्क में आएं 12 हजार 567 लोगों को दिल्ली सरकार ने कोरेनटाइन में भेज दिया है। इसमें साढ़े दस हजार लोग ऐसे है जिन्हें उनके घर पर ही कोरेनटाइन किया गया है, जबकि 1067 से अधिक लोगों को सरकारी कोरेनटाइन सेंटर में रखा गया है। कोरेनटाइन होने वालों की संख्या में रोजाना इजाफा हो दर्ज किया जा रहा है। दिल्ली में अभी तक कोरोना के 30 पॉजिटिव केस आ चुके है। बीते 40 घंटे में एक भी केस सामने नहीं आया है। सरकारी कोरेनटाइन सेंटर में रहने वाले वो लोग है जिनमें कोई न कोई लक्षण है जिससे कोरोना वायरस का खतरा हो सकता है। वहीं होम क्वारंटाइन में उन्हें भेजा गया है जो कि विदेश की यात्रा करके लौटे हैं या फिर किसी के संपर्क में आए हैं। मगर उनमें फिलहाल कोई लक्षण नहीं है। सरकार होम क्वारंटाइन में रह रहे लोगों पर निगरानी बनाए हुए है। उनके घर पर रोजाना एक टीम जांच के लिए जाती है।

घरों में लगाया जा रहा बोर्ड

ऐसे घरों व लोगों को आसानी से चिन्हित किया जा सके, इसके लिए सरकार उनके हाथों पर कोरेनटाइन का मुहर लगाने के साथ घरों के बाहर बोर्ड और कोरेनटाइन होने वालों की संख्या भी लिखी है। उस बोर्ड पर उस घर के मालिक का नाम व पता भी लिखा हुआ है। स्थानीय डीएम कार्यालय की टीम उनपर पूरी तरह से नजर बनाए हुए है। सरकार का कहना है कि सभी को 14 दिन तक कोरेनटाइन में रखा जा रहा है। उसके बाद अगर कोई लक्षण आता है तो उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।

पूछताछ जनता कर्फ्यू से भारत ने दिखा दिया जब देश पर संकट आता है, तो किस प्रकार से हम सभी भारतीय मिलकर, एकजुट होकर उसका मुकाबला करते हैं

पालम एयरपोर्ट पर पकड़ाया कोरोना संक्रमित चीनी युवक

■ अहमदाबाद से आया था दिल्ली

नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस से संक्रमित एक चीनी नागरिक को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है। वह बुधवार को ही इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट से अहमदाबाद से दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। कोरोना वायरस का संक्रमण भारत सहित दुनियाभर के कई देशों में तेजी से फैल रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अभी तक देश में इससे 11 लोगों की मौत हो चुकी है।

इसके साथ ही देश में कोविड-19 के मरीजों की संख्या बढ़कर 562 तक पहुंच गई है।

बता दें कि, दिल्ली में विदेश से आने वाले या उनके संपर्क में आए 12567 लोगों को दिल्ली सरकार ने क्वारंटाइन में भेज दिया है। इसमें 11,159 लोग ऐसे हैं जिन्हें उनके घर पर ही क्वारंटाइन किया गया है, जबकि 1173 से अधिक लोगों को सरकारी क्वारंटाइन सेंटर में रखा गया है।

होटल में बेड की संख्या 600 हुई

सरकार ने क्वारंटाइन करने वालों की संख्या को बढ़ता हुआ देख होटल में पेड क्वारंटाइन बिस्तर की संख्या बढ़ाकर 600 की है। यह पहले तीन होटल में 182 बिस्तर का था। नए तीन होटल भी एसोसिटी में ही मौजूद है। अगर कोई पेड क्वारंटाइन में रहना चाहता है तो वह सीधे वहीं जा कर रह सकता है। इसमें एक दिन के 3100 रुपये लगते हैं। इस पर लगने वाले जीएसटी को सरकार ने माफकर दिया है।

क्वारंटाइन होने वालों की संख्या में रोजाना इजाफा हो रहा है। दिल्ली में अभी तक कोरोना के 30 पॉजिटिव केस आ चुके हैं। बीते 40 घंटे में एक भी केस सामने नहीं आया है। सरकारी क्वारंटाइन सेंटर में रहने वाले वो लोग हैं जिनमें कोई न कोई लक्षण है जिससे कोरोना वायरस का खतरा हो सकता है। वहीं होम क्वारंटाइन में उन्हें भेजा गया है जो कि विदेश की यात्रा करके लौटे हैं या फिर किसी के संपर्क में आए हैं। मगर उनमें फिलहाल कोई लक्षण नहीं है। सरकार होम क्वारंटाइन में रह रहे लोगों पर निगरानी बनाए हुए है। उनके घर पर रोजाना एक टीम जांच के लिए जाती है।

दिल्ली में कोरोना से नहीं हुई दूसरी मौत, जांच रिपोर्ट से हुआ खुलासा

उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इस लॉकडाउन की आर्थिक कीमत देश को उठानी पड़ेगी। मोदी ने कहा कि लेकिन एक-एक भारतीय के जीवन को बचाना इस समय मेरी, भारत सरकार की, देश की हर राज्य सरकार की, हर स्थानीय निकाय की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। लोगों से सरकारी निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए पीएम ने कहा कि आने वाले 21 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

सोशल डिस्टेंसिंग से कोरोना को हराने की अपील

उन्होंने लोगों से अपील की कि चाहे जो हो जाए। घर में रहें और एक ही काम करें कि अपने घर में रहें। उन्होंने लोगों से कहा कि यह धैर्य और अनुशासन का समय है और जब तक देश में लॉकडाउन की स्थिति है, हमें अपना संकल्प और वचन निभाना है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें कोरोना वायरस के फैलने की श्रृंखला को तोड़ना है। आज के फैसले ने देशव्यापी लॉकडाउन ने आपके घर के दरवाजे पर एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी देशों के दो महीनों के अध्ययन से जो निष्कर्ष निकल रहा है और विशेषज्ञ भी यही कह रहे है कि कोरोना से प्रभावी मुकाबले के लिए एकमात्र विकल्प है- सामाजिक दूरी। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचने का इसके अलावा कोई तरीका नहीं है, कोई रास्ता नहीं है। कोरोना को फैलने से रोकना है, तो इसके संक्रमण के चक्र को तोड़ना ही होगा मोदी ने कहा कि कुछ लोग इस गलतफहमी में हैं कि सामाजिक दूरी बनाना केवल बीमार लोगों के लिए आवश्यक है। ये सोचना सही नहीं है। मोदी ने कहा कि आप कोरोना वैश्विक महामारी पर पूरी दुनिया की स्थिति को समाचारों के माध्यम से सुन भी रहे हैं और देख भी रहे हैं। आप ये भी देख रहे हैं कि दुनिया के समर्थ से समर्थ देशों को भी कैसे इस महामारी ने बिल्कुल बेबस कर दिया है।

■ न्यूज गैलरी

मनरेगा मजदूरी दर में वृद्धि, श्रमिकों को अब मिलेगी 190 रु. रोजी

रायपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों को अब प्रतिदिन 190 रुपए मजदूरी मिलेगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मजदूरी दर में वृद्धि के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। श्रमिकों को बढ़े हुए दर पर मजदूरी 1 अप्रैल 2020 से मिलेगी। चालू वित्तीय वर्ष में मजदूरी दर 176 रुपए है जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 14 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

विधानसभा में पत्रकारों के प्रवेश पर रोक

रायपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए अब विधानसभा में पत्रकारों के प्रवेश पर भी रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है। आदेशानुसार यह सूचित किया गया है कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी की गई एडवाइजरी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा की पत्रकार -दीर्घा एवं परिसर में माननीय पत्रकारों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

पुनिया ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर आवास की सफाई की

रायपुर। पूरे देश में लॉकआउट की स्थिति के कारण अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने 34 गुरुद्वारा रकाबगंज रोड स्थित शासकीय निवास की सफाई कर समय का सदुपयोग किया। उल्लेखनीय है कि पीएल पुनिया को झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया था। पीएल पुनिया राज्यसभा चुनाव के मतदान की पूर्व तैयारियों के लिए और विधायकों से संपर्क करने के एआईसीसी द्वारा 100 पर गए दायित्व का निर्वहन करते हुए कल तक रांची में ही थे। कोरोना वायरस महामारी के कारण राज्यसभा चुनाव स्थगित कर दिए गये और कल शाम को पुनिया दिल्ली पंहुचे। आज सुबह पूनिया जी को अपने परिवार के साथ बाराबंकी जाना था । रात 8 बजे देश में घोषित किए गये 21 दिनों के लिए पूरे देश में लगे लॉकडाउन के कारण पुलिना अब सपरिवार दिल्ली में ही रहेंगे।

कोरोनाः आम जनता की सहायता के लिए राजधानी रायपुर सहित सभी जिलों में कंट्रोल रुम स्थापित

कंट्रोल रुम सातों दिन 24 घंटे करेंगे काम, स्वास्थ्य एवं दैनिक जरुरतों संबंधित समस्याओं के लिए कर सकेंगे संपर्क

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के उपायों के तहत राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी 28 जिलों में कंट्रोल रुम स्थापित किए गए हैं। इनके हेल्प लाइन नंबर आम जनता के लिए जारी किए गये हैं। ये सभी कंट्रोल रुम सातों दिन 24 घंटे काम करेंगे। आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत होने पर इन कंट्रोल रुमों के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

ज्ञातव्य है कि कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए पूरे देश में 21 दिनों का लॉक डाउन लागू किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी नागरिकों से लॉक डाउन की बंदिशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए घरों पर ही रहें। सिर्फ अत्यावश्यक कार्यों के लिए ही बाहर निकले। जरुरत होने पर कंट्रोल रुम के फोन नंबर पर संपर्क करें। कोरोना संक्रमण के लिये राज्य स्तर पर हेल्प लाइन नंबर 104 है।

कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने स्वैच्छिक सहायता की अपील

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने में स्वैच्छिक रूप से सहायता की अपील की है। जरूरतमदों की सहायता एवं संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए वॉलेन्टियर करने हेतु संचालक मोहम्मद हाशिम खान, उप (निगरानी एवं मूल्यांकन) 96910-90000 और डॉ. नरेन्द्र सिन्हा, राज्य सलाहकार मोबाइल नम्बर 79873-67089 से मोबाइल नम्बर संपर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री सहायता कोष में मंत्री डहरिया भी देंगे अपने एक माह का वेतन

■ **मंत्रिमंडल के सदस्यों विधायकों सांसदों, जनप्रतिनिधियों , समाज सेवी संस्थाओ एवं समर्थ लोगों को सहायता करने की अपील**

छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन, श्रम मंत्री शिव कुमार डहरिया ने कोरोना वायरस के संक्रमण में रोकथाम और सहायता के लिए अपने एक माह का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोश में जमा करने का निर्णय लिया है। मंत्री डहरिया ने कहा कि देश में कोरोना वायरस के संक्रमण जो महामारी का रूप ले लिया है उनके रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लिए जा रहे निर्णय सराहनीय हैं। प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने मंत्रिमंडल के सदस्यों, विधायकों, स्वयंसेवी संगठनों सहित समर्थ आम नागरिकों को जनहित में सहयोग करने की अपील की है। डॉ. डहरिया ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील का पालन करने लोगों से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण को जड़ से खत्म करने के लिए सामुदायिक दूरी अत्यंत आवश्यक है, इसीलिए सावधानी अपनाते हुए इस महामारी से बचा जा सकता है।

गृह मंत्री भी देंगे एक माह का वेतन

कोरोना वायरस (कोविड-19) नामक महामारी से निपटने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्यमंत्री सहायता कोष में अपना एक माह का वेतन देंगे। श्री साहू ने कहा है कि कोरोना वायरस को रोकने के लिए पूरा देश एक साथ खड़ा है। इस महामारी से निपटने के लिए हमे सामाजिक मोर्चे के साथ साथ आर्थिक मोर्चे पर भी आगे आना होगा। इसलिए मैंने अपने एक महीने का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा है कि मैं आप सभी से बिनम्र अपील करता हूँ, कि आगे आकर यथाशक्ति जरूरतमंदों की मदद करें। मुख्यमंत्री सहायता कोष के भारतीय स्टेट बैंक के खाता नंबर 30198873179, आईएफएससी कोड एसबीआईएन0004286 पर सहयोग राशि जमा करके अपना योगदान दें।

मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपना तीन माह का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में देने की घोषणा की

छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर अपना तीन माह का वेतन कोरोना वायरस की रोकथाम नियंत्रण और इससे प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करने की घोषणा की है।

राज्य महाधिवक्ता सतीशचन्द्र वर्मा ने एक महीने का वेतन राहत कोष को दिया

राज्य महाधिवक्ता सतीशचन्द्र वर्मा ने अपने एक महीने का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दान दिया है। श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आभार व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणा से मैं इस पुनीत कार्य को करने को प्रेरित हुआ।

छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अपना एक दिन का वेतन देंगे

छत्तीसगढ़ शासन के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी कोरोना वायरस के बचाव और जरूरतमंदों की मदद के लिए अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में देंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा इस संबंध में की गई अपील पर सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारियों ने अपना एक दिन का वेतन देने की सहमति दी है। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक श्री अनिल शुक्ला ने अधिकारी कर्मचारियों के निर्णय से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

विभिन्न जिलों के कंट्रोल रुम के हेल्प लाइन नंबर

रायपुर - 100, 07714287199, 9479191099, पुलिस कंट्रोल रुम-101, फायर सर्विस- 112

कोण्डागांव	- 07786242180
जशपुर	- 07763223281
कबीरधाम	- 07741-232609
कांकेर	- 07868-224610, 09165050224
दंतेवाड़ा	- 07856-252412, 9479150879
कोरिया	- 07836232330, 9406045758
कोरबा	- 07759-228548
मुंगेली	- 09111420188
बालोद	- 07749223950, 07828200007
बिलासपुर	- 07752-251000
बीजापुर	- 07853220023
धमतरी	- 07722-238479, 07722-237779
बेमेतरा	- 07824222150
दुर्ग	- 0788-2210773
जांजगीर	- 07817222123
नारायणपुर	- 07781252245, 07587399311
सूरजपुर	- 09111033446, 09301250252
बलौदाबाजार- भाटापारा	- 07727-223697
सरगुजा	- 093402-67340, 089899-36378
गरियाबंद	- 07706-241288, 062671-88110
सुकमा	- 07864284012
राजनांदगांव	- 7000210932
बस्तर	- 0778-223122
रायगढ़	- 07762-223750
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	-9479190097
बलरामपुर-रामानुजगंज	-07831-273012, 07831-273177
महासमुंद	-6267770531

रेलवे 14 अप्रैल तक बंद

■ **आरक्षित, अनारक्षित टिकट काउंटर के साथ ही पार्सल कार्यालय भी बंद**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय रेलवे की प्रीमियम ट्रेनों, मेल / एक्सप्रेस ट्रेनों,अन्य यात्रियों ट्रेनों सहित भारतीय रेलवे की सभी यात्री ट्रेन सेवाओं को 14 अप्रैल, 2020 को 24.00 बजे तक के लिए रद्द कर दी गई हैं। जिसके फलस्वरूप बुकिंग कार्यालय, रिज़र्वेशन, अनारक्षित टिकट काउंटर और पार्सल कार्यालयों से कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के प्रयासों के तहत रेल उपयोगकर्ताओं को दूर रखने के उद्देश्य से 14.04.2020 के 24.00 बजे तक निम्नलिखित सेवा को बंद करने का निर्णय लिया गया है। सभी अनारक्षित टिकट काउंटर (यूटीएस काउंटर), सभी आरक्षण काउंटर(पीआरएस काउंटर), सभी पार्सल / सामान कार्यालय, यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप बुकिंग के को 14.04.2020 के 24.00 बजे बंद कर दिया है। यात्रियों को संवेदनशील होना चाहिए कि उन्हें घबराने की ज़रूरत नहीं है और रिफ ंड नियमों में छूट का उपयोग करें और काउंटर पर आने से बचें। यात्रियों को आईआरसीटीसी वेबसाइट के माध्यम से अग्रिम आरक्षण अवधि में ई-टिकटों की ऑन-लाइन बुकिंग की सुविधा का उपयोग करने का विकल्प है।

विदेश से लौटकर जानकारी छिपाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

■ **स्वास्थ्य सचिव ने डीजीपी को लिखा पत्र**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। विदेश से लौटकर इसकी जानकारी छिपाने वालों की अब खैर नहीं होगी। ऐसी जानकारी छिपाने वालों के खिलाफ सीधे कानूनी कार्यवाही करने के लिए हेल्थ सेक्रेटरी ने राज्य पुलिस प्रमुख को पत्र लिखा है।

सूत्रों ने बताया कि हेल्थ सेकेटरी निहारिका बारिक सिंह ने पिछले एक माह के दौरान विदेश से लौटने की जानकारी छिपाने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा है।

यह लिखा है पत्र में...

स्वास्थ्य सचिव ने पुलिस महानिरीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि नोवल कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग की जानकारी में यह बात आई है कि विदेश प्रवास से लौटने वाले कई लोग बिना कोई सूचना दिए अपने घरों में चले गए हैं। विभाग के पास उनकी कोई जानकारी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने पिछले एक माह के भीतर विदेश से लौटने वाले ऐसे यात्रियों जिन्होंने हेल्पलाइन नंबर 104 के माध्यम से जानकारी नहीं दी है, विदेश यात्रा की बात छुपाने वाले ऐसे लोगों के बारे में यदि किसी अन्य माध्यम से जानकारी मिलती है, तो उनके विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 269, 270 व 188 तथा एपीडेमिक एक्ट, 1897 के सेक्शन 3 की धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस महानिदेशक से अनुरोध किया है।

अस्पताल में भर्ती मरीजों-परिजनों को मिलेगा भोजन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। केंद्र सरकार ने 21 दिन तक पूरे देश में लॉकडाउन करने का निर्देश जारी किया है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसलिए स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने अस्पतालों को भोजन की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता दिखाते हुए सभी सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों के लिए भोजन व्यवस्था करने के संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। स्वास्थ्य सचिव निहारिका बारिक ने आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेखित है कि लॉकडाउन के कारण मरीज के परिजन कहीं भी आना-जाना नहीं कर पा रहे है। जिससे उनके लिए भोजन की व्यवस्था कराई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मरीजों के परिजनों की परेशानियों को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

■ **स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का निर्देश**

■ **स्वास्थ्य सचिव ने जारी किया आदेश**

समर्थन परस्पर दूरी बनाए रखकर ही कोरोना के संक्रमण चक्र को खत्म किया जा सकता है-रामविचार नेताम

प्रधानमंत्री की बात सभी गम्भीरता से लें

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेशवासियों से कोरोना वायरस संक्रमण की चुनौती से निपटने के लिये की गई अपील को गम्भीरता से लेने का विश्वास दिलाया है। भाजपा ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिये प्रदेशवासी 21 दिनों के सम्पूर्ण लॉकडाऊन का पूरे संयम, संकल्प, साहस, धैर्य और अनुशासन के साथ पालन करेंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेण्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की कोरोना संक्रमण की बढ़ती चुनौती पर चिन्ता एक प्रधानमंत्री के नाते कम, हर एक परिवार के अभिभावक के रूप में ज्यादा है। दो माह से इस वैश्विक महामारी से मुकाबला करने के बाद अबतक निकले निष्कर्षों का सार यही है कि सामाजिक अलगाव

(सोशल डिस्टेंसिंग) ही इस बीमारी से हम सबको सुरक्षित कर सकता है और यह अभियान संक्रमण के चक्र को बाधित करने का रामबाण उपाय है। श्री उसेण्डी ने उम्मीद जताई कि प्रदेशवासी प्रधानमंत्री श्री मोदी के भावपूर्ण आह्वान को पूरी गम्भीरता से लेकर 21 दिनों के इस सम्पूर्ण लॉकडाऊन का पालन करते हुए कोरोना महामारी को परास्त करने में अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा घोषित सम्पूर्ण लॉकडाऊन इस बात को रेखांकित करती है कि इस महामारी को लेकर हमारी जरा सी लापरवाही और गलत सोच एक भयावह संकट खड़ा कर सकती है और तब इस महामारी की भयावहता का अनुमान लगाना भी कठिन हो जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी को इस बात का पूरा अनुमान है कि 21 दिनों के इस सम्पूर्ण लॉकडाऊन के चलते अन्य दिक्कतों के साथ-साथ देश को बड़ी आर्थिक कीमत भी चुकानी पड़ेगी, लेकिन भारतीय जनजीवन की सुरक्षा को देखते हुए प्रधानमंत्री का यह कदम बेहद संवेदनशील है। प्रधानमंत्री ने इस बीमारी के प्रसार की प्रकृति की चर्चा करते हुए हमें सावधान किया है कि तीन सप्ताह के इस लॉकडाऊन में हमने जरा भी चूल की तो देश 21 साल पीछे चला जाएगा। डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान को पूरी गम्भीरता से लेने की अपील छत्तीसगढ़वासियों से की है। भाजपा अनुसूचित जनजाति राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राम विचार नेताम ने कहा कि कोरोना संक्रमण की वैश्विक महामारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिन्ता अकारण ही नहीं है। विश्व के कई देशों में तमाम संसाधनों और तकनीकों के बावजूद इस महामारी ने अपना प्रकोप दिखाया है और हजारों-हजार लोगों की मौत हो गई है। ऐसी स्थिति में केवल परस्पर दूरी बनाए रखकर ही इस बीमारी के संक्रमण चक्र को खत्म किया जा सकता है और यही एकमात्र उपाय हमारे लिये यह दिशा तय करेगा कि हम इस बीमारी से जल्द से जल्द भारत को मुक्त करें। श्रीनेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील को ध्यान में रखकर हम सब संयम और अनुशासन के साथ व्यवहार करें। हम इस बीमारी से लोगों की रक्षा करने में जूटे लोगों के लिये भी प्रार्थना करें और अपने समाज के निर्धन लोगों के स्वास्थ्य की चिन्ता भी प्राथमिकता से करें और इस कार्य के लिये निजी क्षेत्र के लोगों को सहायता के लिये आगे आना चाहिए। श्री नेताम ने इस बीमारी को लेकर अफवाहों से बचने की अपील भी की है।

गरीबों-जरूरतमंदों के साथ खड़ी है भूपेश सरकार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। करोना महामारी को लेकर राज्य सरकार के फैसलों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भूपेश बघेल की सरकार संकट की इस घड़ी में गरीबों और जरूरतमंदों के साथ खड़ी है। दो माह अप्रेल और मई का राशन अंत्योदय, प्राथमिकता, दिव्यांग, निराश्रित और अन्नपूर्णा श्रेणी के राशन कार्ड धारकों को छत्तीसगढ़ सरकार निशुल्क देगी।करोना महामारी के परिणाम स्वरूप जनजीवन और कारोबारियों की परेशानी छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा संवेदनशीलता के साथ लिये गये फैसलों से कम होगी।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि करोना के विश्वव्यापी संकट के शुरू होने के बाद देश और विश्व के अनेक हिस्सों में पढ़ने या काम करने गये छत्तीसगढ़ के लोग

वापस आये हैं। यह स्वाभाविक भी है। वापस आये सभी लोगों सहित हम सबका एक दूसरे से दूरी बनाकर घरों से न निकलने से वायरस की रोकथाम में और पहचान में मदद मिलेगी। आगामी 3 सप्ताह करोना के संकट से निपटने में बेहद महत्वपूर्ण हैं। मानव समाज के सामने चुनौती बनकर खड़े करोना वायरस की विश्वव्यापी महामारी को लेकर किये जा रहे सरकारी निर्देशों के कड़ाई से पालन और उपायों पर पूरी गंभीरता बरतने का निवेदन करते हुये श्री त्रिवेदी ने कहा है कि इस संकट की घड़ी का हम सबको साथ खड़ा होकर मुकाबला करना है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा करोना वायरस से निपटने के लिए उठाए गए उपायों से इस वायरस को फैलने से रोकने में मदद मिली है। वायरस का प्रभाव सबसे पहले उन लोगों में पड़ता है जिनकी इम्युनिटी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। बच्चे बूढ़े और बीमार लोग सबसे पहले वायरस के चपेट में आते हैं। छत्तीसगढ़ देश के उन पहले राज्यों में था जिन्होंने सबसे पहले 13 मार्च को स्कूल 31 मार्च तक बंद कर दिए। उस समय बहुत से लोग बच्चे पढ़ा हुआ भूल जाएंगे ऐसे बयान देने में लगे थे। बच्चों का अपने दादा दादी नाना नानी अर्थात परिवार के बड़े बूढ़ों के साथ बहुत स्नेह और संपर्क रहता है। स्कूल बंद करने के फैसले के द्वारा बच्चों में फैलाव को रोकने में सफलता मिली है।

संपादकीय

सीएम की अपील को गंभीरता से लें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश में लॉकडाउन का एलान करते हुए देशवासियों से हाथ जोड़कर अपील की है कि वे तीन सप्ताह तक अपने अपने घरों में रहे। एक सप्ताह के भीतर प्रधानमंत्री को दो बार देशवासियों को संबोधित करना पड़ा है इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरोना वायरस का खतरा कितनी बड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि चीन, अमेरिका, इटली और फ्रांस जैसे विकसित देश कोरोना वायरस के खतरे से निपटने में खुद को असहाय महसूस कर रहे है। ऐसी स्थिति में यदि हम ने कोरोना को भयावह रूप लेने से नहीं रोका तो स्थिति विकट हो जाएगी। यदी हम 21 दिनों तक अपने घरों में रहे तो हम स्थिति का मुकाबला कर सकते है और यदि हमने 21 दिनों के दौरान लॉकडाउन का उल्लंघन किया तो देश 21 साल पिछे चला जाएगा। हमें यह बात समझनी चाहिए कि स्थिति किस कदर खराब हो रही है। कोई भी सरकार किसी भी त्रासदी से तभी निपट सकती है जब इसमें जनता भी सहयोग करें। सहयोग के नाम पर हमे कुछ नहीं करना है सिर्फ अपने घरों में रहना है। यदि हम देश को इस संकट से उबारने के लिए इतना भी नहीं कर सकते तो हमे धिक्कार है। सरकार को जो करना है वह कर रही है। सभी तरह के एहतियाती कदम उठाए गए है। भारत सरकार ने कोरोना वायरस से निपटने के लिए जो कारगर पहल की है उसकी विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहना की है। सरकार की इन कोशिशों का ही नतीजा है कि कोरोना वायरस का कहर भारत पर अपेक्षाकृत कम टूटा है लेकिन कोरोना के खिलाफ असली लड़ाई अब शुरू हो रही है। कोरोना को स्टेज-3 में पहुंचन से रोकना निहायत जरूरी है। यह काम तभी संभव है जब देशवासी स्थिति की गंभीरता को समझे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर 21 दिनों तक अपने घरों में रहे। अपनी जान हथेली पर रखकर जो स्वास्थ्य, सफाई और पुलिसकर्मी घर से बाहर निकल कर हमारी सेवा और सुरक्षा में लगे हुए है उनके साथ सहयोग करें, अपनी नादानियों से उनका काम और न बढाएं। यदि सभी देशवासी मोदी जी की अपील पर अमल करेंगे तो कोरोना के कहर से देश बच सकता है।

विचार

कोरोना से जंग: लॉक डाउन और किल्लतें

आम भारतीय के लिए यह एक अप्रत्याशित स्थिति है, इसलिए वह अपने को इन हालात के लिए तैयार नहीं कर पा रहा है। इससे कई तरह की जटिलताएं पैदा हो गई हैं। सब कुछ बंद होने का अर्थ है मोबिलिटी पर रोक।

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए लगभग पूरे देश को ही लॉकडाउन की स्थिति में लाना पड़ गया है। इस महामारी से लड़ने का यही सबसे मुफीद तरीका है। लेकिन एक आम भारतीय के लिए यह एक अप्रत्याशित स्थिति है, इसलिए वह अपने को इन हालात के लिए तैयार नहीं कर पा रहा है। इससे कई तरह की जटिलताएं पैदा हो गई हैं। सब कुछ बंद होने का अर्थ है मोबिलिटी पर रोक। लेकिन सोमवार को कई शहरों में जबर्दस्त मोबिलिटी देखी गई। संकट से घबराए लोग अपने-अपने मूल स्थानों की ओर लौटने लगे जिससे कई रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों पर अफरातफरी मच गई। कहां तो सबको एक-दूसरे से दूर रहना था, और कहां वे जानवरों की तरह ठुंसे हुए यात्रा कर रहे थे और अपने लिए मुसीबतें मोल रहे थे। दरअसल देश भर में फैक्ट्रियां, दफ्तर, स्कूल-कॉलेज और कोचिंग इंस्टीट्यूट बंद होने के बाद उनके सामने स्वाभाविक रास्ता यही था कि वे अपने गांवों-कस्बों की ओर लौट जाएं। यह यथार्थ अक्सर हमारी समझ से परे चला जाता है कि भारत अभी आंतरिक विस्थापितों का देश है, जहां लोग रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए अपना घर छोड़कर दूर के शहरों में जाते हैं। किसी भी संकट की स्थिति में उनकी स्वाभाविक प्रतिक्रिया अपने मूल स्थान लौटने की होती है। इस बात को समझे बगैर कई फैसले किए गए। जैसे छात्रावास बंद कर दिए गए, जबकि जरूरत ऐसी व्यवस्था करने की थी कि स्टूडेंट्स को बाहर न जाना पड़े। इसी तरह कारखाने और कई सेवाएं बंद कर दी गईं लेकिन यह नहीं सोचा गया कि कामगारों का क्या होगा। संभवतः यह फैसला बिना होमवर्क के किया गया। बहरहाल, इन फैसलों में कोई भी ऐसा नहीं है जिसे बदला न जा सके। किसी भी हाल में आवाजाही रोकने की जरूरत है। जो जहां है, उसे वहीं रोका जाए, जो तभी संभव है, जब लोगों के भरण-पोषण पर कोई आंच न आए। इसके लिए मजदूरों को आश्वस्त करना होगा कि बिना काम किए भी उनकी रोजी-रोटी चलती रहेगी। उन्हें राशन और अन्य जरूरी वस्तुएं उपलब्ध करानी होंगी। एक समस्या यह भी है कि रोजमर्रा की कई चीजों की कीमतें अचानक बढ़ गई हैं और कई वस्तुओं की किल्लत भी हो गई है। यह सरलाई रुकने की वजह से हुआ है। दालें, खाद्य तेल, आटा, आलू, प्याज आदि की कीमतों में तेजी आई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि खुदरा बाजार में आलू के दाम बढ़कर शनिवार, 21 मार्च को 30 रुपये और प्याज के 40 रुपये प्रति किलो हो गए थे, जबकि 17 मार्च को इनके भाव क्रमशः 25 और 30 रुपये प्रति किलो थे। महानगरों के कई इलाकों में लोग पीने के पानी के लिए बोतलों पर आश्रित हैं। सोमवार को दिल्ली-एनसीआर के कुछ क्षेत्रों में पानी की बोतलों की किल्लत रही। लॉकडाउन काफी लंबा भी खिंच सकता है। इसका तमाशा न बनने लगे, इसके लिए प्रशासन को ऐसी तैयारी करनी पड़ेगी कि समाज के किसी भी हिस्से को किसी तरह की दिक्कत न हो।

कोरोना से बचाव के लिए शक्ति जरूरी

डॉ. संजय शुक्ला

> जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, खान-पान और जीवनशैली के प्रति अनदेखी और लापरवाही के चलते ही दुनिया में कोरोना, इबोला, सॉर्स, मॉर्स, जीका वायरस, स्वाईन फ्लू और बर्ड फ्लू जैसी वायरस जनित महामारियां जनस्वास्थ्य के लिए चुनौतियां बन रही हैं। किसी भी रोग के संक्रमण में व्यक्ति के रोग प्रतिरोधक क्षमता की एकमात्र महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आधुनिक तथा पाश्चात्य खान-पान व जीवनशैली ने आज लोगों की रोग प्रतिरक्षा प्रणाली में विपरीत असर डाला है, इसके लिए खुद व्यक्ति ही जिम्मेदार है। आज का युवा पीढ़ी खान-पान और रहन-सहन में सेहत के लिहाज से हर वह आदतें अपना रहा है जो उसके रोगप्रतिरोधक क्षमता प्रणाली को कमजोर कर रहा है। दुष्परिणाम यह हो रहा है कि देश की एक बड़ी युवा आबादी जीवनशैलीगत रोगों जैसे डायबिटीज, हृदयरोग व उच्चरक्तचाप जैसे रोगों का शिकार बन रहा है।

कोरोना अब यह नाम किसी के लिए अनजाना नहीं है, चीन के वुहान शहर के सी-फूड व पशुओं के बाजार से शुरू हुआ कोरोना (कोविड-19) नामक विषाणु (वायरस) जैसे घातक रोग से दुनिया के 186 देश जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानि डब्ल्यू.एच.ओ. ने विश्व में पेंडेमिक यानि वैश्विक महामारी घोषित किया है। अब तक की सबसे बड़ी इस महामारी के सामने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और विश्व समुदाय बेबस नजर आने लगा है। इस संक्रमण ने दुनिया भर के 14,441 लोगों को मौत के नींद सुला दिया है वहीं लगभग 3,37,754 लोग इस वायरस से संक्रमित हैं जबकि 96,958 लोग स्वस्थ भी हुए हैं।

कोरोना के संक्रमण से सबसे ज्यादा मौतें इटली में 5476 लोगों की हुयी है वहीं दूसरे पायदान पर चीन है जहाँ 3261 लोगों की मौत हुई है, इसके अलावा स्पेन, ईरान, अमेरिका और फ्रांस में भी स्थिति चिंताजनक है। बहरहाल अमूमन समूचा विश्व लॉक डाउन की स्थिति में है तथा जन-जीवन थम गया है। भारत में भी इस संक्रमण ने सरकार व नागरिकों के पेशानी पर बल लगा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने संक्रमण की इस चुनौती से निबटने के लिए भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए अब केंद्र और राज्य सरकारों ने सख्ती बरतना आरंभ कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 24 मार्च को देश के नाम अपने संबोधन में आगामी 14 अप्रैल तक देशव्यापी लॉक डाउन की घोषणा कर दी तथा उन्होंने देशवासियों से अपील की है आगामी इक्कीस दिन घर में ही रहें। बेशक कोरोना के भयावह संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री के इस अपील को हर देशवासियों को पूरी तरह से पालन करने की दरकार है क्योंकि कोरोना के कहर से केवल लॉक डाउन ही बचा सकता है।

परंतु कुछ लोगों द्वारा इस रोग की गंभीरता को दरकिनार करते हुए शाम को ''कोरोना वारियर्स'' को धन्यवाद और सम्मान देने के नाम पर अतिउत्साह में थाली, घंटी और पटाखे लेकर सड़कों और चैराहों पर उतर आए निश्चित तौर पर यह कुछ लोगों की गंभीर लापरवाही और अतिउत्साह को प्रदर्शित करता है, ऐसे लोगों के इस गैर जिम्मेदाराना हरकतों से प्रधानमंत्री और सरकार के उद्देश्यों को गहरा धक्का लगा है। बहरहाल भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था तथा बड़ी जनसंख्या वाले देश के लिए कोरोना का संक्रमण पर काबू पाना अहम चुनौती है, क्योंकि यदि यह रोग बेकाबू हुआ तो देष में स्थिति बद से बदतर हो जाएगी जिसका अंदाजा भी लगाना कठिन है। कोरोना के कोहराम के बीच देश को अफवाहों से बचाना होगा तथा इस वायरस के संक्रमण के रोकथाम के लिए विश्व स्वाथ्य संगठन यानि डब्ल्यू.एच.ओ. तथा सरकार द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों (एडवाइजरी) का कड़ाई से पालन करना हर भारतीय का प्रमुख नागरिक कर्तव्य है। देश के सियासी दलों से भी अपेक्षा है कि वे संकट के इस दौर में आपसी आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एकजुटता प्रदर्शित करें। गौरतलब है कि कोरोना वायरस अभी पूरी दुनिया के चिकित्सा विज्ञान के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि चिकित्सा वैज्ञानिकों ने अभी तक इस वायरस का कोई एकमतेन स्त्रोत तय नहीं किया है। दरअसल कोरोना फ्लू कई वायरसों की एक फैमिली है जिसके संक्रमन से जुकाम से लेकर सांस लेने जैसी समस्या पैदा होती है। कोरोना की बढ़ती आपदा के बीच सोशल मीडिया, देश और दुनिया में इस रोग के बारे में अफवाहों व भ्रामक जानकारियों का बाजार सरगर्म है तथा लोगों में भारी बेचैनी और अफरा-तफरी मची हुयी है। कोरोना के दहशत के बीच यह भी जानना जरूरी है कि इस संक्रमण से मरने वालों के आंकड़ें 3.4 फीसदी है यानि 1 हजार मरीजों में 34 लोगों की मौत है जो इबोला और सॉर्स वायरस की तुलना में अत्यंत कम है।

बहरहाल सोशल मीडिया में कोरोना वायरस के बारे में वायरल अनेक भ्रामक जानकारियों और अफवाहों की बानगी कुछ इस प्रकार है जैसे निमोनिया के वैक्सिन से कोरोना का बचाव तथा लहसून से उपचार संभव है, गोबर व गोमूत्र से इस महामारी को रोका जा सकता है, नॉनवेज खाने से इस रोग का वायरस फैलता है, एल्कोहॉल या क्लोरिन के छिड़काव से कोरोना वायरस को नियंत्रित किया जा सकता है, शराब और धूम्रपान के सेवन से कोरोना से बचाव और उपचार संभव है, चीन से आने वाली पैकेटों में कोरोना के वायरस का खतरा है, इसका वायरस गर्म मौसम में खत्म हो सकते हैं इत्यादि-इत्यादि। बहरहाल ये सभी जानकारियां भ्रामक है इसलिए कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए सावधानी और जागरूकता अत्यावश्यक है।

बहरहाल जनसामान्य को इस रोग के लक्षण और बचाव के संबंध में सचेत व जागरूक होने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानि डब्ल्यू.एच.ओ. एवं भारत सरकार ने इस रोग से बचाव के संबंध में मेडिकल एडवाइजरी जारी किया है जिसका पालन करना आवश्यक है। कोरोना वायरस की शुरूआत अचानक होती है तथा यह 1 से 14 दिनों में पनपता है। इसमें प्रमुख रूप से बुखार, सुखी खांसी, जुकाम, मांस-पेशियों में दर्द, थकान तथा कुछ मामलों में सिर दर्द, खून की खांसी, दस्त जैसे लक्षण मिलते हैं। इस रोग के जटिल होने पर तीव्र निमोनिया, सांस की तकलीफ, सेप्टिक शॉक, मल्टी ऑर्गन फैल्योर (कई अंगों का खराब होना) जैसे लक्षण मिलते हैं फलस्वरूप संक्रमित व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इस रोग से पीड़ित सामान्य रोगी 2 सप्ताह तथा जटिल रोगी 2 से 6 सप्ताह में स्वस्थ हो जाते हैं। गौरतलब है कि कोरोना से बाचाव के लिए अब तक कोई वैक्सिन (टीका) या एंटीवायरल दवा बाजार में उपलब्ध नहीं है इसलिए इस बीमारी से संक्रमित व्यक्ति को तुरंत उपचार व परिजनों को सावधानी की जरूरत है।

दरअसल कोरोना वायरस का संक्रमण मरीज के खाँसने व छिकनें के साथ निकलने वाले द्रव बूंदों से होता है इसलिए रोगी के निकट संपर्क में आने से बचना चाहिए, रोगी के देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मी और रिश्तेदार को एन-95 मॉस्क पहनना चाहिए, मॉस्क पहनने के पहले हॉथ को साबुन या सेनेटाइजर से साफकरना चाहिए। मॉस्क को बार-बार न छूऐं, एक बार इस्तेमाल किये हुए मॉस्क को दुबारा न पहने तथा इसे उतारने के बाद नस्ट कर दें। बाजार में एन-95 की आपूर्ति एवं कालाबाजारी के दृष्टिगत रखते हुए डब्ल्यू.एच.ओ. ने लोगों से अपील की है कि गैर संक्रमित व्यक्ति यह मॉस्क न खरीदें ताकि बाजार में इसकी कमी न हो और कोरोना रोगी, रोगी के देखभाल करने वाले चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को यह उपलब्ध हो सके।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार गैर संक्रमित व्यक्ति को संक्रमण से बचाव के लिए मॉस्क पहनने की जरूरत नहीं है। किसी व्यक्ति को जुकाम, खाँसी है तो बातचीत करते समय स्वस्थ व्यक्ति को कम से कम 1 मीटर की दूरी रखना आवश्यक है, खाँसते या छिंकते समय मुँह और नाक में रूमाल या कपड़ा रखें, अपने हाँथों से आँख, नाक व मुँह को बार-बार न छूवें, व्यायाम एवं पर्याप्त नींद लें, भोजन के पहले अल्कोहलयुक्त सेनेटाइजर से हाँथ को कम से कम 20 सेकण्ड तक धोएं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बरकरार रखने और बढ़ाने वाले पोषक शाकाहारी खाद्य वस्तुएं और फ्ल खाएं, शराब व धूम्रपान से दूर रहें। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा आयुष मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में यह स्पष्ट कहा गया है कि इस रोग के बचाव के लिए सर्तकता और स्वच्छता अत्यावश्यक है। इन मंत्रालयों द्वारा जारी एडवाइजरी में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बरकरार रखने व बढ़ाने के लिए एंटीऑक्सीडेंट दवाओं, आयुर्वेदिक दवाओं जैसे संशमनी बटी, अगस्त्य हरीतकी, आयुष-64 एवं होम्योपैथी दवा ऑर्सेनिक एल्बम-30 का उपयोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह में प्रयोग करने का निर्देश दिया है। दरअसल दुनिया में पैदा हो रहे नीत नये विषाणु जनित रोगों के कारणों पर नजर डालें तो इसके लिए मानव समाज ही जिम्मेदार है। *(लेखक, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर में सहायक प्राध्यापक हैं।)*

लॉक डाउन की प्रयोज्यता एवं प्रयोजन

रामेश्वर मिश्रा

> कोरोना वायरस की गंभीरता हम इस तथ्य से समझ सकते हैं कि आज अमेरिका, रूस, चीन, इटली, ईरान जैसे देश इस वायरस से उत्पन्न वैश्विक महामारी से अपने नागरिकों की रक्षा करने में असमर्थ हैं। भारत अभी जिस स्टेज पर है उसे लॉक डाउन के माध्यम से नियंत्रित कर सकता है लेकिन यदि हम सब इसकी गंभीरता को नजर अंदाज करते रहे तो हमें भी अन्य देशों की भांति लाचार लेकर आंकड़े गिनने पड़ेंगे। लॉक डाउन इस वायरस का कोई उपचार नहीं है लेकिन लॉक डाउन के माध्यम से हम इस भयंकर महामारी को नियंत्रित कर सकते हैं जो वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

वर्तमान समय में लॉक डाउन का प्रसंग कोविड-19 जो एक प्रकार का कोरोना वायरस है के चलते फैली वैश्विक महामारी को देखते हुए बहुत ही मत्वपूर्ण है। लॉक डाउन हमारे जीवन को सुरक्षित करने एवं सम्मूर्ण समाज को सुरक्षित करने का सरल माध्यम है। लॉक डाउन क्या है और वर्तमान समय में इसकी प्रयोज्यता एवं प्रयोजन क्या है जैसे अनेक विचार प्रतिस्फुटित होना स्वाभाविक है। सीधे शब्दों में लॉकडाउन का अर्थ है तालाबंदी। जिस तरह किसी संस्थान या फैक्ट्री को बंद किया जाता है और वहां तालाबंदी हो जाती है उसी तरह लॉक डाउन का अर्थ है कि आप अनावश्यक कार्य के लिए घर से बाहर सड़कों पर ना निकलें। दुनिया में सबसे पहला लॉक डाउन अमेरिका में 9/11 हमले के बाद किया गया था, यह एक एमरजेंसी व्यवस्था है। कोरोना वायरस के चलते लॉक डाउन के सही समय पर और सफल कार्यान्वन के आभाव में पश्चिमी देशों का जो वीभत्स रूप दिखा वह काफी डरावना रहा है और पूरा विश्व आज इस समस्या के प्रति विवस है क्योंकि कोरोना वायरस की अभी तक कोई वैक्सीन सामने नही आई है। ऐसे में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा लॉक डाउन से पहले जनता कर्फ्यू का आवाहन भारतीय जनमानस के लिए भारतीय जनमानस द्वारा किया गया सफ्लतम सहयोग था। 22 मार्च की वीरान सड़कें, बाजार, रेलवे स्टेशन और हर स्थानों पर पसरा सन्नाटा देखकर यह विश्वास हो गया था कि हम अपने नैतिक दायित्वों के प्रति कितने सजग हैं तथा अपने परिवार की सुरक्षा के साथ-साथ समाज की सुरक्षा के प्रति कितने दृढ संकल्प हैं लेकिन उसी दिन शाम को 05 बजकर 05 मिनट पर कर्मवीर योद्धाओं डॉक्टर, प्रशासन, सफाई कर्मियों, सैनिकों और मीडिया साथियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करने के दौरान कई स्थानों पर लोगों के समूह सड़कों पर उतर आए और एक दूसरे से गले मिलने लगे जिससे कई स्थानों पर यह एक जूलूस का रूप हो गया। पीलीभीत के डीएम वैभव श्रीवास्त और एसपी अभिषेक दीक्षित खुद भीड़ का नेतृत्व करते दिखे। इन सब घटनाओं का तथ्यात्मक अवलोकन करने पर स्पष्ट होता है कि हम अभी भी लॉक डाउन की उपयोगिता और गंभीरता को नही समझ रहे हैं न ही वैश्विक महामारी के प्रति सचेत हैं। इन सब कार्यों और हमारे व्यवहारों से 23 मार्च को गुलजार सड़कें, बाजारों में बढ़ी हुई भीड़ ने यह प्रदर्शित कर दिया कि हम न तो इस समस्या के प्रति गंभीर हैं और न ही अपने प्रधानमंत्री जी के सम्मान के प्रति, न ही इस समस्या से लड़ने वाले कर्मवीरों के प्रति। उन कर्तव्यनिष्ठ सेवकों के लगातार निवेदन और मार्गदर्शन के बाद भी हम अपने वर्ताव से संक्रमण के प्रति लापरवाह बने हुए हैं, जहाँ डॉक्टर नरेश तेहान, डॉक्टर राजेश पारिख जैसे कई चिकित्साविदों द्वारा मीडिया के माध्यम से यह सलाह दी जा रही है कि प्रत्येक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से लगभग 2 फीट की दूरी बनाकर रखे जिसको नजर अंदाज करते हुए कहीं कहीं तो 2 फीट की ही जगह में ही एक साथ 10 से 12 लोग यात्रा करते देखे गए। यही हाल सब्जी बाजारों का भी रहा जहाँ भारी संख्या में लोग भीड़ का हिस्सा बनकर खरीदारी करते रहे। इन सब कार्यों से आहत होकर प्रधानमंत्री जी ने पुनः देश की जनता से ट्वीट के माध्यम से अपील की कि ÷आप अपने परिवार की एवं अपनी सुरक्षा स्वयं करें तथा कुछ लोग अभी भी लॉक डाउन की गंभीरता को नही समझ रहे हैं। यदि आप को लगता है कि आप को कुछ नही होगा और आप यूं ही घूमते-फिरते रहेंगे तो यह आपकी भूल है, कोई भी इस वायरस से संक्रमित हो सकता है तथा राज्य सरकारें नियमों और निर्देशों का कड़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करें÷। यह हमारी लापरवाही का ही फल है कि पूरे देश को पूर्णतया लॉक डाउन कर दिया गया जो एक तरह से कर्फ्यू ही है। कई राज्यों ने अपनी सीमाएं सील कर ली और इसके साथ ही साथ कई राज्यों में धारा 144 लागू कर दिया गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

देश की जनता का

देश की जनता का मनोबल बढ़ाने का वक्त हैनेगेटिव सोच के साथ कुछ भी मत लिखिय सरकार के निर्देशों का पालन कीजिये, दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कीजिये। आलोचनाओं के लिए दूसरे मौके भी आएँगे...अभी एकजुट हो कर इस संकट का मुकाबला करना है। हम साथ साथ हैं।

- ममता लड़ीवाल

नव-दुल्हिन कस

नव-दुल्हिन कस सज-संवर के नवा-बछर जब आथे जिनगी ल रसदार करे बर, नव-रस ल बर साथे ..... दुडग़ा पेंड़ म जइसे बरसा, लाथे उल्हवा-केवची पान इही किसम के नवा-किरन जिनगी म लाथे नवा-बिहान तब करू-कस्सा ह बिसराथे, अउ गुरतुर सबो जनाथे... नवा-बछर जब आथे.....

- कवि सुशील भोले

ख़ास पाती | है मुसीबत की घड़ी खुद को

है मुसीबत की घड़ी खुद को बचा के रखिये । फ़सला दरमियाँ भी अपने बढ़ा के रखिये । ज़िंदगी चाहते हैं आप सलामत अपनी , ठौर अब अपना फ़क़त घर मे बना के रखिये । आई आफ़्त भी चली जायेगी ये कुछ दिन में , एक उम्मीद का दीपक भी जला के रखिये । जान जोखिम में लिये जो हैं मुहिम में शामिल , उनके सदक़े में भी कुछ लफ़्ज़ दुआ के रखिये । चार सू मौत का सन्नाटा ही पसरा है प्रखर , डर भी वाज़िब है अगर खुद को डरा के रखिये ।

- राजेश प्रखर

मेडिसिन,सेनिटाइजर बनाने वाली कंपनियो

मेडिसिन,सेनिटाइजर बनाने वाली दवाई कम्पनियों में कार्यरत लोगों को कोई शौक नही होता अपनी जान जोखिम में डालकर कार्यक्षेत्र में पहुंचने का, इन हालातों में वो सिर्फ हम सबके लिए वहाँ जाते हैं ताकि इस कोरोना नामक महामारी से हमें छुटकारा मिल सके.. सोचिये अगर दवाई कम्पनी दवा दुकाने भी बंद हो जाए फिर....इसलिए जिन्हें घर बैठकर अपनी जान बचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है वे कृपया घर ही बैठे उन लोगों के लिए मुसीबत को और न बढ़ाये। **- निभा चौधरी**

इतिहास गवाह है कि जब जब



इतिहास गवाह है कि जब जब लक्ष्मण रेखा पार हुई,तब तब विनाश हुआ है। त्रेतायुग में सीता जी ने लक्ष्मण रेखा पार की थी और रावण अपनी लंका में ले गया। आप के घर के बाहर कोरोना रूपी रावण घात लगाए बैठा हो सकता है और आप के पास राम नही जो रावण को मार दे। तो मोदी जी की बताई लक्ष्मण रेखा को पार न करें।कृपया घर मे सुरक्षित रहे और आपदा को बढ़ने से बचाये।। **- संध्या चतुर्वेदी**

कोरोना के अड़बड़ रोना

कोरोना के अड़बड़ रोना घेरी बेरी हाथ के धोना घेरी बेरी धोवई में हाथ के पतराना अउ सेटराना बइठे बइठे गोड़ के मोटाना । कोरोना का नहीं होगा रोना मौका मिले ,करो ÷हाथ की सफाई 'पंजा मिलन' से बनाओ दूरी भाई ,हाथ जोड़ करो नमस्कार कोरोना को लगाओ फटकार । **- वर्षा ठाकुर**

मुसीबत है बड़ी नादां बिना सोचे चली आई

मुसीबत है बड़ी नादां, बिना सोचे चली आई, भले पर्वत बनी फिरती, चलो मानें उसे राई। हराना है उसे सुन लो, दहाड़ो शेर जैसे तुम, हमारी जीत निश्चित है, बढ़ाओ हौसला भाई।

- राजकुमार धर द्विवेदी

कोरोना से डर कर बचना है

कोरोना से डर कर रह बचना है तो घर पर रह बीवी जो भी कहती जाए चुप रहकर बस सुनता रह खतरनाक हो भले सभी से बदनामी से बचता रह घर से बढ़िया नहीं जगह कोई कर आराम और चरता रह बच्चों के सँग खेल भले ही बाहर सबसे बचकर रह।

- जे डी कुदाल

सन्नाटा ही सन्नाटा पसरा है चारो ओर

सन्नाटा ही सन्नाटा पसरा है चारो ओर ।। खौफ ही खौफ दिख रहा है चारो ओर।। अदृश्य दुश्मन लाया है मौत का पैगाम रोको खुद को क्युकि ये फैला है चारो ओर।।

- वंदना भट्टनागर

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) संसद में प्रथम लोकपाल बिल कब पेश किया गया?

(क) 1971 (ख) 1967 (ग) 1968 (घ) 1972

2) गर्म हवा के गुब्बारे का आविष्कार किसने किया? (मोण्टगोलिफियर भाइयों / वाल्टन भाइयों)

3) ..... वृहत हिमालय में स्थित एक ठण्डा रेगिस्तान है।

4) वैज्ञानिकों ने किस ग्रह पर 24000 किमी आर-पार और 12000 किमी चौड़ा दूसरा 'ग्रेट स्पॉट' पाया है?

5) श्री चैतन्य महाप्रभु के जीवन और समय को समर्पित दुनिया के पहले संग्रालय का उद्घाटन कहाँ किया गया?

उत्तरमाला- (1) 1971 (2) मोण्टगोल्फियर भाइयों (3) सहारा (4) वृहस्पति (5) कोलकाता

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1552 - गुरू अमरदास सिखों के तीसरे गुरू बने। 1770 - अंग्रेजी एक्सप्लोरर कप्तान जेम्स कुक और एचएमएस एंडेवर उनके चालक दल ने न्यूजीलैंड के सर्वकनीव्यूजिंग को पूरा किया। 1780 - ब्रिटेन के अखबार ब्रिट गैजेट और संडे मॉनीटर पहली बार रविवार के दिन प्रकाशित हुए। 1812 - वेनेजुएला के सबसे बड़े शहर कराकास में जबरदस्त भूकंप की वजह से शहर का 90 प्रतिशत हिस्सा ध्वस्त हो गया और करीब 20 हजार लोगों की मौत हो गयी। 1830 - मॉर्मन की पुस्तक, पाल्मारा, न्यूयॉर्क में प्रकाशित की गई। 1845 - एडोसिव मेडिकेटेड प्लास्टर को पेटेंट प्रदान किया गया। 1904 - 80,000 प्रदर्शनकारियों ने लन्दन के हाइड पार्क में चीनी श्रमिकों के आयात के विरोध में प्रदर्शन किया।

जिले में एक भी कोरोना संक्रमित नहीं, फिर भी ओपीडी में रोज पहुंच रहे 260 मरीज

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जिले के लिए राहत भरी खबर है। जिले में अबतक एक भी कोरोना संक्रमित मरीज नहीं पाए गए हैं। जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए विदेश व अन्य प्रांतों से आये नागरिकों को चिहांकित कर कोरोना वायरस के संक्रमण की जांच की जा रही है।

वर्तमान में विदेश एवं अन्य प्रांतों से जिले में 544 यात्रियों के आने की जानकारी प्राप्त हुई है। इनमें से 245 नागरिकों 14 दिवस की अनिवार्य अवधि के लिए होम आइसोलेशन में है तथा वे नियमित अपनी जानकारी दे रहे है। वहीं वर्तमान में 2 घरों को होम आइसोलेशन क्वारन्टीन में हैं। जहां किसी भी व्यक्ति के उस घर पर आने जाने पर मनाही है। कोरोना

वायरस के लक्षण की जांच के लिए 21 लोगों के सैंपल जांच के लिए रायपुर एम्स स्थित लैब भेजे गए। इनमें से 11 की रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई है और 10 लोगों की रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। अच्छी खबर है कि जिले में कोई भी कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं है। एक भी रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं मिला है। स्वास्थ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सैंपल की जांच में 8 से 10 दिनों का समय लगता है। यह जांच शासकीय अस्पताल में फ्री में तथा हो चुकी है एवं पांच नागरिकों की रिपोर्ट आगामी 12 घंटों में प्राप्त हो जाएगी।

आमजनों से अपील- बिलासपुर जिले के लिए अच्छी खबर है कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण से ग्रस्त किसी भी व्यक्ति नहीं है। लेकिन सावधानी जरूरी है। वहीं सिम्स की समस्त ओपीडी बन्द कर दिया गया है लेकिन कोरोना ओपीडी में रोजाना 250 से अधिक मरीज जांच कराने पहुँच रहे हैं । इनमे से अधिकतर सर्दी जुकाम से ग्रस्त है , इस दौरान यदि कोई व्यक्ति विदेश यात्रा से वापस आया है अथवा कोई व्यक्ति ऐसे यात्री के संपर्क में रहे हैं तो उनके लिए 14 दिवस का होम आइसोलेशन क्वारन्टीन अनिवार्य है।

■ न्यूज गैलरी

महाधिवक्ता ने एक माह का वेतन सीएम राहत कोष में दिया

बिलासपुर । महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा ने वैश्विक महामारी कोविड 19 के संकट से निपटने के लिए 1 माह का वेतन सीएम राहत कोष में दिया है। उन्होंने इस संबंध में सीएम को पत्र लिखा है। संकट की घड़ी में उन्होंने ऐसा करना अपना कर्तव्य बताया है।

जिले में दुकानों एवं संस्थानों के खुलने का समय निर्धारित

बिलासपुर । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर डॉ.संजय अलंग के आदेशानुसार बिलासपुर जिले के संपूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के फलस्वरूप जिले में दुकानों और संस्थानों के खुलने का समय निर्धारित किया गया है। संशोधित आदेशानुसार सभी मंडियां, दुकान व ठेले (सब्जी, फल, अनाज, चिकन, मटन, मछली) सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुलेंगी। गैस एजेंसी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक, बैंकिंग सेवाएं (जिसमें एक समय में 5 से अधिक व्यक्ति एकत्र नहीं होंगे), दोपहर 3 बजे तक डेलीनीड्स, किराना एवं मोबाईल रिचार्ज दुकानें सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक और मिल्क पार्लर सुबह 7 बजे से सुबह 10 बजे तक और शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक खुलेंगी। यह आदेश संपूर्ण जिले के सीमा क्षेत्र में तत्काल प्रभावशील है और 31 मार्च रात 12 बजे तक या आगामी आदेश पर्यंत जो भी पहले हो प्रभावशील होगा।

लॉक डाउन के कारण पटना में फंसे डॉ अभिराम

बिलासपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने और इस राष्ट्रीय जानलेवा आपदा को समाप्त करने के लिए पूरे देश में लॉक डाउन के साथ ही बस, रेल और वायु सेवा पूरी तरह ठप कर दी गई है। इसके कारण बहुत से ऐसे लोग जो अपने घरों से किन्ही कारणों से दूसरे प्रदेशों अथवा शहरो में गए हुए थे।वे वहीं फंस कर रह गए हैं। बिलासपुर शहर के दयालबंद निवासी डॉ अभिराम शर्मा भी ऐसे ही लोगों में शुमार हो गए हैं। अपनी पत्नी के साथ तीर्थ यात्रा करने निकले डॉ अभिराम शर्मा प्रयागराज बनारस, अयोध्या, व बाबा धाम होते हुए पटना पहुंचे ही थे कि, पूरे देश में कोरोना वायरस के चलते लॉक डाउन घोषित हो गया। पूर्व निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के अनुसार डॉ अभिराम शर्मा को कल पटना से निकलकर आज बिलासपुर पहुंचना था। लेकिन बिहार में भी 4 दिन पहले से चल रहे लॉक डाउन और कल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में कफर्यू नुमा लॉक डाउन की घोषणा और ट्रेनों, बसों तथा हवाई सेवाओं पर लगी पाबंदी के कारण वे पटना में ही फंसे हुए हैं।

पुलिस द्वारा एक अभियान सेल्फी विथ क्वारंटाइन की शुरुआत

बिलासपुर । कोरोना वायरस के कम्युनिटी संक्रमण को रोकने हेतु शासन प्रशासन और पुलिस के द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिला पुलिस बिलासपुर के द्वारा आम जनता को अधिक से अधिक समय अपने परिवार के साथ व्यतीत करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है । बिलासपुर पुलिस की आम जनता से अपील है कि आगामी सप्ता अपने घर मे अपने परिवार के साथ समय बिताएं । इसी तारतम्य में बिलासपुर पुलिस द्वारा एक अभियान सेल्फी विथ क्वारंटाइन की शुरुवात की गई है। इसका उद्देश्य बिलासपुर की जनता के सहयोग को पहचान दिलाना है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति अपने परिवार के साथ बिताए गए समय की फ़ोटो सेल्फी लेकर बिलासपुर पुलिस के ऑफिसियल फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर में टैग कर सेल्फी विथ क्वा रण्टाइन लिखकर अपलोड कर सकते हैं या बिलासपुर पुलिस के ऑफिसियल वाट्सअप नंबर 9479264100 पर भेज सकते हैं। दिन की बेस्ट सेल्फी को हमारे ऑफिसियल सोशल मीडिया एकाउंट पर चयन किया जाएगा तथा उचित समय पर पुरस्कृत किया जाएगा । आम जनता अपने परिवार के साथ किये गए सकारात्मक गतिविधियों को भी स्टोरी के रूप में हमसे साझा कर सकते हैं ।इस अभियान के तारतम्य में कोरोना से संबंधित क्विज़ प्रतियोगिता भी सोशल मीडिया एकाउंट में आयोजित की जाएगी।इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपने परिवार के साथ स्वेच्छा प्रोत्साहित करना है ताकि कोरोना वायरस के कम्युनिटी संक्रमण को रोका जा सके। इस अभियान में धिति वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा बिलासपुर पुलिस को सहयोग प्रदान किया जा रहा है।इस अभियान के तहत हमारा प्रयास है कि कोरोना के खिलाफ हमारी जंग को सार्थक और सफल बना सकें तथा लोग भी अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत करें तथा सेल्फी के माध्यम के औरों को भी मोटीवेट करें।

कलेक्टर ने टेक होम राशन वितरण के संबंध में ली जानकारी

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी द्वारा भदौरा गांव में टेक होम राशन के वितरण के विषय मे जानकारी ली गई। भदौरा ग्राम में निवास करने वाली पुनम और उसके परिवार को टेक होम राशन दिया गया। कलेक्टर ने परिवार के सभी सदस्यों को हाथ धोने और व्यक्तिगत तथा सामुदायिक स्वच्छता के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

अस्पताल से डिस्चार्ज मरीजों और परिजनों को पुलिस कर रही मदद

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। अस्पताल से डायलिसी करा कर निकला मरीज अपने घर जाने तलाश कर रहा था, सूचना के बाद आईजी ने वाहन की व्यवस्था कर उसे घर भेजा कोरोना से बचाव के लिए पूरे देश आपदा की स्थिति बनी हुई, ऐसे में इस महामारी से बिलासपुर भी अछूता नहीं रह गया है। लेकिन इस विषम परिस्थिति में पुलिस ने जिस सूझ बूझ का परिचय दिया है उसे लम्बे समय तक लोग याद रखेंगे। पुलिस एक साथ व्यवस्था से लेकर सुरक्षा की जिम्मेदारियों को तनाव के बीच शांति के साथ अंजाम दे रही है। ऐसा एक मामला आज सामने आया। रेंज

महानिरीक्षक को जब जानकारी मिली कि डायलिसिस के बाद एक मरीज तखतपुर स्थित घर जाने के लिए वाहन तलाश रहा है। लेकिन कहीं से कोई मदद नहीं मिल रही है। जानकारी मिलते ही आईजी दीपांशु काबरा ने सिविल लाइन थाने को निर्देश दिया। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस के वाहन से मरीज के साथ उसकी पत्नी और बच्चों को तखतपुर के लिए रवाना किया। दोपहर में पुलिस रेंज प्रमुख दीपांशु काबरा को जानकारी मिली कि डायलिसिस के बाद एक परिवार मरीज के साथ मुंगेली नाका में घर जाने के लिए वाहन तलाश रहा है। करीब घंटे भर बाद भी उसे तखतपुर के लिए कोई वाहन की सुविधा नहीं मिल रही है। मामले की जानकारी जैसे ही दीपांशु काबरा को मिली । उन्होने तत्काल सिविल लाइन थाना प्रभारी को पीड़ित परिवार की मदद के लिए भेजा।

मामले में थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि आईजी के निर्देश पर तत्काल अमले को मुंगेली नाका भेजा गया। मरीज ने बताया कि वह डायलिसिस के बाद घर के लिए निकला। साथ में उसकी पत्नी और बच्चा भी है। साधन नहीं मिलने से वह परेशान है। थाना प्रभारी के अनुसार तत्काल सिविल लाइन थाने से एक गाड़ी की व्यवस्था कर मरीज समेत उसके परिवार के सभी सदस्यों को तखतपुर स्थित घर के लिए रवाना किया गया।

होम आइसोलेशन की हिदायत नहीं मानने पर प्रशासन ने किया एफआईआर

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी के दिशानिर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में असहयोग करने और होम आइसोलेशन की हिदायत न मानने पर एफआई आर दर्ज कराया गया है। ग्राम भदौरा निवासी अनु राठौर 2 दिन पहले मुंबई से आया था। यहां आगमन होते ही उससे संपर्क कर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए हॉस्पिटल बुलाया गया। हॉस्पिटल ना आने पर प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा उसको घर से अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में कोई लक्षण नहीं पाया गया। परन्तु जिले में पहुंचने के बाद होम आइसोलेशन संबंधी हिदायत को न मानने के कारण जिला प्रशासन के द्वारा उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता धारा 188 के तहत् एफआईआर दर्ज कराया गया है।

गुजरात में फंसे 150 मजदूरों की उचित व्यवस्था करें : विधायक

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । बिल्हा क्षेत्र के 150 मजदूर गुजरात मे फंसे,विधायक धरमलाल कौशिक ने भट्ठा संचालक से बात कर मजदूरों की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं

बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कया, बुंदेला और छतौना के 150 मजदूर गुजरात के आनंद जिले के ग्राम नगरी मलातज में फंसे हुए है और वापसी की गुहार अपने क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक से फोन कर आज सुबह लगाई है।जिस पर विधायक महोदय ने ततपरता दिखाते हुए फंसे मजदूरों की बेहतरी के लिए ईंट भट्ठा के संचालक अशोक प्रजापति से फोन पर बात कर उनके खाने पीने की व्यवस्था करने निर्देश दिया है मजदूरों को किसी प्रकार तकलीफ नही इसकी हिदायत भी दी है। उक्ताशय की जानकारी स्वयं धरमलाल कौशिक ने वायरलेस न्यूज के संपादक अमित मिश्रा को मोबाइल कर पर दी । आज सुबह गुजरात से मजदूरो के सरदार ग्राम कया निवासी अनुज लोनिया ने मोबाइल से सम्पर्क कर फंसे मजदूरों के बारे में अवगत कराई तब इस पर प्रतिपक्ष के नेता धरमलाल कौशिक से उनकी बात कराई, श्री कौशिक ने ततपरता दिखाते हुए उनकी यथासम्भव वापसी के कार्य मे जुट गए है। लेकिन चूंकि बस ट्रेन बंद होने के चलते सम्भवना कम है, श्री कौशिक ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जनता से अपील किया है कि जो जहां है वहीं रहे, इसी को देखते हुए उनकी उचित व्यवस्था करने को कहा है और उनसे लगातार संपर्क में रहने की बात की है। मजदूर अनुज ने विधायक धरमलाल कौशिक को बताया गुजरात के आनंद स्टेशन से 11 कि. मी. दूर ग्राम नगरी मलातज के बी.के. नामक ईंटा भट्ठा में बिल्हा क्षेत्र के ग्राम कया, बुंदेला और हाईकोर्ट के पीछे ग्राम छतौना के लगभग 150 मजदूर फंसे हुए है। और हम लोगों के पास राशन पानी सब खत्म हो गया है। वापस घर आना चाहते है। अनुज लोनिया ने बताया किविधायक धरमलाल कौशिक जी हम लोगों से लगातार संपर्क बनाए हुए है।

मास्क वितरण के साथ बतायी गई कोरोना वायरस की सावधानी

बिलासपुर । अखबार अभिकर्ता संघ कार्यकर्ताओं को आज 25 अखबार वितरण पूर्व मास्क वितरित किया गया । जिसके चलते अभिकर्ता कार्यकर्ता कोरोना वायरस से सेव व सुरक्षित रहें । तथा आमजन तक अपने दायित्व निर्वहन करते हुए । अखबारों का वितरण नियमित रखें हुए हैं ।

कोरोना वायरस से बचाव को ध्यान में रखते हुए नगर विधायक शैलेश पांडे ने कुशल क्षेम पूछते हुए मास्क वितरण की व्यवस्था उपलब्ध कराई ।

ज्ञात हो कि मीडिया एवं अखबार को कोरोना के लॉक डाउन से बाहर रखा गया है ।अतः उन कार्यकर्ताओं की सुरक्षित वितरण व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी नगर प्रशासन की दायित्व है । उक्त अवसर पर अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष पवन सोनी, भुवन वर्मा, पितांबर सहित अनेक अभिकर्ता सदस्यों की उपस्थिति रही । कार्यकर्ताओं को जिन्हें मास्क देकर अखबार वितरण हेतु रवाना किया गया ।

जिले के सीमा क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों पर रोक

■ **जिले की सीमाएं सील, बाहरी लोगों का आवागमन प्रतिबंधित**

बिलासपुर । बिलासपुर जिले के सीमा क्षेत्र में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिये जिला दण्डाधिकारी डॉ.संजय अलंग द्वारा 31 मार्च रात 12 बजे तक संपूर्ण जिले को लॉकडाउन किया गया है। इस अवधि में विभिन्न गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है।

आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं के आवागमन को छोड़कर जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है। किसी भी माध्यम से जिले में बाहरी लोगों के आवागमन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। अंतर जिला बस का परिवहन भी बंद रहेगा। जिले में निवासरत नागरिकों को भी जिले की सीमा से बाहर जाने पर प्रतिबंधित किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को अपरिहार्य स्थिति में जिले से बाहर जाना आवश्यक हो या बाहर से जिले में प्रवेष करना आवश्यक हो तो संबंधित थाना क्षेत्र से निर्धारित फार्मेट में आवेदन जमा करने पर अनुमति दी जायेगी।

जारी आदेशानुसार जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अर्धषासकीय कार्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। सभी पदाधिकारी तथा कर्मी अपने घर से सरकारी कार्यों का निष्पादन करेंगे परंतु वे मुख्यालय से बाहर नहीं जायेंगे। जिले में सभी सार्वजनिक परिवहन सेवाएं जिसमें निजी बसें, टैक्सी, ऑटो रिक्षा, ई-रिक्शा आदि शामिल है, इनके प्रचलन को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। केवल इमरजेंसी मेडिकल सेवा वाले व्यक्तियों को वाहन द्वारा आवागमन की अनुमति रहेगी। आवश्यक वस्तु, सेवाओं के उत्पादन एवं उनके परिवहन करने वाले निजी वाहन को तात्कालिक आवष्यकताओं को देखते हुए छूट रहेगी।

सभी दुकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, कार्यालय, कारखानें, गोदाम, साप्ताहिक हॉट बाजार आदि बंद रहेंगी। जिले में स्थित औद्योगिक/व्यापारिक संस्थान जो दवाईयों के उत्पादन एवं निर्माण से संबंधित है तथा खाद्य एवं खाद्य से संबंधित पदार्थो, डेयरी यूनिट आदि से संबंधित हैं, उन्हें इस प्रतिबंध से छूट रहेगी। जिन संस्थानों को छूट प्रदान की गई है, वे न्यूनतम अनिवार्य आवष्यकता तक ही कर्मचारी, अधिकारियों का उपयोग करेंगे। इन इकाईयों के प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के सामूहिक आवागमन हेतु वाहन व्यवस्था किसी भी स्थिति में उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। सभी प्रकार के निर्माण एवं श्रम कार्य (मनरेगा को छोड़कर) तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेंगे। सभी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल आम जनता के लिये पूर्णतः बंद रहेंगे। विदेश से एवं अन्य राज्यों से आये हुए नागरिक जो होम क्वेरेंटाईन में रखे गए हैं उन्हें यह निर्देश दिया गया है कि वे स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निर्धारित क्वेरेंटाईन की अवधि का कड़ाई से पालन करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की चूक होने पर उनके विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिला दण्डाधिकारी द्वारा सभी नागरिकों को अपने घर मे ही रहने कहा गया है तथा बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये बाहर जाते है तो सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करेंगे।

मास्क उपयोग के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांतों का पालन करने कलेक्टर ने की अपील

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने जिले के निवासियों को मास्क उपयोग के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों का पालन करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में नोवल कोरोना वायरस संक्रमण ने महामारी का रूप ले लिया है और विश्व के अनेक देश प्रभावित हैं। इस विषाणु के संक्रमण से सामान्य बुखार एवं खांसी जैसे सामान्य लक्षण होते हैं और कुछ लोगों में यह गंभीर बीमारी का स्वरूप लेता है।

यह बीमारी कोविड-19 संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से उत्पन्न छींटों के द्वारा फैलती है, जो निकट संपर्क (1 मीटर दूरी से कम के) वाले व्यक्ति को ही संक्रमित करते हैं।

कलेक्टर ने कहा कि आम जन द्वारा मास्क के उपयोग के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्गदर्शी सिद्धान्त निर्धारित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि लक्षण रहित लोगों को मास्क के प्रयोग की आवश्यकता नहीं है। ऐसे व्यक्ति जिनमें खांसी, बुखार के कोई लक्षण नहीं है, उन्हें मास्क उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। स्वस्थ व्यक्ति के द्वारा मास्क का उपयोग करने से उन्हें स्वास्थ्य लाभ के कोई वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिये मास्क की अपेक्षा साबुन से बार-बार हाथ धोएं। अल्कोहल युक्त 70 प्रतिशत सेनिटाईजर का उपयोग भी किया जा सकता है। खांसते या छींकते समय नाक व मुंह को टिज्यू पेपर या रूमाल से ढंक लें। नाक, मुंह, आंख या चेहरे को छूने से बचें। भीड़ वाले स्थानों में जाने से बचें। खांसने या छींकने वाले व्यक्ति से 1 मीटर की दूरी बनाएं रखें। अपने शरीर के तापमान की जांच नियमित रूप से करते रहें। सर्दी खांसी बुखार के लक्षण उत्पन्न होने पर चिकित्सक की सलाह लें।

आम जन मास्क का उपयोग तभी करें जब उन्हें खांसी या बुखार के लक्षण हों, जब किसी अस्पताल में जायें, जब किसी मरीज की देखभाल करनी हो, किसी संभावित या पॉजिटिव मरीज (जिनका घर में उपचार चल रहा हो) के निकट संपर्क में आने वाले परिवार के लोग हो। एक मास्क यदि सही तरीके से पहना जाता है तो अधिकतम 8 घंटों तक प्रभावी रहेगा। इस बीच मास्क यदि गीला हो जाये तो तत्काल बदल लें।

कोरोना वायरस रोकथाम हेतु सहायता एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित

बिलासपुर । कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु जिला स्तर पर जिला कार्यालय बिलासपुर के कक्ष क्रमांक 25 में सहायता एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका टेलीफोन नंबर 07752-251000 है। स्थापित नियंत्रण कक्ष में कर्मचारी 24 घंटे कार्य करेंगे। नियंत्रण कक्ष हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी 31 मार्च 2020 तक लगाई गई है। प्रतिदिन सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक एम.पी.कौशिक राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख शाखा जिला कार्यालय बिलासपुर मोबाईल नंबर 9893120779, मयंक शुक्ला राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख शाखा जिला कार्यालय बिलासपुर मोबाईल नंबर 7000857436, अरविंद साहू राजस्व निरीक्षक भू-अभिलेख शाखा जिला कार्यालय बिलासपुर मोबाईल नंबर 8817157666 नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहेंगे।

जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही का सीमाक्षेत्र में 31 मार्च तक पूर्णत: सीलबंद

कलेक्टर ने किया आदेश जारी

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने आदेश जारी कर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के समस्त सीमाक्षेत्र में 31 मार्च तक पूर्णतः तालाबंदी (लाकडाउन) करने का आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेखित है कि कोरोना वायरस (कोविड-19) एक संक्रामक बीमारी है। इस बीमारी से भारत समेत पूरे विश्व के देशों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।स्वास्थ्य की दृष्टि से यह तथ्य परिलक्षित है कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के सम्पर्क से पीड़ित, संदेही से दूर रहने की सख्त हिदायत है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि इससे बचने के सभी संभावित उपाय अमल में लाया जाए। अतः कोविड-19 के संभाव्य प्रसार को देखते हुए इसके प्रसार रोकने के लिए कड़े सामाजिक अलगाव के उपयोग को अपनाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस संबंध में आदेश प्रसारित किए गए हैं।

महामारी रोग अधिनियम, 1897 के संदर्भ में शासन द्वारा जारी पत्र अंतर्गत दिए गए शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के समस्त सीमा क्षेत्र के अंतर्गत संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु दिनांक 31 मार्च 2020 रात्रि 12 बजे तक पूर्णतया तालाबंदी (लॉकडाउन) की जाती है एवं इस क्रम में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के समस्त सीमा क्षेत्र के अंतर्गत निम्नांकित गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से दिनांक 31 मार्च 2020 रात्रि 12 बजे तक रोक लगाई जाती है।

न्यूज गैलरी

पिता व भाई को पीटा

महासमुंद। दोस्तों को घर में लाने परिजनों ने मना किया तो युवक ने भाई और पिता की पिटाई कर दी। रावणभांठा निवासी तीजकुमार यादव के मुताबिक उसके छोटे पुत्र चिंटू ने मंगलवार दोपहर 12 बजे बड़े पुत्र डिगेश्वर उर्फबिट्टू यादव उसके दोस्तों को घर में लाने के लिए मना किया। इससे नाराज डिगेश्वर ने उनकी पिटाई कर दी। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

नहर के पास युवक से शराब जब्त

महासमुंद। खल्लारी पुलिस ने पचेड़ा नहर के पास एक युवक के कब्जे से अंग्रेजी शराब बरामद की। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम सवा 5 बजे वार्ड 5 पचेड़ा निवासी निलेश गोरेलका के कब्जे से 3.240 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की। जिस पर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की गई।

ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार घायल

महासमुंद। ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। भंवरपुर क्षेत्र के नवागढ़ी निवासी छबीलाल पटेल के मुताबिक 21 मार्च की सुबह 10 बजे बिलाईगढ़ मार्ग पथरला के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 14 एमएफ 7585 की चालक ने उसके पुत्र बाइक सवार तेजवंत पटेल एवं भतीजा दीनबंधु को चपेट में ले लिया। जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफधारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

आवासीय विद्यालय छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 19 को

महासमुंद। राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किये जा रहे है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि इन संस्थाओं शैक्षणिक सत्र 2020-21 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन कर प्राविण्यता के आधार पर 60 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा पूर्व में रविवार 29 मार्च 2020 को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित किया गया था, जिसे संशोधित करते हुए आगामी परीक्षा 19 अप्रैल 2020 को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 11 तक आवेदन

महासमुंद। प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए वर्ष 2020-21 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले के अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय, अशासकीय शालाएं, नक्सल प्रभावित घोषित जिले अथवा नक्सल प्रभावित जिले के ऐसे भू-भाग जो अनुसूचित क्षेत्र में शामिल नहीं है वहां पर आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय, अशासकीय शालाएं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (कमार, बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाडिर्यां, पण्डो तथा भुंजिया) के विद्यार्थियों के लिए मान्य होगा। कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2020 तक तथा प्रवेश हेतु प्राक्टयन परीक्षा रविवार 26 अप्रैल 2020 को प्रातः 10.30 बजे, जिला स्तर पर होगी। आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास महासमुन्द कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त एन.आर. देवांगन के मोबाईल नम्बर 9424133136 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सुरक्षाकर्मियों को चाय-नाश्ते कराएंगे निखिल

महासमुंद। महासमुंद में कोरोना वायरस खतरा होने के कारण 144 धारा के तहत लॉकडाउन लागू किया गया है। पार्षद निखिलकान्त साहू ने वार्ड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुख्य चौक-चौराहे पर तैनात सभी पुलिस कर्मियों के लिए चाय नास्ते की व्यवस्था की है और संकल्प लिया है कि यह व्यवस्था रोजाना की जाएगी। सभी नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि अपने स्तर पर अपने चौक मोहल्लों में तैनात सुरक्षा कर्मियों के लिए कुछ व्यवस्था करें जिससे उनका मनोबल बना रहे।

बेमचा खल्लारी मंदिर में नहीं जलेगी मनोकामना ज्योत

महासमुंद। विश्व व्यापी कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करते हुए मां खल्वरी प्रबंधकारिणी समिति बेमचा ने प्रति वर्ष आयोजित होने वाली चैत्र नवरात्रि में माँ खल्वरी बेमचा वाली मंदिर के गर्भ गृह में मुख्य ज्योति ही प्रज्जवलित की जाएगी। श्रद्धालुओं द्वारा इस वर्ष प्रज्जवलित होने वाली मनोकामना ज्योति नहीं जलेगी। इस चैत्र नवरात्रि में होने वाले भागवत कथा एवं पंडवानी कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया गया है। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्राकर एवं महामंत्री जगनीक यादव ने दी है।

बजरंगियों ने शहीदों को किया नमन

महासमुंद। बजरंग दल महासमुंद ने भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को दीप जलाकर शहीदों को नमन किया। ज्ञात हो कि 23 मार्च को लाहौर के सेंट्रल जेल में 7.33 मिनट पर तीनों को फांसी दी गई थी। फांसी देने की तारीख 24 मार्च 1931 को मुकर्रर किया गया था। मगर पूरे भारत में जिस तरीके से विरोध-प्रदर्शन चल रहा था, उससे सरकार डरी हुई थी।

वायरस के नियंत्रण के लिए कबीरधाम की सभी सीमाएं सील

- कलेक्टर और एसपी ले रहे पल-पल की खबर
- बोड़ला-धवाईपानी (चिल्पी) और पंडरिया के पोलमी में संबंधित एसडीएम, एसडीओपी और स्वास्थ्य अमलो में संभाली कमान

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवनीश कुमार शरण और पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा आज सुबह से जारी कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण से मुक्त रखने और इसके रोकथाम और नियंत्रण के लिए सीमा सील, धारा 144 की स्थिति तथा जिले के अभी नगरीय निकायों के लॉकडाउन (कर्फ्यू)पर नजर रखे हुए है। कलेक्टर में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले की सभी चिन्हाकित सीमा क्षेत्रो पर कड़ी निगरानी रखी जाए। जिले में सिर्फ खाद्यान्न से संबंधित मॉल वाहक वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। इनके अलावा इस जिले से किसी दूसरे राज्यो के लिए जाने वाली लोगो को उनके घरों में रहने की सख्त हिदायत देते हुए वापस करें। उन्होंने जिले के ग्रामीण अंचलों में धारा 144 और जिले सभी नगरीय निकाय, कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया, सहसपुर लोहारा, पांडातराई और पिपरिया मे लॉकडाउन (कर्फ्यू) को कड़ाई से पालन करने सख्त निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री शरण ने जिले वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि जैसा कि आप सभी जानते है कि कोरोना वायरस नामक एक नया सांस,श्वासन संक्रमण का रोग दुनिया भर में फैल रहा है। भारत के विभिन्न राज्यों में भी इस संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। केन्द्र और राज्य सरकार इस वायरस के प्रसार को रोकने का भरपूर प्रयास कर रही हैं। सरकार के इस प्रयासों के तहत कबीरधाम जिला प्रशासन पुरी तरह से सजग और सतर्क है। इस वायरस के रोकथाम और पूर्ण नियंत्रण के लिए आम जनता की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। जनता की सजगता और संयम से इस संक्रामक वायरस को रोका जा सकता है। जिसके तहत पूरे जिले को सुरक्षित रखने के लिए सभी सीमाओं को सील करने के लिए अनुविभागीय अधिकार राजस्व और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा है कि बहुत ही जरूर काम होने पर ही अपने घरों से बाहर निकले। सुरक्षित अपने घरों पर रहे। अनावश्यक या अकारण बाहर ना निकले।उन्होंने यह भी कहा कि जिले की जनता कोरोना वायरस के नियंत्रण के लिए जारी आदेशो का पालन करें। शासन और प्रशासन का सहयोग करे।

घर से बाहर न निकले, अनावश्यक बाहर घूमने वालो पर होगी कड़ी कार्यवाही

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अवनीश कुमार शरण ने कहा कि कोरोना वायरस के नियंत्रण और उनके संक्रमण-प्रसार को रोकने ननहित की दृष्टि से जिले में 144 लागू है। जिले के सभी नगरीय निकायों को लाकडाउन किया गया है। जिले की अभी सीमाएं सील कर दिए गए है। उन्होने अपील करते हुए कहा कि इस दौरान जिले वाली अपने घर से बाहर न निकले, अनावश्यक बाहर घूमने नही जाए। आदेशो का उलंघन करने वालो पर होगी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

देवी मंदिर में 500 वर्ष में पहली बार नहीं जलेंगी मनोकामना ज्योत

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिले के प्रमुख मंदिरों समेत सभी में दिखने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ दूर-दूर तक नजर आएगी। प्रदेश, देश के साथ विदेशों में रहने वाले भक्तों द्वारा नवरात्र में विशेष रूप से मनोकामना ज्योति कलश जलायी जाती है। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी नहीं होने वाला है। जिले के मां सर्वमंगला मंदिर, मां मड़वारानी मंदिर, मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर, मां भवानी मंदिर, मां कोसगाई देवी मंदिर, मां मातिन दाई मंदिर, मां चोंहा रानी व अन्य मंदिरों में ज्योतिककलश नहीं जलेंगे। ऐसा सर्वमंगला मंदिर की स्थापना के 500 साल बाद से अब तक कभी नहीं हुआ था। कितनी भी विषम परिस्थिति क्यों न बनी हो नवरात्र के दिनों में ज्योति कलश जरूर जले थे। यह भी कह सकते हैं कि नवरात्र के दिनों में ऐसी आपदा भी नहीं आई थी।

कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए प्रशासन अब सख्त हो चला है। लोगों को घरों से न निकलने की नसीहत दी जा रही है। ऐसे में 25 मार्च से 2 अप्रैल तक होने होने वाली नवरात्र पूजा के दौरान देवी मां का न तो श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे न ही उनका आशीर्वाद ले पाएंगे। मंदिरों के पट भी नहीं खुलेंगे। मंदिर के पुजारी सामान्य दिनों की तरह ही पूजा पाठ करेंगे और उसके बाद मंदिर का पट बंद कर देंगे। नवरात्र में देवी मां का आशीर्वाद पाने हर कोई मंदिर पहुंचना चाहता है, लेकिन श्रद्धालुओं की इच्छा इस बार पूरी नहीं होगी।

कोरबा जमींदार ने कराया था निर्माण

मंदिर के पुरोहित नन्हा पाण्डेय ने बताया कि वे अपने पिता से सुना है कि उनके पूर्वजों ने हसदेव नदी के किनारे स्थित मां सर्वमंगला मंदिर में 500 वर्ष पहले से पूजा करते आ रहे हैं। मंदिर का निर्माण कोरबा के जमींदार राजेश्वर दयाल के पूर्वजों ने कराया था। मंदिर के निकट स्थित वट वृक्ष के नीचे मां की मूर्ति स्थापित कर पूजा होती आ रही है। समय के साथ मंदिर का स्वरूप जरूर बदला है पर प्राचीनता बरकरार है। यहां आने वाले दूर-दूर के श्रद्धालुओं के लिए वटवृक्ष आज भी गर्मी के दिनों में सुकून देता है। पहुंचने वाले लोग मंगल धागा आज भी बांधते हैं।

32 हजार से अधिक श्रद्धालु जलवाते हैं ज्योति कलश

देवी मंदिरो में लोग मनोकामना पूरी करने व पूरी होने पर ज्योत जलवाते है। शारदीय नवरात्र की तुलना में चैत्र नवरात्रि में मनोकामना ज्योति जलवाने वालों की संख्या अधिक होती है। जिले में 32 हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा बीते साल जलवाई थी। जिसमें से केवल 11 हजार से अधिक मां सर्वमंगला मंदिर में ही जलाई गईं थीं।

राशन, किराना, मंडी और सुपर बाजार सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक खोलने के दिए निर्देश

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अवनीश कुमार शरण ने कोरोना वायरस के रोकथाम एवं नियंत्रण की दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में खाद्यान्न सामग्रियों तथा आपात कालीन सेवाओ व संस्थाओं के संचालन के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया है। कलेक्टर ने जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में राशन, किराना, मंडी और सुपर बाजार सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक खोलने के निर्देश दिए है। इससे पहले यह समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था। इसी तरह दुकान व ठेला (सब्जी ,फल, अनाज)मिल्क पार्लर बेकरी दुकान के लिए समय सुबह 6 बजे से सुबह 11बजे तक निर्धारित किया है। यह आदेश 25 मार्च से आगामी 31 मार्च या आदेश पर्यन्त तक लागू रहेंगे। कलेक्टर ने कहा है कि उक्त प्रतिष्ठानों में एक समय मे 5 व्यक्तियों से अधिक नही हो यह संम्बधित संचालक सुनिश्चित करेंगे। आदेश के उलंघन पाए जाने पर संचालको पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के तहत सभी प्रकार के मंडियां, डेलिनिट्स, व किराना दुकान राशन दुकान, सुपर मार्केट, बिग बाजार,(केवल खाद्यान्न सामग्री विक्रय के लिए सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। दुकान व ठेला (सब्जी ,फल, अनाज)मिल्क पार्लर बेकरी दुकान के लिए समय सुबह 6 बजे से सुबह 11 बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा मेडिकल, स्थापना, मेडिकल दुकान,ट्रांसपोर्टनगर, व गूड्स ब कैरियर सेवाएं, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, बैंकिंग सेवाएं, सीवरेज ट्रीटमेन्ट व्यवस्थाएं,विधुत व्यपस्थापक,फयर ब्रिगेड, टेलीकॉम व इंटरनेट सुविधाएं,होटल एवं रेन्ट्रोरेन्ट(जिनमे पक्की स्थाई संरचना एवं वैध लाइसेंस उपलब्ध हो) मोबाइल रिचार्ज एवं सर्विस दुकानों के लिए अपने निर्धारित समय पर संचालित किए जाएंगे।

एसपी अभिषेक ने किया पदभार ग्रहण, गुलदस्ते से हुआ स्वागत

कोरबा। नए एसपी अभिषेक मीणा ने आज कोरबा एसपी का पदभार ग्रहण कर लिया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया।

कोरबा के नए पुलिस कप्तान अभिषेक मीणा इससे पहले सुकमा अपनी सेवा दे चुके है। मालूम हो कि इससे पहले मीणा बिलासपुर एसपी रहे चुके हैं। उन्हें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की अच्छी समझ है और पुलिस महकमे में उनकी गिनती तेजतर्रार पुलिस अफसरों में की जाती है।

कोरबा एसपी जितेंद्र मीणा बुधवार को रिलीव हुए,उनकी जगह यहां नए एसपी अभिषेक मीणा देर शाम कोरबा पहुँच कार्यालय आकर कार्यभार संभाला। बता दें सोमवार की शाम राज्य शासन ने 17 आइपीएस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया, इसमें कोरबा के एसपी जितेंद्र मीणा को बालोद का एस पी बनाया गया है उनकी जगह सेनानी सी टी जे डब्लू कॉलेज कांकेर में पदस्थ अभिषेक मीणा को यहां नए एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। ट्रांसफर सूची जारी होने के बाद तत्काल ज्वाइनिंग करने का आदेश जारी किया गया था। इसी तारतम्य में एस पी जितेंद्र मीणा सुबह ही मुख्यालय छोडकर बालोद ज्वाइनिंग के लिए निकल गए। यदि तरह कांकेर से कोरबा आ रहे नाव पदस्थ एस पी अभिषेक मीणा देर शाम कोरबा पहुंचकर कार्यभार संभाला है।

बिलासपुर में छह माह भी टिक नहीं पाए थे एसपी मीणा: नव पदस्थ एसपी मीणा का बिलासपुर के कार्यकाल कार्फी छोटा रहा। वे छह महीने भी नहीं बिलासपुर में नही टिक पाए। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आफिशेख की जगह उन्हें दो जनवरी 2019 को पदस्थ किया गया था।

बलौदाबाजार-बिलासपुर सीमा को जोड़ने वाली जोंधरा पुल की सीमा को किया सील

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। जिला प्रशासन से आदेश जारी होने के बाद मंगलवार को जिले के बलौदाबाजार-बिलासपुर सीमा को सील कर दिया है, 14 अप्रैल तक आदेश लागू रहेगा। तब तक बाहरी लोगों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगी रहेगी। जिले के सीमा क्षेत्र में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घोषणा पर 14 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में लॉकडउन करने का आदेश जारी कर दिया है। इस अवधि में विभिन्न गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं के आवागमन को छोड़कर जिले की बलौदाबाजार-बिलासपुर पंडरिया-जोंधरा सीमा को सील कर दिया गया है। किसी भी माध्यम से जिले में बाहरी लोगों के आवागमन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नगर के सभी शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। सभी पदाधिकारी तथा कर्मी अपने घर से सरकारी कार्यो का निष्पादन कर रहे है, परन्तु वे मुख्यालय से बाहर नहीं जायेंगे। सभी परिवहन सेवाएं जिसमें निजी बसें, टैक्सी, ऑटों, है इसके प्रचलन को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। केवल इमरजेंसी मेडिकल सेवा वाले व्यक्तियों को वाहन द्वारा आवागमन की अनुमति रहेगी। कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए धारा 144 व लॉकडाउन के साथ ही अब नगर के साथ ही बलौदाबाजार-बिलासपुर मार्ग को जोड़ी सीमा पर नाकेबंदी पाइंट बनाकर पुलिस दूसरे जिलों से आने वाले वाहनों को लौटा रही है।

राजस्व मंत्री ने कोरोना की रोकथाम के लिये 3 माह के वेतन को मुख्यमंत्री सहायता कोष में देने की घोषणा कर दिखाई दिलेरी

कोरबा। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं पंजीयन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने पहल करते हुए मुख्यमंत्री सहायता कोष में अपना 3 माह का वेतन देने की घोषणा किया है। इस संबंध में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन भी कोविड-19 से बचाव एवं नागरिकों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा मुझे पूरा विश्वास है कि शासन द्वारा इस विषय में एहतियातन हेतु लिये गए कठोर फैसलों का निश्चित ही हमें अच्छा दूरगामी परिणाम प्राप्त होगा। अग्रवाल ने कहा है कि इस महामारी से बचाव के लिए शासन द्वारा लिए गए फैसलों का स्वागत करता हूं।

गौरतलब है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने सामाजिक सरोकार का जिम्मा उठाते हुए कई ऐतिहासिक काम करते आ रहे है। गर्मी के दिनों में हाट बाजारों में निशुल्क शरबत वितरण कर उर्जाधारी के लोगो का विश्वास जीता है। इसी तरह रक्षा बंधन में सामूहिक रक्षी पहनकर क्षेत्र की महिलाओं का दिल जीता है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के कुशल नेतृव से ही छत्तीसगढ़ में समय रहते ही लॉकडाउन कर लिया गया जिससे प्रदेश में इस वायरस का फैलाव को नियंत्रित करने में मदद मिल पा रही है।

कलेक्टर टेकाम ने बाहर से आये लोगों के कोरोना टेस्ट के बाद अमिट स्याही से हाँथो में निशान लगाने का दिया निर्देश

कोंडागॉव। जिले में बाहर से आये कुल 516 को चिन्हकित किया है जिनमे कुल 22 लोगो का सेम्पल कोरोना टेस्टिंग के लिए भेजा गया था जिनमे 21 का निगेटिव रिपोर्ट आया है वही एक रिपोर्ट अभी आना बाकी है । बाकी 494 लोग जो बाहर से आये हैं उनकी प्राथमिकी जांच करने के बाद अब जिला प्रशासन के निर्देश पर मतदान में प्रयोग किये जाने वाले अमिट श्याही से उनके हांथो पर मार्क किया जाएगा ।इसके साथ ही यह निर्देश भी दिए गए है कि ये 516 लोगों पर भी कड़ाई से नजर रखी जाये। कोंडागॉव विकास खंड के नोडल अधिकारी डॉ आरके सिंह ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार शहरी व पंचायत स्तर पर 24 घंटे स्वास्थ्य अमला मॉनिटरिंग कर रहा है। अतिसंवेदन शील क्षेत्रो में भी बाहर से आये मजदूरों व वनवासियों की भी गहन पूछताछ के साथ खोज बिन की जा रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रो में साफ़-सफाई व इस कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूकता फैलाई जा रही है। जिले के कलेक्टर नीलकंठ टेकाम रोजाना समय समय पर सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारीयो की बैठक ले कर जरूरी दिशा निर्देश दे रहे है। देश के प्रधानमंत्री के 21 दिवसीय लॉक डाउन के निर्देश के बाद इसका जिले में और भी कड़ाई से पालन किया जा रहा है। सभी दुकाने बन्द हैं सड़क पर बिल्कुल भी आवाजाही रोक दी गई है ।जो जरूरी दुकाने है जैसे मेडिकल किराने की दुकान खुली हैं।

हिदायत पुलिस ने दी अंतिम चेतावनी, बेवजह घुमने वालों पर अब बरती जाएगी सख्ती

लवन मुख्य मार्ग सहित ग्रामीण अंचलों में पुलिस ने दी चेतावनी

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। कोरोना वायरस के संक्रमण को हल्के में लेकर दूसरों की जिंदगी को खतरे में डालने वाले लोगों के खिलाफ लवन पुलिस के द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर चल रहे लोगों को बुधवार को समझाईस देकर छोड़ दी गई। पुलिस ने शासन-प्रशासन के सख्त हिदायत पर लोगों को गंभीरता से लेने की बात कही। पुलिस ने बार-बार हिदायत देने के बावजूद घर से बेवजह बाहर निकलने समूह में खड़े रहने व दुकान खोलकर व्यापार करने वालों को थाने में सबक सिखाने की बात कही। बुधवार को पुलिस ने लवन मुख्य मार्ग सहित आसपास के क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर सख्ती से कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन का प्रयास है कि लॉकडाउन के दौरान नियमों का उल्लंघन नही हों। वही पुलिस ने खुली दुकानों को बंद कराया व उन्हें अंतिम समझाईस भी दिए। लवन चैकी प्रभारी पुरूषोत्तम कुर्रे ने कहा कि मामला गंभीर है इसमें किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

मंगलवार को चैकी प्रभारी व नायब तहसीलदार प्रियंका बंजारा ने ग्राम कोरदा पहुंचकर कुछ दिन पहले दूसरे प्रदेश से आए हुए व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षण कराने व होम आइसोलेशन में ही रहने की हिदायत दी है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आने तक घर में रहने की नायब तहसीलदार व चैकी प्रभारी ने बाहर से आए हुए लोगों को समझाइस दिए। इसके अलावा लोगों को झुंड में नहीं रहने व धारा 144 के नियमों का पालन करने के लिए घर पर ही रहने की सलाह लोगों को दिए। वही ग्राम सरखोर में मंगलवार के दिन साप्ताहिक बाजार लगाने पर सरपंच प्रतिनिधि गीताराम कुर्रे को दूर-दूर में सब्जी मार्केट लगाने के संबंध में चैकी प्रभारी व नायब तहसीलदार ने सरखोर बाजार पहुंचकर सब्जी व्यापारियों को दूरी बनाकर सब्जी मार्केट लगाने के संबंध में सलाह दिए। वही कोराना वायरस से बचाव के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगवालवार की रात 12 बजे पूरे देश में 21 दिनों तक घरों से बाहर निकलने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। लॉकडाउन होने के पश्चात लवन पुलिस ने बिना कोई कारण के रोड में घुमने, झुण्ड में नहीं रहने, व आवागमन नहीं करने की समझाईस क्षेत्र के लोगों को दिए।

■ न्यूज गैलरी

नि:शक्तजन एवं निराश्रितों को दो महीने का चांवल का नि:शुल्क वितरण

कांकेर। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के प्रबंधन अंतर्गत राहत देने के लिए जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना अंतर्गत अंत्योदय, प्राथमिकता, नि:षक्तजन, एकल निराश्रित एवं अन्नपूर्णा श्रेणी के राषन कार्डधारियों को अप्रैल एवं मई माह का चांवल नि:षुल्क वितरित किया जाएगा। कलेक्टर श्री के.एल चौहान ने इस आषय के आदेष जारी किये हैं, जो तत्काल प्रभावषील हो गया है।

कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम में अपनी सहभागिता प्रदान करें

गरियाबंद। जिला गरियाबंद अंतर्गत कोविड-19 नोवेल कोरोना वायरस से प्रभावित देश व महानगर से भ्रमण कर आने वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके हाथ पर होम क्वारेंन्टाईन का स्टैम्प तथा घर के बाहर होम क्वारेन्टाईन की अवधि के संबंध में स्टीकर लगाया जा रहा है, ताकि व्यक्ति व घर की पहचान हो सके व उनके घर के सामने स्टीकर लगाकर आम जनता से यह अपील किया जा रहा है कि व्यक्ति 14 दिनों तक अपने आपको होम क्वारेंन्टाईन कर के रखें जिससे कोरोना वायरस के संभावित संक्रमण को रोका जा सकें । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन. आर. नवरत्न ने कोरोना वायरस से बचने सावधानियों से अवगत कराया है कि नोवेल कोरोना वायरस से प्रभावित देश व महानगर से आने वाले व्यक्तियों के संपर्क से दूरी बनाए रखें, अपने घर से बाहर न निकले, अतिआवश्यक हो तभी घर से बाहर जाए व अपने आप को घर में सुरक्षित रखे, बार-बार साबुन से हाथ धोते रहे, आंख, नाक व मुँह को बार-बार न छुए, जिस व्यक्ति को सर्दी, खांसी व बुखार है, उससे हाथ न मिलाय व एक मीटर की दूरी बनाये रखे। साथ ही शासन-प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करें।

प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद लोगों में संशय की स्थिति उत्पन्न हुई थी

धमतरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन के बाद धमतरी वासियों में एक भ्रांति आ गई थी कि रात 12 बजे से कर्फ्यू लग चुका है और जरूरत के समाने नहीं मिलेंगी ।इस वजह से घोषणा होते ही किराना दुकानों में जमकर भीड़ उमड़ पड़ी ।इस संबंध में धमतरी कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रजत बंसल ने स्पष्ट किया है कि वे घबराए नहीं मंगलवार की शाम जो आदेश जारी किया गया था जिसमें फ्ल सब्जी किराना खाद्य पदार्थ के लिए सुबह 7:00 से 3:00 बजे तक और बैंक सुबह 11:00 बजे से 3:00 बजे तक दूध और पेपर के लिए सुबह 6:00 से 9:30 बजे तक और शाम 4:00 से 5:30 तक का समय निर्धारित किया गया वह यथावत रहेगा ।लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है दुकानों में अनावश्यक भीड़ ना लगाएं। कल से समय निर्धारित किया गया है उसका पालन करें एक जगह इकट्ठा न हो ,बारी बारी से दुकानों में पहुंचे । अनावश्यक घर से बाहर ना निकले।

दुकानों में भीड़ज्ञात हो कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोरोना के संक्रमण के बचाव के लिए लोगों से अपील की है कि वे रात 12:00 बजे से घर से निकलना बंद करें और 21 दिन के लिए पूरे देश में कफ्र्यू लागू किया गया है ।घर से बाहर बिलकुल न निकले ,इसके बाद यह स्पष्ट किया गया है कि आवश्यक वस्तुओं पेट्रोल पंप गैस खाद्य सामग्री की दुकानें खुली रहेंगी ।स्वास्थ्य इमरजेंसी मेडिकल स्टोर मीडिया भी खुले रहेंगे।

कलेक्टर ने जिलावासियों से किया शांति व्यवस्था कायम रखने का आव्हान

धमतरी । जिले में लॉक डाउन की स्थिति पर कलेक्टर श्री रजत बंसल ने जिला वासियों से शांति व्यवस्था कायम रखने, शासन के निर्देशों के संबंध में भ्रमित नहीं होने एवं एहतियात बरतने का आव्हान किया है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जिले में आज भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के प्रभावी होने के उपरांत पूर्व में जारी आदेश के अनुसार आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं की उपलब्धता, भंडारण, वितरण और परिवहन में छूट दी गई है, जो यथावत रहेगी। उन्होंने बताया कि 31 मार्च की समय सीमा में राज्य शासन के आगामी आदेश के उपरांत वृद्धि संभाव्य है। कलेक्टर ने आमजनता से घर पर सुरक्षित ढंग से रहने, भयाक्रांत नहीं होने तथा शासन के नियमो के परिपालन में अपेक्षित सहयोग कर वैश्विक आपदा से अपने परिवार, समाज, प्रदेश और देश को सुरक्षित करने की अपील की है।

जिले में बाहरी लोगों के आवागमन व परिवहन माध्यमों पर तत्काल प्रभाव से रोक

धमतरी। कोरोना वायरस कोविद-19 की रोकथाम तथा आवश्यक उपाय के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रजत बंसल ने जिले के समस्त सीमा क्षेत्रांतर्गत स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने हेतु आगामी 31 मार्च की मध्यरात्रि तक पूर्ण तालाबंदी (लॉक डाउन) के आदेश जारी किए हैं। आज जारी आदेश के तहत जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय कार्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है तथा सभी पदाधिकारी तथा कर्मचारी अपने घर से शासकीय कार्यों का निष्पादन करेंगे, किन्तु वे मुख्यालय का परित्याग नहीं करेंगे जिससे कि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें कार्यालय बुलाया जा सके।

इसके अलावा जिले में सभी सार्वजनिक परिवहन सेवाएं, जिनमें निजी बसें, टैक्सी, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, रिक्शा आदि भी शामिल हैं, के परिचालन को भी तत्काल प्रभाव से बंद रखने के आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी किए गए हैं। इसमें इमरजेंसी मेडिकल सेवा वाले वाहनों/व्यक्तियों को आवागमन की अनुमति प्रदान की गई है।

राशन और सब्जी के लिए नहीं निकलना पड़ेगा बाहर, निगम प्रशासन की पहल

धमतरी। देश मे कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार ने 21 दिनों तक लॉक डाउन की घोषणा किया है।इस दौरान लोगो को घरों में ही रहने की अपील की गई है जिससे कोरोना को हराया जा सके.लेकिन इसके बाद भी लोग राशन और अन्य सामानों की खरीदारी के लिए घरों से बाहर निकल रहे है।

ऐसे में किराना दुकान और सब्जी बाजार में भीड़ लग रही है.जिसको देखते हुए धमतरी जिला और नगर निगम प्रशासन एक पहल की शुरुआत करने जा रही है.नगर निगम आयुक्त आशीष टिकरिहा ने बताया कि शहर के 40 वार्डो को 9 कलस्टर में बांट कर सभी कलस्टरों के लिए अलग अलग मोबाईल नबर जारी किया जाएगा.वही लोगो को राशन सामग्री और सब्जी की जरूरत पड़ने पर उस नंबर में डायल करना होगा.जिसके बाद आपके घर तक राशन और सब्जी को ई-रिक्शा के माध्यम से पहुँचाया जाएगा.आयुक्त का कहना है कि इसके लिए दो ई-रिक्शा तैनात रहेगा वही समान छोड़ने के एवज में 10 से 15 रुपए का चार्ज रिक्शा वाले को समान का ऑडर करने वाले लोग देंगे.साथ ही लोगो को ये भी सुविधा दी जा रही है कि आप अपने मर्जी के दुकान से भी समान मंगवा सकते है. फिलहाल नगर निगम के इस पहल से लोगो का फिजूल का बाहर निकलना बंद हो जाएगा।

अब 21 दिन का लॉक डाउन

दुकानें सुबह 09 से शाम 05 बजे तक खुली रहेंगी

■ आने जाने वालो से सख्ती से हो रही पूछताछ

कांकेर । कोरोना वायरस की हालात को लेकर मंगलवार की रात 8 बजे भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा भाषण में 21 दिनों तक का लाकडाउन की घोषणा होते ही जिला मुख्यालय में आम जनों की भारी भीड़ शहर के किराना दुकानों फ्ल मार्केट दूध दुकान सब्जी मंडी सहित मेडिकल दुकानों में उमड़ पड़ी थी । जिसके चलते धारा 144 को तोड़कर लोग खुलेआम बिना मास्क लगाए सुरक्षा को ताक में रखकर सामान की खरीदी बिक्री करने में जुट गए थे। किसी तरह प्रशासन को इसकी भनक लगी तब जाकर पुलिस के आला अफ्सरों ने मौके पर पहुँचकर हालात को सामान्य कराया गया । बुधवार की सुबह भी शहर के मस्जिद चौक पुराना बस स्टैंड के पास थाना कोतवाली के सामने पुलिस के अधिकारियों द्वारा बेरिकेड्स लगाकर लाकडाउन व धारा 144 के तहत सख्ती से पुछताछ कर छोड़ा जा रहा था ।कफ्र्यू के बाद भी लोग सड़को में मास्क लगाकर किराना व अन्य सामग्री खरीदते नज़र आए।इस दौरान पुलिस की टीम लगातार सख्ती नियमों का पालन करते नज़र आई है।

किराना दुकानों में बिना मास्क बिना सेनेटाइजर के लोग उड़ा रहे नियमों की धज्जियां सुरक्षा ताक पर रखकर किराना व्यापारी कमा रहे मुनाफ़ा : कोरोना वायरस की आपदा को देखते जिस प्रकार लाकडाउन व धारा 144 लागू किए गए है।और लाकडाउन को लेकर लोगो की सुविधा व जरूरत के सामानों के लिए किराना फ्ल दूध सब्जी मंडी को छूट में रखा गया है।लेकिन किराना व्यापारी की दुकानों में बिना मास्क बिना सेनेटाइजर के लोग भीषण आपदा से निपटने की बजाय सुरक्षा को ताक में रखकर सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है।इसका उदाहरण किसी भी किराना व्यापारियों की दुकान में आसानी से देखी जा सकती है।

किराना सब्जी फल बेकरी को कलेक्टर ने दिया नोटिस सुबह 9 से 5 बजे तक खोलने के निर्देश

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमणा से बचाव हेतु आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए जिले में विभिन्न प्रकार के सभा, धरना, रैली, जुलूस, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों के आयोजनों को प्रतिबंधित कर भारतीय दण्ड संहिता की धारा-144 घोषित किया गया है, जिसके तहत पूर्व में जारी आदेष को यथावत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री के.एल. चौहान द्वारा अनुपूरक आदेष जारी किये गये है, जिसके अनुसार किराना दुकान, बेकरी, मोबाईल रिचार्ज, डेलीनीड्स की दुकानें, फल, अनाज एवं सब्जी मार्केट सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक खुले रहेंगे।

उड़ीसा से राजस्थान जा रहे 10 लोगों को पुलिस ने रोककर जिला अस्पताल पहुँचाया, डॉक्टर ने की स्वास्थ्य परीक्षण

धमतरी। देश भर में कोरोना को लेकर सतर्क बरती जा रही है.वही लोगो को घर से नही निकलने की हिदायत दी शासन प्रशासन की ओर से दी जा रही है.इसी बीच कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने उड़ीसा से बोलोरो वाहन से राजस्थान जा रहे एक परिवार के 10 लोगो को रोककर जिला अस्पताल पहुँचाया. जंहा डॉक्टरों ने सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया.

बताया जा रहा है कि राजस्थान के बाड़मेर जिला के रहने वाले ये परिवार जनता कर्फ्यू के पहले एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए उड़ीसा राज्य के नवरंगपुर जिला आया हुआ था.वही आज सभी लोग बोलेरो वाहन में सवार होकर राजस्थान जा रहे थे.इसी बीच कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने शाम को दानिटोला चौक के पास वाहन को रोका.वाहन में महिला पुरूष और बच्चे सहित 10 लोग सवार थे सभी से पूछताछ किया गया जिसके बाद स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

कैट ने वित्त मंत्री की घोषणाओं को सराहा

■ ब्याज को पूरी तरह समाप्त करने का किया आग्रह

■ वर्तमान वित्तीय वर्ष को 30 जून तक बढ़ाया जाए

कांकेर। कॉनफेडरेशन ऑफ आल इंड़िया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वली मोहम्मद , प्रदेश मंत्री मोहम्मद आरिफ ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज वित्त मंत्री द्वारा आयकर, जीएसटी और अन्य अधिनियमों के तहत विभिन्न वैधानिक अनुपालनों की तारीख को आगे बढ़ाने के लिए की गई विभिन्न घोषणाओं की सराहना की है। कैट ने कहा की इस विस्तारित तारीख की घोषणा ने देश भर के व्यापारियों को एक बड़े बोझ से मुक्त कर दिया है, जिन्हें इस बात का डर था कि जब सब कुछ लॉकडाउन है तो ऐसे में वैधानिक अनुपालन कैसे होगा। यह कदम व्यापारियों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है ! उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में कैट ने 30 जून, 2020 तक सभी वैधानिक अनुपालन के विस्तार की मांग की थी।कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने वित्त मंत्री की घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा कि ब्याज दर कम करने के बजाय विस्तारित अवधि के लिए ब्याज वापस लेना बेहतर होगा श्री अमर पारवानी ने वित्त मंत्री को विस्तारित अवधि के लिए ब्याज की पूर्ण छूट देने का आग्रह किया।पारवानी ने कहा कि देश भर में 7 करोड़ व्यापारी बेहद उत्सुकता से सरकार द्वारा घोषित होने वाले आर्थिक पैकेज की प्रति सराहना कर रहे हैं! कैट ने वित्त मंत्री से वर्तमान वित्तीय वर्ष को से 31 मार्च की बजाय 30 जून तक आगे बढ़ाने का आग्रह किया ! वित्त मंत्री को दिए अन्य सुझावों में कैट ने कहा की अगले वित्तीय वर्ष को नौ महीने के लिए किया जाए । बैंक ऋणों की वापसी, ईएमआई और अन्य बैंकिंग दायित्वों को 30 सितंबर तक बढ़ाया जाना चाहिए और विस्तारित अवधि पर कोई ब्याज या जुर्माना नहीं वसूला जाना चाहिए। बिजली, पानी, संपत्ति कर जैसे सभी सरकारी बिलों का भुगतान 30 सितंबर,2020 तक स्थगित कर दिया जाना चाहिए ।

एटीएम, मेडिकल स्टोर एवं दुकानों में ग्राहकों के लिए गोल चिन्ह लगाये गये

कांकेर। नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए एटीएम, मेडिकल स्टोर एवं किराना स्टोर में ग्राहकों के खडे होने के लिए गोल चिन्ह बनाये गये, ताकि ग्राहक पर्याप्त दूरी में खड़े होकर सामग्री की खरीदी करें एवं एटीएम से राषि निकाल सकें। मेडिकल स्टोर, दुकानों एवं एटीएम में ग्राहकों के लिए बनाये जा रहे गोल चिन्ह का मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार श्री राजेष तिवारी एवं कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने अवलोकन भी किया तथा गोल चिन्ह बनाने वाले कर्मचारियों को आवष्यक दिषा निर्देष भी दिये।

कोरेंटाईन सेंटर का अवलोकन: नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए जिला मुख्यालय में नवनिर्मित मॉडल कालेज भवन को कोरेंटाईन सेंटर बनाया गया है, जिसमें दूसरे देष या अन्य राज्य से आने वाले लोगों को रखा जाएगा। उक्त कोरेंटाईन सेंटर में 50 बिस्तर लगायें गये हैं एवं अन्य चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई गई है, जिसका अवलोकन मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार श्री राजेष तिवारी, कलेक्टर श्री के.एल. चौहान, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता यू.के मेश्राम, एसडीएम उमाषंकर बंदे, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेष कुमार के द्वारा किया गया।

राजापारा में समाजसेवी पप्पू मोटवानी ने 14 लोगों को बांटा 15 दिनों का राशन

कांकेर। नगर के जनसहयोग समाजसेवी संगठन अध्यक्ष /राजापारा के पूर्व पार्षद अजय पप्पू मोटवानी व उनकी समाजसेवी टीम ने कोरोना वायरस के भीषण आपदा से जूझ रहे श्यामा नगर व राजापारा के नदीपारा के दिहाडी मजदूरों को मंगलवार शाम को रोजी रोटी की संकट से जूझ रहे कुल 14 परिवारों को 15 दिनों का राशन व मास्क देकर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया है।साथ ही समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी ने बताया की कोरोना वायरस के खौफ़के चलते दिहाडी मजदूर जो रोज़ कमाकर जीवन यापन करते है।काम नही होने के कारण इनके बीच जीविकोपार्जन की समस्या आन पड़ी है।इसलिए इस आपदा में हम सभी मिलकर कोरोना और मजदूरों की मदद कर इस आपदा से लडने का फ़ैसला किया है।और हमे ऐसे लोग जो दिहाड़ी मजदूर है।उन सभी को मीडिया साथियों के द्वारा अपील भी किया जा रहा है।की ऐसे लोगो की आगे लाकडाउन तक हरसम्भव मदद का भरोसा दिया गया है।साथ ही ज़रूरत के मुताबिक मेडिकल जैसे ज़रूरी टेबलेट सिरप व अन्य मेडिसिन भी मुहैया कराने का फ़ैसला किया गया है।

कोरोना के होम आईसोलेशन के नियमों का पालन नहीं करने पर होगी सख्त कार्यवाही: डॉ.तुर्रे

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। कोरोना वायरस के संक्रमण को ले लिजा प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग बेहद सतर्क है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी.के. तुर्रे ने कहा कि अब तक हालात सामान्य है, ''तेजी से फैल रही अफवाहों ने चिंता बढ़ा रखी है''। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रशासन ने अधिसूचना जारी की है कि अन्य राज्य अथवा प्रांत से आने वाले व्यक्तियों को घर में 14 दिन तक बैन (होम आईसोलेशन) किया गया है। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा विदेश भ्रमण एवं अंतर्राज्यीय प्रांतो से आने वाले व्यक्तियों के घरों में होम आईसोलेशन के दौरान 14 दिनों तक ''होम आईसोलेशन स्टिकर घर के अंदर प्रवेश निषेध'घरों के बाहर लगाने के निर्देश दिये गए हैं। साफतौर पर कहा गया है कि इस व्यवस्था का पालन नहीं करने वालों को महामारी अधिनियम 1897 एवं धारा 144 सीआरपीसी 1973 के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

जिला प्रशासन ने अपील की है कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए लोग घरों में रहें। इसके लिए जिले में बाहर से आने वाले लोगों को रोकने के लिए गली-गली में मुनादी की जा रही है। कलेक्टर श्री रजत बंसल ने जिले में लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिये हैं। इसके मद्देनजर जारी एडवाइजरी के मुताबिक लॉकडाउन का पालन नहीं करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़कों पर निकले लोगो को अधिकारी समझाईश देकर वापस भेज रहें है। पुलिस द्वारा बंद के दौरान बाहर घूम रहे व्यक्तियों को जेल भेजा जा रहा है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श टोल फ्री नम्बर 104 पर डॉयल कर स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारी ले सकते हैं।

118 व्यक्ति होम आइसोलेशन में,19 व्यक्तियों ने किया होम आइसोलेशन पूर्ण

कांकेर। नोवल कोरोना वायरस के नियंत्रण की समीक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक कलेक्टर श्री के.एल. चौहान की अध्यक्षता एवं मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार श्री राजेष तिवारी की उपस्थिति में आयोजित की गई, जिसमें बताया गया कि 118 व्यक्तियों को होम आइसोलेषन में रखा गया है, जिनमें से 19 व्यक्तियों ने होम आइसोलेषन की अवधि पूर्ण कर लिया है तथा वे सभी पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। होम आइसोलेषन में रखे व्यक्तियों से कहा गया है कि वे होम आइसोलेषन के मार्गदर्षन का कड़ाई से पालन करें तथा निर्धारित अवधि तक होम आइसोलेषन में ही रहें। नोवल कोरोना वायरस से बचाव हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सजग व सक्रिय रहने के निर्देषित किया गया है, साथ ही दूसरे राज्य से आने वाले व्यक्तियों की जानकारी तत्काल विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी को देने के निर्देष दिये गये है।

अच्छी पहल 10 दिहाड़ी मजदूरों को एक सप्ताह का दिया राशन, जरूरतमन्दों को आगे भी राशन के आलाव मेडिसीन देने का किया एलान

संक्रमण के खौफ के बाद भी मददगार ने गरीब मजदूरों को दिया राशन

कांकेर । कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर एक ओर जहाँ केंद्र व राज्य सरकार लाकडाउन कर कोरोना को रोकने युद्धस्तर पर प्रयासरत दिखाई दे रहे है।और इस संक्रमण को रोकने लगातार प्रशासनिक स्तर पर लाकडाउन कर मुस्तैदी से जुटे हुए है। इस भीषण महामारी पर सबसे ज़्यादा फ़र्क़ दिहाड़ी मजदूरो पर पड़ी है। इस भीषण आपदा के बीच नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी हाजी वली मोहम्मद हाजी हनीफ़हाजी हबीब हाजी लतीफ़ व उनके परिजनों द्वारा लटटीपारा के गाँव गाँव घूमकर प्लास्टिक बेचकर जीवन यापन करने वाले 10 परिवार को इस भीषण आपदा को देखते मानवता व इंसानियत के नाते मंगलवार शाम 5 बजे उनके घरों में जाकर एक सप्ताह का राशन जिसमे चावल दाल आटा नमक शक्कर

चायपत्ती तेल व अन्य खाने पीने के सामान देकर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन देकर मानवता का परिचय दिया है।राशन वितरण के बाद उजाला गैरेज के संचालक हाजी हनीफ़ ने बताया की इस भीषण आपदा के समय जब हम गम्भीर बीमारी से लड़ रहे है।और ?सी हालात में दिहाड़ी मजदूरों के सामने पालन पोषण की बड़ी समस्या आन पडी थी।ऐसे आपदा के समय हमारी माता हज्जयणि हलीमा बाई के निर्देश पर गरीबो की मदद का फैसला लिया गया ।10 लोगो की मदद किया गया है।इसके अलावा कोई भी व्यक्ति जिसे खाने पीने की ज़रूरी सामान के अलावा मेडिसिन की ज़रुरत हो तो वो हमसे संपर्क कर सकता है। जिस किसी को भी सहयोग की ज़रूरत हो वे संपर्क करने के लिए हाजी वली मोहम्मद हाजी हनीफ़ (उजाला गैरेज) मोबाइल नम्बर 9425590786--9617990786 हाजी लतीफ मेमन मोहम्मद शोएब 88396 66944 मोहम्मद इमरान 94061 05686 के अलावा हाजी रज्जाक पुराना बस स्टैंड स्थित हमारे प्रतिष्ठान एमपी सायकल स्टोर्स में संपर्क किया जा सकता है।

भीषण आपदा को देखते किरायदारों से जब तक दुकाने बंद रहेगी तब तक का 50 प्रतिशत किराया होगा माफ

शहर के हर्दयस्थल पुराना बस स्टैंड में चलने इस्माइल कामप्लेक्स की मालकिन हज्जयणि हलीमा बाई ने कोरोना वायरस जैसे आपदा से जब देश लड़ रहा है।और इस आपदा से नगर के व्यापारी अपनी दुकाने बंद कर इस आपदा से निपटने शासन प्रशासन के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। इस विकट स्थिति को देखकर चलने इस्माइल कामप्लेक्स के करीब 10 किरायदारों को लाकडाउन तक का 50 प्रतिशत किराया नही लेने का फ़ैसला किया है। चलने इस्माइल कामप्लेक्स की मालकिन हज्जयणि हलीमा बाई के इस फ़ैसले का किरायदारो ने जमकर प्रशंसा करते उनके इस फ़ैसले का स्वागत किया है। और इस नाजुक स्थिति में किरायदारो को किराए में छूट देकर इस आपदा से लड़ने और ताकत मिलने की बात कही है।

कुत्ते का आतंक, एक दर्जन से ज्यादा लोगों को बनाया शिकार, लोगों में खौफ

■ नगर में तेजी से बढ़ रही है आवारा कुत्तों की जनसंख्या प्रशासन के पास नही है कोई ठोस उपाय

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। लोहनगरी में एक तरफ लोग कोरोना वायरस को लेकर दहशत में जी रहे हैं। वही दूसरी ओर आज एक कुत्ते ने एक दर्जन से ज्यादा लोगों को काट कर बुरी तरह से घायल कर आतंक मचा रखा है। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अपोलो अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मरीजों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन दिया एवं मरीजों की मलहम पट्टी की एक छोटी बच्ची को कुत्ते ने बहुत ही बेरहमी से पैरों में काटा जिसमें बच्ची को टांगे भी लगाने पड़े।

देर रात तक कुत्ते की खोजबीन की गई परंतु अंधेरे का फायदा उठाकर कुत्ता बचेली नगर की गलियों में बेखौफ घूम रहा है जिससे नगर वासी दहशत में है। घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी,नगरपालिका उपाध्यक्ष उस्मान खान,एवं पार्षद मनोज साहा आदि अपोलो अस्पताल पहुंचे एवं घायलों की हालत का जायजा लिया।

लोगों के मुताबिक कुत्ता पागल हो चुका है एवं अचानक लोगों पर हमला कर रहा है। आपको बता दें की पिछले कुछ महीने पहले किरंदुल में इसी तरह से एक कुत्ते ने लगभग 25 लोगों को काट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया था जिसके बाद नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा कुत्ते की खोजबीन कर उसे मार गिराया गया। गौरतलब है की बचेली नगर में आवारा कुत्तों की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है एवं आए दिन नगर में कुत्ते के काटने से घायल मामले प्रकाश में आते रहते हैं कुत्ते की जनसंख्या पर लगाम लगाने में प्रशासन नाकामयाब रहा है। आवारा कुत्तों की वजह से सुबह सैर पर निकलने वाले लोगों को खतरा बना रहता है एवं रात में टहलने वाले लोगों के ऊपर भी जान का खतरा मंडराता रहता है प्रशासन द्वारा इन कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किये जा रहे है जो कि चिंताजनक बात है ।

मंडी में बांटा गया मास्क

भाटापारा। कृषि उपज मण्डी प्रांगण में नोवल कोरोना वायरस के इस संक्रामक महामारी से बचाव हेतु मंडी बोर्ड सेवा एवं मंडी समिति संवर्ग कर्मचारी संघ,इंकाई भाटापारा के व्दारा मण्डी मे कृत्याकारियों को निःशुल्क मास्क का वितरण किया गया । इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रमुख पदाधिकारी चंद्रकातशर्मा सहा.ग्रेड 2, बालगोविंदकश्यप उपनिरीक्षक ,सत्यनारायण यादव उपनिरीक्षक,श्यामलाल साहू उपनिरीक्षक, सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे ।

अर्जुनी मे भी रहा जनता कर्फ्यू

अर्जुनी । कोरोना वायरस के बढ़ते पैमाने को देखते हुए जंहा दिनांक 22.03.2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी के आह्वाहन पर समुचित भारत कोरोना के बचाव पर बंद रहा। जिसके मद्देनजर अंचल में लोगो द्वारा भी बढ़चढ़कर इसका समर्थन किया गया और डॉक्टरों, नर्स, कंपाउंडर, पोलिस के प्रति शाम पांच बजे ताली,थाली, शंख,घंटी, इत्यादि बजाकर हौसला आफज़ाई करते हुए धन्यवाद किया गया। वंही दिनांक 233 2020 को कलेक्टर बलौदा बाजार द्वारा आदेशित किए जाने के उपरांत भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा सतर्कता बरतते हुए ग्राम पंचायत अर्जुनी में खुले हुए विभिन्न प्रतिष्ठान को बंद कराया गया।

लॉक डाउन और एडवाइजरी का पालन नहीं करने वालों पर सख्ती

■ SDOP और तहसीलदार सहित टीम उतरी सड़को पर, जारी आदेश का पालन नही करने पर अपराध पंजीबद्ध करने की कड़ी चेतावनी-

बालोद। कोरोना वायरस के संक्रमण से लड़ने की जंग में शासन-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट और सतर्क नज़र आ रहा हैं। कोरोना वायरस से बचाव एवं सावधानी बरतने सख्त से सख्त आदेश एवं एडवाइजरी जारी किए जा रहे हैं। तो वही इन सभी एडवाइजरी एवं आदेशों को हम सबको भी पालन करना अतिआवश्यक हैं। क्योकि अगर कोरोना को हराना है तो हमें इस कोरोना वायरस से फैल रहे संक्रमण की चैन को तोड़ना जरूरी है और यह तभी हो सकता है जब हम शासन-प्रशासन द्वारा जारी आदेश एवं एडवाइजरी का पालन करें। लेकिन कुछ गैरजिम्मेदार लोग हैं, जो जारी आदेश का पालन करने में कोताही बरत रहे हैं। जिसके लिए प्रशासन भी अब सड़क पर उतर कर ऐसे गैरजिम्मेदार लोगों को कड़ी चेतावनी दे रहा है और सख्ती भी बरत रहा हैं।

जो जरूरी भी हैं। क्योकि ये बरती जा रही सख्ती ही हमें इस महामारी बीमारी से दूर और मुक्त कर सकती है। मंगलवार को कुछ ऐसा ही नजारा बालोद शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में देखने मिला। जब एसडीओपी अमरनाथ सिदार, तहसीलदार रश्मि वर्मा, थाना प्रभारी गैंदलाल ठाकुर, नायब तहसीलदार मनोज भारद्वाज, चांदनी सहित पुलिस व राजस्व की सयुंक्त टीम ने सड़को पर उतरकर धारा-144 एवं जारी आदेश व एडवायजरी का पालन नही करने वालो पर सख्ती बरती। शहर के सदर बाजार, बुधवारी बाजार, मधु चौक, बस स्टैंड, फौव्वारा चौक, गंजपारा पुराना बस स्टैंड में जाकर खुली हुई प्रतिबंधित दुकानों को बंद करवाया।

जारी आदेश एवं एडवायजरी का करे पालन

एसडीओपी अमर सिदार सड़कों पर माइक के जरिये एलाउंसमेंट करते हुए लोगो से अपील की है दिन में 25 से अधिक बाद अपने हाथों को धोएं। मुँह बांध कर खासे और छींके। मास्क लगाए। साथ ही श्री सिदार ने कड़ी चेतावनी भी देते हुए एलाउंसमेंट किया कि जो कोई भी जारी आदेश और धारा 144 का पालन नही करेगा। उसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा। बालोद तहसीलदार रश्मि वर्मा भी लोगों से धारा 144 और जारी एडवायजरी का पालन करने अपील करती नज़र आई। जारी निर्धारित समय पर दुकान खोलने और बन्द करने किराना व्यापारियों को भी कहा। श्रीमती वर्मा भीड़ एकत्रित और एक ही जगाज पर 5 से अधिक लोगों को नही रहने की अपील भी आम जनता से की।

नक्सलियों ने की पेटी कांट्रेक्टर की हत्या

■ उसूर ब्लॉक के चेरकडोडी से भण्डारपल्ली के बीच चल रहा था प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का काम

नवप्रदेश - संवाददाता

बीजापुर। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना सड़क निर्माण के मेन ठेकेदार थाना धर्मेंद्र मिश्रा। पेटी कांट्रेक्टर शेखर जो कि रहने वाले तेलगांना के भद्राचलम व वेंकटापुरम के थे। लेकिन शेखर ने अस्थाई रूप से आवापल्ली में रहकर पेटी कांट्रेक्टर के रूप में काम करता था। नक्सलियों ने उनकी हत्या की। नक्सलियों ने वह दो वाहनों को जलाया जिसमें एक जेसीबी और एक ट्रेक्टर है ये वाहन सड़क निर्माण में लगा था।

जिले के उसूर ब्लॉक के चेरकडोडी से भण्डारपल्ली के बीच चल रहा था प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का काम। इलीमिडी थाना क्षेत्र का है पूरा मामला। बिना सुरक्षा के चल रहा था सडक कार्य, बीजापुर एसपी दिव्यांग पटेल ने की इस घटना की पुष्टि।

बाहरी राज्यों से आये लोगों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को प्रदान की जा रही

बचेली। कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार नगर से बाहरी राज्यो से आये हुए लोगो की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को प्रदान की जा रही है। एवं उन परिवारों को घर मे आईसुलेट रहने की हिदायत दी जा रही है। जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार व्यवस्था बनाई जा रही है। इसी कड़ी में आज कलकत्ता से ही आए हुए एक परिवार के बारे में स्वास्थ्य विभाग को जानकारी जानकारी दी गई एवं परिवार से अपील की गई कि वह अपने आप को होम आइसोलेट करके रखें इसके अलावा दो विभिन्न जगहों में बाहर से आए हुए लोगों की भी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को प्रदान की गई।

लगातार चौंथे दिन भी दिखा बन्द का असर

■ अधिकारीगण लगातार घूम घूम कर समझाइस देते रहे

भाटापारा। प्रधान मंत्री नरेन्द्रमोदी के द्वारा कल रात 12 बजे से 21 दिनों के लिए लाक डाउन की घोषणा का असर बाजारों में दिखने लगा है। 14 अप्रैल तक किये गए लाक डाउन और जिला दण्डधिकारी के मिले कड़े निर्देश के परिपालन में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारीयो ने थोड़ी गरमाई दिखाई। सब्जी बाजार को भी सब्जी मण्डी से हटा कर वार्ड में एक निश्चित अवधि के लिए शिफ्ट करने का फरमान जारी हो गया है और गुरुवार से वार्डो में सब्जी दुकान खुलने लगेगी ताकि घरो से लोग ज्यादा बाहर ना जा पाये।

नगर में नोवल कोरोना वायरस के इस संक्रामक महामारी से बचाव हेतु केन्द्रशासन व राज्य सरकार के व्दारा दिये गये कडे निर्देश के तहत जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन व्दारा धारा 144 के तहत सख्ती बरती जा रही है ताकि जनमानस अपने घरो में रहकर इस संक्रामक महामारी बीमारी से सुरक्षित रह सके । इस हेतु आज सुबह से ही पुलिस प्रशासन की टीम ने आवश्यकता की वस्तुओं के दुकानों को छोडकर सभी दुकानों जहां ज्यादातर भीड भाड रहती है उसे बंद कराने व आने जाने वालो को घरो से बाहर न निकले की सख्त हिदायते देते हुये ,सख्ती बरती गई साथ ही नगर के चारो दिशाओं को लॉकडाउन कर दिया है । ताकि इस कोरोना वायरस संक्रामक महामारी को किसी भी तरह के दुष्प्रभाव से सभी को सुरक्षित रखें । आज की इस सख्ती पूर्ण रवैया के कारण नगर के चारो दिशाओं सभी चौक चौराहो जैसे महारानी चौक, नया बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, तहसील व्यावहार न्यायालय चौक ,मातादेवालय , बजरंग वार्ड चौक, महासती मार्ग ,भटटर चौक, सदर बाजार,हटरीबाजार, फौव्वारा चौक, जयस्तंभ चौक ,सदर बाजार, हटरीबाजार पूरी तरह से बंद रहे।

शासन के आदेश का उलंघन करने पर कार्यवाही

पुलिस ने सोमवार को शासन के आदेशो का उल्लंघन करने पर एक व्यक्ति के खिलाफधारा 188 के तहत कार्रवाही की गई वही प्रशासन का साफकहना है कि लोग बिना काम के किसी भी सूरत में घर से ना निकले घर पर ही अपना समय व्यतीत करें ,जो बिना किसी काम के बाहर निकलेगा उसके खिलाफइसी तरह के कठोर कार्यवाही की जावेगी । भाटापारा में लॉकडाउन का सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को ज्यादा असर दिखा तथा कार्यवाही से बचने के लिये लोग पुलिस प्रशासन व स्थानीय प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते नजर आये , दुकानें बंद दिखे । साथ ही प्रशासन ने लोगों को राशन ,दूध ,फल ,सब्जी आवश्यकता के सामान उपलब्ध से सके इसके लिये कुछ नरमी बरती गयी ।

किराना व्यवसायियों एवं प्रशासन के बीच आपात बैठक

■ नए नियम के तहत सुबह 8 से शाम 5 तक ही खुलेगी किराना दुकाने

बचेली। किराना दुकान व्यवसायियों एवं जिला प्रशासन की आपात बैठक बचेली पुलिसनेथाने में आयोजित किराना व्यवसायियों को तहसीलदार श्री पीआर पात्र द्वारा दी गई आवश्यक समझाइश,अनावश्यक भीड़ ना लगाएं,अपनी दुकानों के बाहर हैंड वाश की सुविधा रखे,बिना मास्क वाले लोगो को मास्क लगाने की समझाइश देवे। कालाबाजारी,जमाखोरी करने से बचें।

सब्जी व्यवसायियों को भी अनावश्यक भीड़ ना लगाने के दिये गए निर्देश। एवं नए नियम के मुताबिक सुबह 9 से शाम 5:00 बजे तक ही किराना दुकानों को खुला रखें। किराना व्यवसाईयो ने इस पर सहमति जताते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है। इस मीटिंग में थाना प्रभारी जीतेन्द्र तामकार तहसीलदार पीआर पात्र एवं किराना व्यवसायियों की उपस्थिति रही।

तहसीलदार पीआर पात्र ने नगरवासियो से अपील की है की अनावश्यक भीड़ लगाने से बचे,घरों पर ही रहे , मास्क एवं सेनेटाइजर का उपयोग करे हाँथ धोते रहे। एवं लोगो से 1 मीटर की दूरी बनाकर रखे। प्रशासन वायरस की रोकथाम के लिए दिन-रात लगा हुआ है कृपया सहयोग कर अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं।

21 दिनों के लाक डाउन के चलते रेलवे के सभी रिज़र्वेशन, टिकट काउंटर 14 अप्रैल तक बंद

भाटापारा। 21 दिनों का लाक डाऊन की घोषणा के बाद रेल मंत्रालय ने भी अपनी पूर्व घोषणा को आगे बढ़ाते हुए 14 अप्रैल कर दिया है जो की पूर्व में 31 मार्च तक की थी।

उपरोक्त सम्बन्ध में मिली जानकारी अनुसार रेलवे की प्रीमियम ट्रेनों, मेल / एक्सप्रेस ट्रेनों,अन्य यात्रियों ट्रेनों सहित भारतीय रेलवे की सभी यात्री ट्रेन सेवाओं को 14 अप्रैल, 2020 को 24.00 बजे तक के लिए रद्द कर दी गई हैं। जिसके फलस्वरूप बुकिंग कार्यालय, रिज़र्वेशन, अनारक्षित टिकट काउंटर और पार्सल कार्यालयों से कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के प्रयासों के तहत रेल उपयोगकर्ताओं को दूर रखने के उद्देश्य से 14 अप्रैल रात 12 बजे तक आरक्षण कार्यालय, पार्सल कार्यालय, टिकट घर आदि को बंद करने का निर्णय लिया गया है। वही रेलवे ने यात्रियों को आईआरसीटीसी वेबसाइट के माध्यम से अग्रिम आरक्षण अवधि में ई-टिकटों की ऑन-लाइन बुकिंग की सुविधा का उपयोग करने का सुझाव दिया है।

यात्री ट्रेन सेवा अब 14 अप्रैल तक बंद

COVID-19 को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने भी सभी मेल / एक्सप्रेस (प्रीमियम ट्रेनों सहित) पर सभी यात्री ट्रेन सेवाओं यात्री ट्रेनें; मेट्रो रेलवे, कोलकाता की उपनगरीय ट्रेनों और ट्रेनों को 14 अप्रैल रात 12 बजे तक नही चलाने का निर्णय लिया है, मॉलगाड़िया नियमित चलती रहेंगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोरोनाबंदी बनाम लॉकडाउन

श्री मंडल के मुताबिक आप अपने क्षेत्राधिकार में लगाए गए सभी प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें। किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता ना बरती जाए। जो व्यक्ति प्रतिबंधात्मक निर्देशों का उल्लंघन करते पाया जाए उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करें।

प्रदेश में कोरोना के...

मरीज राजनांदगांव में कोरोना पाजिटिव पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनके उपचार की सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में कोरोना का मिला दूसरा पॉजिटिव केस

छत्तीसगढ़ में कोरोना का दूसरा पॉजीटिव मरीज राजनांदगांव मिला। राजनांदगांव जिले का रहने वाला युवक हाल ही में थाईलैंड से लौटा था। बुधवार को कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि युवक कोरोना वायरस पॉजीटिव है। कोरोना पॉजीटिव की पुष्टि होने के बाद राजनांदगांव के भरकापारा को सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बतां दें कि इसके पहले रायपुर की युवती कोरोना पॉजीटिव मिली थी।

क्वारनटाइन में था युवक

विदेश से लौटने के बाद प्रशासन ने युवक को क्वारनटाइन में रखा था। राजनांदगांव कलेक्टर ने बताया कि युवक का सैंपल जांच के लिए भेजा गया था। जिसमें रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। जिले के 62 लोग अभी भी क्वारनटाइन में है। स्वास्थ्य और प्रशासनिक अमला मिलकर लगातार इनकी निगरानी कर रहा है। राजनांदगांव जिले में लगभग सौ से ज्यादा लोग विदेश से लौटे हैं। जिनकी लगातार मॉनीटरिंग पुलिस और प्रशासन कर रहा है।

कारगर दवा नहीं एहतियात बरतना जरूरीः स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कारगर दवा न होने की वजह से एहतियात बरतना ही बुद्धमानी है। इसी वजह से देश में प्रवास से आए व्यक्तियों को बिना किसी के संपर्क में आने की सलाह देकर होम आईसोलेशन में रखा गया है। कोरोना को लेकर जिला अब भी संवेदनशील है।

कोई भूखा नहीं रहेगा...

लोगों को बहुत सहजता के साथ समझ आ सके है। उन्होंने हिंदू नव वर्ष, गुड़ी पर्व और नवरात्रि की बधाई के साथ अपनी बात की शुरुआत की। उन्होंने राहत का ऐलान करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहेगा। उन सभी लोगों तक हम मदद पहुँचा रहे हैं, जो रोज कमाने-खाने वाले हैं. कलेक्टर को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिया गया है उन्हें किसी भी समान की दिक्कत नहीं होनी चाहिए. उन तक हर व्यवस्था पहुँचानी है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दो महीने का राशन पूरी तरह से मुफ्त दिया जाएगा। इसे लेकर सभी राशन दुकानों को निर्देशित कर दिया गया है. वहीं मुख्यमंत्री ने दूसरे प्रदेशों में फंसे राज्य के मजदूरों के लिए भी एक बड़ा ऐलान किया है. सीएम बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि जो भी लोग इस वक्त जहाँ पर फंसे हैं वहीं पर रहे. उन्हें किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। वे संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर रहे हैं। अगर आवश्यकता पड़ी तो वे मजदूरों के खाते में छत्तीसगढ़ सरकार पैसे ट्रांसफर करेगी। वहीं उन्होंने राज्य के लोगों से यह अपील की है कि लोगों 21 दिनों को तप का दिन माने। नवरात्रि के पर्व में हम अपने ईष्ट के पास रहते हैं। बस इसी तरह से हमें अपने घर में रहना है. इन 21 दिनों को आप कानून की सख्ती न समझे, बल्कि यह समझे कि यह जीवन की सुरक्षा है। जीवन को बचाने के जो भी उपाय किए जा रहे हैं वे सब कर रहे हैं। उन्होंने गाँव वालों से कहा कि कोई भी बाहर आना-जाना न करें। न ही किसी को एक गाँव से दूसरे गाँव में आन दीजिए। अभी आप सभी को सजग और सतर्क रहने की जरूरत है।

80 करोड़ लोगों को...

प्रति किलोग्राम में और 37 रुपये किलोग्राम वाला चावल 3 रुपये प्रति किलोग्राम में देने का फैसला किया है। इस पर 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। यह तीन महीने के लिए राज्यों को एडवांस में दिया जाएगा। कोरोना वायरस पर प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए सामाजिक दूरी बनाकर रखें। किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और हेल्थ मिनिस्ट्री की वेबसाइट पर सारी जानकारी लेते रहें। बता दें कि प्रकाश जावड़ेकर कैबिनेट के फैसलों की ब्रीफिंग दे रहे थे। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि इस बीमारी से लड़ने का तीन चार ही तरीके हैं।

राम जन्म भूमि के अस्थाई...

दौरान रामलला की आरती उतारी गई। रामलला के शिफ्टिंग के दौरान कोरोना से सतर्कता का भी ख्याल रखा गया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया गया। आरती व पूजन के बाद सीएम योगी गोरखपुर के लिए रवाना हो गए।

स्पेन रातभर में...

के मौत की पुष्टि की है। बता दें कि चीन में कोरोना वायरस से अब तक करीब 3,281 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन की सरकार के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 738 लोगों की मौत हुई है और यह आंकड़ा 3434 पहुंच गया है। स्पेन में कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या 47,610 है। स्पेन की राजधानी में ही अब तक 1,535 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं अब तक 5,400 स्वास्थ्यकर्मी इस वायरस से संक्रमित हो चुके हैं।

देश बंद, काम ठप...

जहाज का भी ठप है लेकिन यह जरा ख्वाब से आगे की चीज थी। इन तस्वीरों को देख गहरी टीस पैदा होगी। आंखों में आंसू आ जाएं तो कुछ और नहीं बस निर्देशों का पालन करना शुरू कर दीजिएगा ताकि जल्द देश स्वस्थ हो क्योंकि इनकी जिंदगी उसी के सहारे है...।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे® द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

जर्सी के बाद एक्शन फिल्म में नजर आएंगे
शाहिद कपूर

कोरोना वायरस के कारण तमाम सेलेब्स समेत शाहिद कपूर भी घर पर परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। वह सोशल मीडिया के माध्यम से फैन्स से रूबरू होते रहते हैं। हाल ही में शाहिद ने इंस्टाग्राम पर अपने कई फैन्स के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह जल्द ही एक एक्शन फिल्म में नजर आएंगे। दरअसल, एक फैन ने शाहिद से उनकी अगली फिल्म के बारे में पूछा। जवाब में शाहिद ने बताया कि वह जर्सी के बाद एक एक्शन फिल्म करेंगे। कुछ समय पहले मुंबई मिरर की एक रिपोर्ट में दावा किया था कि शाहिद ने एक एक्शन मूवी के लिए डायरेक्टर-प्रोड्यूसर करण जौहर से हाथ मिलाया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि अगले कुछ महीनों में करण जौहर इस फिल्म की घोषणा भी करने वाले हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो करण जौहर की इस फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होगी। फिलहाल फिल्म के प्री प्रोडक्शन का काम चल रहा है। फिल्म में शाहिद जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि एक्शन को लेकर शाहिद कपूर तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि शाहिद नई फिल्म जर्सी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में कोरोना वायरस के कारण इस फिल्म की शूटिंग रोक दी गई। इसकी जानकारी खुद शाहिद कपूर ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी थी।

दिलीप और अमिताभ ने लॉकडाउन का किया स्वागत

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के अभिनय सम्राट दिलीप कुमार और महानायक अमिताभ बच्चन ने 21 दिन के लॉकडाउन का स्वागत किया है। भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले देखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 दिनों के लॉकडाउन का ऐलान किया है। दिलीप कुमार ने भी लॉकडाउन पर रिएक्ट किया है।

दिलीप कुमार ने ट्वीट कर लिखा,«दवा भी, दुआ भी, पहले कुछ फ़ासला भी, वो करीम है रहीम है, और वही मुश्किल कुशा भी। मेरी आप सभी लोगों से अपील है कि घर पर रहें. कोरोना वायरस लॉकडाउन का पालन करें। भगवान आप सभी का भला करें। अमिताभ ने भी सरकार के 21 दिन के लॉकडाउन के फैसले का स्वागत किया है। इसके साथ अमिताभ ने लोगों से घर में सुरक्षित रहने की भी अपील की है। अमिताभ ने अपनी फोटो के साथ एक ट्वीट किया है। अमिताभ ने लिखा,«हाथ हैं जोड़ते विनम्रता से आज हम, सुनें आदेश प्रधान का, सदा तुम और हम. ये बंदिश जो लगी है, जीवदायी बनेगी, 21 दिनों का संकल्प निश्चित कोरोना दफ्नाएगी।

अमिताभ
जिम में पसीना बहा रहे हैं

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की है जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे हैं। कोरोना वायरस की वजह से देश के कई शहरों को लॉकडाउन कर दिया गया है जिसमें मुंबई भी शामिल है। आम लोग ऐं या सेलेब्स सभी घर में क्वारंटाइन यानी बंद हैं। सेलेब्स ने घर को वर्कआउट का अड्डा बना लिया है। क्वारंटाइन के दौरान सेलेब्स अपनी तरह-तरह की फोटो और वीडियोज़ सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। ज्यादातर सेलेब्स ने अपने वर्कआउट करते हुए वीडियो और फोटो शेयर किए हैं।

इस लिस्ट में अब महानायक अमिताभ बच्चन का भी नाम शामिल हो गया है। अमिताभ बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है जिसमें वह जिम में नजर आ रहे हैं। इस फोटो में अमिताभ का केवल चेहरा नजर आ रहा है और वो कैमरे की तरफदेखकर मुस्कुरा रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अमिताभ बच्चन ने कैप्शन में लिखा, «कीप द जिम गोइंग ,बिल्ड रेसिंसटेंस फाइट फाइट फाइट।'

रेड कलर के बाथरोब में नजर आई अंकिता लोखंडे

बॉलीवुड एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे छोटे परदे के बाद अब फिल्मों में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही हैं। हाल ही में उनकी कई फिल्में रिलीज हुई है, जिसमें उनके काम को पसंद किया गया। अंकिता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। अब एक्ट्रेस ने बाथरोब पहने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जो वायरल हो रहे हैं। फोटो में अंकिता काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। उन्होंने रेड कलर का बाथरोब पहन रखा है। फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मिरर और मैं बात गहरी चर्चा करते हुए!' खुले बाल और न्यूड मेकअप में अंकिता गॉर्जस लग रही हैं। एक्ट्रेस ने शीशे के सामने बैठकर कैडिड पोज भी दिए। अंकिता की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है।

अंकिता के पर्सनल लाइफ की बात करें तो वो काफी समय से विकी जैन के साथ रिलेशनशिप में हैं। उन्होंने पिछले साल अपने रिलेशन को ऑफिशियल कर दिया था। वह सोशल मीडिया पर अक्सर विकी के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। गौरतलब है कि अंकिता हाल ही में रिलीज फिल्म बागी 3 नजर आई थीं। फिल्म में टाइगर श्रॉफऔर श्रद्धा कपूर लीड रोल में हैं। अंकिता ने कंगना रनौत की फिल्म मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफझांसी से बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखा था। फिल्म में उन्होंने झलकारी बाई का रोल निभाया था जिसे काफी सराहा गया था।

अमिताभ के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करेंगी कैटरीना!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफमहानायक अमिताभ बच्चन के साथ कॉमेडी फिल्म में काम करती नजर आ सकती है। सुपर 30 और क्वीन जैसी फिल्में बना चुके विकास बहल कॉमेडी फिल्म 'डेडली' बनाने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कैटरीना को इस फिल्म की स्टोरी पसंद आई है और उन्होंने इस फिल्म में काम करने के लिए हामी भरी है। इस फिल्म में पिता का भी रोल महत्वपूर्ण है, ऐसे में विकास और कैटरीना ने अमिताभ बच्चन के साथ इस रोल को डिस्कस किया है। हालांकि अमिताभ ने अब तक इस फिल्म को लेकर कंफर्मेशन नहीं दी है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को इसी साल मई में फ्लोर्स पर जाना था लेकिन कोरोना वायरस के चलते फिल्म की शूटिंग को आगे बढ़ा दिया गया है।

124 वर्षों में पहली बार स्थगित हुआ ओलम्पिक

टोक्यो (वार्ता)। ओलम्पिक आंदोलन के 124 वर्षों के लम्बे इतिहास में यह पहला मौका है जब ओलम्पिक खेलों को स्थगित किया गया है। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने इस साल 24 जुलाई से शुरू होने वाले ओलम्पिक और पैरालम्पिक खेलों को 2021 तक के लिए स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की। टोक्यो ओलम्पिक का आयोजन 24 जुलाई से नौ अगस्त तक होना था।

ओलम्पिक इतिहास में तीन बार ऐसा हुआ है जब ओलम्पिक को रद्द करना पड़ा है और ये खेल विश्व युद्ध के कारण रद्द किये गए थे लेकिन एक वायरस के कारण ओलम्पिक स्थगित होने का यह पहला मामला है और इसके पीछे है वैश्विक महामारी बन चुका कोरोना वायरस। 1916 के ओलम्पिक पहले विश्व युद्ध के कारण रद्द हुए थे जबकि 1940 और 1944 के ओलम्पिक खेल द्वितीय विश्व युद्ध के कारण रद्द हुए थे। 1980 के मास्को ओलम्पिक का अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों ने बहिष्कार किया था जबकि 1984 के लॉस एंजेलिस खेलों का सोवियत संघ और उसके सहयोगी देशों ने बहिष्कार किया था।

खेल जगत ने कोरोना से लड़ने में बढ़ाया मदद का हाथ

नई दिल्ली (वार्ता)। विश्व के लगभग सभी देशों में फैल चुके घातक कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए खेल जगत के कई खिलाड़ी इस खतरे से निपटने के लिए आगे आये हैं और कोरोना के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान करते हुए लोगों से भी सहयोग करने की अपील की है। पूर्व क्रिकेटर और भारतीय जनता पार्टी के पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर ने दिल्ली सरकार को अस्पताल के लिए 50 लाख रुपए अपनी सांसद निधि से देने की पेशकश की है। गौतम ने ट्वीट कर कहा, «बिना हथियार जंग नहीं जीती जाती। कोरोना के इलाज और उपकरणों में कोई कमी ना हो इसलिए मैं चाहता हूं कि अस्पतालों को मेरे सांसद कोष से 50 लाख रुपये दिए जाएं। घर के अंदर रहें, सावधानी और सफ़ाई रखें और सरकार का साथ दें।

रोनाल्डिन्हो जेल में लॉकडाउन

रियो डी जेनेरियो (वार्ता)। ब्राज़ील के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो से विश्व भर में फैल चुके कोरोना वायरस के कारण पराग्वे की जेल में कोई नहीं मिल सकेगा। रोनाल्डिन्हो और उनके भाई रॉबर्टो असीस को पांच मार्च को पराग्वे की राजधानी एसनसियन में फर्जी पासपोर्ट के साथ घुसने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पराग्वे की पुलिस ने याच रिसोर्ट एंड गोल्फ क्लब में प्रेसिडेंशियल सुइट में छापा मारकर रोनाल्डिन्हो और उनके भाई को गिरफ्तार किया था।

पूरे देश में 21 दिन का लॉकडाउन, आईपीएल के टलने की संभावनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए देश भर में 21 दिन के लॉकडाउन की मंगलवार को घोषणा कर दी जिसके बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें संस्करण का टालना भी तय हो गया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। आईपीएल के 13वें संस्करण को मूल कार्यक्रम के अनुसार 29 मार्च से शुरू होना था लेकिन कोरोना को वैश्विक महामारी घोषित किये जाने के चलते भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसे 15 अप्रैल तक के लिए निलंबित कर दिया था। देश में 21 दिन का लॉकडाउन लगाए जाने के बाद यह संभावना प्रबल हो गयी है कि आईपीएल को अब टालना पड़ेगा। अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) और मेजबान देश जापान ने 24 जुलाई से होने वाले टोक्यो ओलम्पिक को 2021 तक के लिए स्थगित कर दिया है।

बीसीसीआई अपने घरेलू टूर्नामेंटों को स्थगित कर चुकी है, दुनिया में अधिकतर खेल टूर्नामेंट या तो स्थगित किये जा चुके हैं या फिर रद्द हो चुके हैं। हर देश ने अपने यहां क्रिकेट को स्थगित कर रखा है। विदेशी खिलाड़ियों के अब भारत आने की कोई संभावना नहीं है। 21 दिन का लॉक डाउन 14 अप्रैल को समाप्त होगा और बीसीसीआई को आईपीएल के 15 अप्रैल तक के निलंबन को अनिश्चितकाल के लिए आगे बढ़ाना होगा। आईपीएल की फ्रेंचाइजी टीमें अपने शिविर को रद्द कर चुकी हैं, खिलाड़ी अपने घर लौट चुके हैं, विदेशी खिलाड़ियों के भारत आने की कोई संभावना नहीं है, ऐसे में बीसीसीआई के पास आईपीएल को स्थगित करने के अलावा कोई

कभी नहीं सोचा था कोलकाता में इतना सन्नाटा होगा : गांगुली

कोलकाता (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने अपने गृहनगर कोलकाता की सड़कों की कुछ तसवीरें साझा करते हुए कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि शहर की सड़कों पर कभी इस कदर सन्नाटा पसर जाएगा। विश्व के लगभग सभी देशों में फैल चुके जानलेवा कोरोना वायरस के कारण पूरे देशभर में लॉकडाउन की स्थिति है और लोगों को अपने घरों में ही रहने की हिदायत दी जा रही है। गांगुली ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर शहर के मुख्य स्थानों की तसवीरें साझा करते कहा, «कभी नहीं सोचा था कि मेरा शहर कोलकाता इस तरह दिखेगा। सुरक्षित रहिये, यह स्थिति जल्द ही बदल जायेगी।

जापान में ही रहेगी ओलम्पिक ज्योति

टोक्यो (वार्ता)। जापान ने टोक्यो ओलम्पिक को कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के चलते 2021 तक स्थगित करने का फैसला किया है लेकिन ओलम्पिक ज्योति जापान में ही रहेगी और इन खेलों का नाम ओलम्पिक और पैरालम्पिक टोक्यो 2020 ही रहेगा। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक के साथ मंगलवार को कॉन्फ्रेंस कॉल करने के बाद एक संयुक्त बयान जारी कर यह घोषणा की। उनके साथ टोक्यो 2020 आयोजन समिति के अध्यक्ष मोरी योशिरो, आईओसी समन्वय आयोग के अध्यक्ष जॉन कोट्स, आईओसी के महानिदेशक क्रिस्टोफ डी केपर और आईओसी के ओलम्पिक खेलों के कार्यकारी निदेशक क्रिस्टोफ डुबी मौजूद थे। आबे और बाक ने वैश्विक महामारी बन चुके कोविड-19 पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, «हमारे लिए लोगों का जीवन सबसे बड़ी चिंता है और हमें यह भी देखना था कि कोरोना के कारण दुनिया भर के खिलाड़ियों की तैयारियों पर इसका क्या प्रभाव पड़ रहा था।«

महिला एवं पुरूषों के लिए होगा नए अभ्यास कार्यक्रम की घोषणा

टीमों के लिए नया कार्यक्रम तय करेंगे: हॉकी इंडिया

विश्वभर में कहर बरपा चुके जानलेवा कोरोना वायरस के खतरे के कारण मंगलवार को स्थगित किये गए टोक्यो ओलम्पिक के बाद हॉकी इंडिया ने पुष्टि करते हुए कहा है कि वह पुरुष और महिला हॉकी टीम के कोचों के साथ मिल कर दोनों टीमों का नया अभ्यास कार्यक्रम तय करने पर काम करेगा।

नई दिल्ली (वार्ता)। हॉकी इंडिया केअध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने कहा, हमने दोनों टीमों के कोचों को टोक्यो ओलम्पिक के स्थगित किये जाने की जानकारी दे दी है। निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इस खतरनाक महामारी से पूरा विश्व प्रभावित हुआ है। ओलंपिक के रद्द किये जाने से हमारा उद्देश्य नहीं बदलेगा और ओलंपिक में सफलता हासिल करने के लिए हम भारतीय ओलंपिक संघ और खेल मंत्रालय के साथ मिल कर काम करते रहेंगे। महिला और पुरुष टीमें फिलहाल बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) परिसर में रह रहे हैं जहां उनकी ट्रेनिंग चल रही थी। साई के साथ विचार विमर्श के बाद दोनों टीमों के कोचों के साथ बैठक की जायेगी जिसमें अभ्यास और आगे के कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई जायेगी। भारतीय हॉकी पुरुष टीम के कोच ग्राहम रीड ने कहा,«यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ओलंपिक का आयोजन 2020 में नहीं होगा लेकिन विश्व में वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह अपेक्षित और समझे जाने वाला फैसला है। मुझे उन खिलाड़ियों के लिए बेहद बुरा लग रहा है जिन्होंने चार वर्ष तक लगातार इस मौके का इंतजार किया था। हम खुशकिस्मत है कि साई ने टीम के लिए एक सुरक्षित माहौल बना रखा है जिसमें ट्रेनिंग की जा सकती है।

कोरोना महामारी से सभी को सबक मिलेगा: अश्विन

चेन्नई (वार्ता)। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि कोरोना वायरस की महामारी से सभी को कुछ सबक मिलेगा और लोग भविष्य को लेकर सतर्क रहेंगे। कोरोना के कारण भारत सहित दुनिया भर के सभी देशों में सभी क्रिकेट गतिविधियां बंद हो चुकी हैं। अश्विन इस समय चेन्नई स्थित अपने घर में हैं और घर में खुद को फिट बनाये रखने की कोशिश कर रहे हैं ताकि कोरोना का खतरा समाप्त होने के बाद वह मैदान में पूरी फिटनेस के साथ उतर सकें। उन्होंने कहा कि यदि हम महामारी पर काबू पा लेते हैं तो यह भविष्य के लिए एक बड़ा सबक होगा।

अश्विन ने क्रिकइंफो को दिए साक्षात्कार कहा, «यह समय समाधान का पता लगाने का है न कि किसी देश को इस महामारी के लिए जिम्मेदार ठहराने का। फिलहाल सबसे बेहतर समाधान यही है कि सब एक दूसरे से दूरी बनाये रखे। उम्मीद है कि वैज्ञानिक जल्द इसका समाधान निकाल लेंगे। यह सभी के लिए एक सबक है। हम खेल को बहुत गंभीरता से लेते है लेकिन खेल से बहुत बड़ी चीजें हैं जो इसे बाधित कर सकती हैं। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, «बहुत सारा समय होने के बावजूद मैंने क्रिकेट के बारे में ज्यादा नहीं सोचा है।

जिलों की सीमाओं को किया सील, सरहदों पर पुलिस बल तैनात

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली । नोवल कोरोना वायरस की संक्रमण के बचाव हेतु स्वास्थ्यगत अपातकालीन स्थिति को नियंत्रण मे रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कदम उठाये जा रहे है। इसी तारतम्य मे कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने दूसरे राज्य तथा दूसरे जिलों की सीमाओं को छूने वाले सीमाओं को सील कर दिया है और सभी सरहदों पर पुलिस के जवान तैनात कर दिये है। केवल निजी वाहनों को भी जिले के सीमा में घुसने के अनुमति है । वह भी काम बताकर जिले की सीमा में घुस सकेगें ।

इसी तरह शहर की भीतर भी बेवजह घूमने पर कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. भुरे ने बताया कि जिले मे धारा 144 लागू है। इस दौरान उन्होने चैक-चैराहों में भीड़ एकत्रित नही होने, कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, आवश्यक खाद्य पदार्थ, किराना समान एवं डेलीनिड्स, की सामाग्री को लेने हेतु घर से एक ही व्यक्ति को प्रस्थान करने की समझाईश दी है। उन्होने दुकान, व्यवसायिक संस्थान किराना दुकान, सब्जी, डेयरी एवं डेलीनिड्स सुबह 10 बजे से शाम

5 बजे तक ही खुला रखने, मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप को सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रखने तथा अस्पताल शासकीय निजी इमरजेंसी सेवाएं पूर्ण कालिक रूप से संचालित करने के निर्देश दिये है। इन सेवाओं के अलावा अन्य दुकान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेगें। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में बाहरी लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है। अतः जिले के कोई बाहरी व्यक्ति का प्रवेश न करें न ही जिले का कोई व्यक्ति जिले की सीमा से बाहर जाए। सभी धार्मिक स्थलों मे पुजारी द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी, श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्जित रहेगा। मनरेगा और धान परिवहन के कार्य जारी रहेगें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये है।

राजस्व, पुलिस और नगरीय निकायों के अधिकारी तैनात

मुंगेली। कोरोना वायरस को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है, और लगातार जन सहयोग की अपेक्षा की जा रही है, स्वंम जिला दंडाधिकारी ने पहल करते हुए कमेटी गठित की है जो अपने अपने क्षेत्रो की कमान समालेगे, जिसके लिए उन्होने मुंगेली, पथरिया, लोरमी के प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी है। कोरोना वायरस की संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत अपातकालीन स्थिति को नियंत्रण मे रखने के लिए जिले में 31 मार्च 2020 या आगामी आदेश पर्यन्त तक धारा 144 लागू है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने इस अवधि को लॉकडाउन किया है। उन्होने नगरीय क्षेत्रो में लॉकडाउन की स्थिति पर नजर रखने के लिए संयुक्त रूप से राजस्व, पुलिस और नगरी निकाय के अधिकारियों को तैनात किया है। जारी आदेश के अनुसार मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय दंडाधिकारी चित्रकांत वाली ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तेजराम पटेल और मुंगेली नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र कुमार पात्रे सम्पूर्ण नगर पालिका क्षेत्र मुंगेली में लॉकडाउन स्थिति पर नजर रखेगें। इसी प्रकार मुंगेली तहसील के तहसीलदार एवं कार्य पालिक दंडाधिकारी अमित सिन्हा , मुंगेली के पुलिस निरीक्षक अशीष अरोरा एवं दिलीप प्रभाकर, सहायक अभियंता अनुज कुमार सोनी मुख्यालय ढाऊपारा चैक से ग्राम पंचायत सीमा तक , लालपुर मार्ग और रेस्टहाउस एवं रामगढ़ क्षेत्र, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी उमाकांत जायसवाल , प्रधानशिक्षक पुलिस शिक्षण्ण कोसरिया और उपअभियंता गणेश नामदेव, मुख्यालय पड़ाव चैक, पड़ाव चैक से बस स्टैण्ड रोड, सम्पूर्ण मुख्य शहर पडरिया रोड, स्टेडियम तक, सधी कालोनी रायपुर रोड जिला अस्पताल मार्ग एवं आस-पास के क्षेत्र मे लॉकडाउन स्थिति पर नजर रखेगें।

मेडिकल स्टोर व्यवस्थित, भीड़ जुटा कर काटे ट्रैफिक चालान

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । शहर में एक ओर प्रशासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने पुलिसकर्मी जगह-जगह राह चलते लोगों को सख्त निर्देश दे रहे, तो दूसरी ओर खुद यातायात पुलिस की टीम खुलेआम कायदे तोड़ते दिखाई दी। निहारिका स्थित मेडिकल स्टोर में काउंटर पर नजदीक खड़े होने की बजाय दवा लेने आए लोगों के लिए बरामदे में कुर्सियां लगाकर उन्हें दूरी बनाकर बैठने व अपनी बारी का इंतजार करने की व्यवस्था दी गई थी। इधर, ट्रांसपोर्ट नगर चौक में खड़े यातायात एएसआई सड़क पर चालकों की भीड़ लगाकर चालान काटते देखे गए।

कोरोना वायरस के संक्रमण के बढ़ते कदम रोकने शासन-प्रशासन के निर्देश पर जिला पुलिस आम लोगों पर हर संभव सख्ती बरतने से नहीं चूक रही। जगह-जगह बैरिकेट्स लगाकर लोगों के घर से बाहर निकलने की वजह भी पूछी जा रही। अपने कार्यस्थल या जरूरी काम से निकलने वालों पर भी सख्त होते हुए जाने दिया जा रहा पर बिना ठोस कारण सड़क पर दिखने वालों को कड़ी हिदायद भी दी जा रही। इधर नगर निगम के निर्देश पर भी पुलिस की ओर से छोटे दुकान व ठेले-गुमटियों को भी बंद रखने कहा जा रहा, ताकि कहीं भी बेवजह की भीड़ जुटने से बचा जा सके। इन सब कवायदों के बीच मंगलवार को यातायात पुलिस की टीम ट्रांसपोर्टनगर चौक में चालकों की भीड़ इकट्ठी कर सड़क पर उनसे घिरी दिखाई दी। यहां ट्रैफिक पुलिस के एएसआई वैभव तिवारी अपनी टीम के साथ चालकों की जांच कर रहे थे। नियम तोड़ते पकड़े गए चालकों के खिलाफ चालान काटा जा रहा था। कार्रवाई तक तो ठीक था, पर लोगों की भीड़ जमा कर इस तरह सड़क पर की जा रही चालानी कार्रवाई से संक्रमण का डर पैदा किया गया।

कंधों पर जवाबदारी, खुले आम नाफरमानी

मीड़ जमा न हो पाये शासन-प्रशासन से जारी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित करने की जवाबदारी पुलिस के कंधों पर है। ऐसे में यातायात पुलिस की ओर से सड़क पर बिना वजह न निकलने व घर के भीतर रहने के निर्देश दरकिनार कर रहे बाइक चालकों के खिलाफकार्रवाई कर संभवतः यही कोशिश की गई होगी, कि कार्रवाई के डर से ही सही, लोग बाहर न निकलें। पर इस तरह बेतरतीब भीड़ जमा कर खुद पुलिस एएसआई तिवारी ही निर्देशों की खुले आम नाफरमानी का कारण बनना कहां तक उचित है। इस तरह तो उन्होंने अपने ही विभाग को भीड़ जमा करने का जवाबदार बना दिया, जो उचित नहीं।

दवा लेने सलीके से अपनी बारी का इंतजार

मेन रोड निहारिका में संचालित गरिमा मेडिकल स्टोर में मंगलवार को कमी गई व्यवस्था दूसरों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बन गई। यहां दवा दुकान संचालक ने अति आवश्यक सेवा का शुचारू संचालन जारी रखने के लिए उम्दा इंतजाम कर रखा था। इसमें दवा की जरूरत पूरा करने पहुंचे मरीज के परिजनों को भीड़ में खड़े होने से रोकने के साथ उनके लिए राहत की व्यवस्था भी की गई थी। लोगों के लिए दवा दुकान के बरामदे में कुर्सियां व पीने के पानी की व्यवस्था रखी गई थी, जिसमें बैठकर उन्हें विश्राम तो मिला ही, धीरजपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करने की सीख भी मिली, ताकि वे संक्रमण के खतरे से भी बचे रहें।

न्यूज गैलरी

कोरोना संक्रमण से गांव ने किया लॉक डाऊन

पिथौरा। कोरोना वायरस पर रोक लगाने प्रधानमंत्री द्वारा पूरे देश मे लॉक डाऊन का असर गांव में दिखाने लगा ग्रामीणों द्वारा गांव को लॉक डाऊन कर संक्रमण से बचाव का अपना तरीका निकाला है महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लाक मे ग्राम ठाकुरदिया मे कोरोना वायरस के बचाव मे बैनर लगा कर बाहरी लोगों का आन मना कर दिया गया है पिथौरा सहित पूरे जिले मे लॉक डाऊन की स्थिति कायम है लोगों ने

खुद को घरों के अंदर बंद कर लें, जरूरी हो तभी घरों से बाहर निकले : कलेक्टर

बेमेतरा/साजा। नोबेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव श्रीमती निहारीका बारिक सिंह ने आज मंगलवार को विडियो कान्फ्रेसिंग लेकर कलेक्टरों से बातचीत की। कलेक्टर बेमेतरा श्री शिव अनंत तायल ने वीसी मे शामिल होकर जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे उपाय के संबंध मे जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि बेमेतरा जिले मे कोरोना का कोई भी केस नही पाया गया है। एहतियात के तौर पर यदि कोरोना के संदिग्ध मरीज पाए जाने पर उनको भर्ती करने के लिए जिला चिकित्सालय मे संक्रमण को ध्यान मे रखते हुए आईसोलेटेड वार्ड तैयार किया गया है। जहाँ उनका इलाज सुनिश्चित किया जायेगा। कलेक्टर ने आम लागों से सतर्कता बरतने की अपील की। शासन द्वार भी इससे बचने के लिए जन-जागरुकता एवं विशेष प्रयास किए जा रहे है। कलेक्टर श्री तायल ने आम लोगों से अफवाहो पर ध्यान नही देने की अपील की है। उन्होने कहा कि सही जानकारी ही संक्रमण से बड़ा बचाव है।

नोबल कोरोना को लेकर श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित मे निर्देश जारी

बेमेतरा/साजा । नोबेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा दिशा निर्देश प्रसारित किये गये है। वर्तमान उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आपके संस्थान, स्थापना में कार्यरत् कर्मचारी, श्रमिक (स्थायी, अस्थायी, ठेका) आदि के स्वास्थ्य, सुरक्षा, वेतन, भत्ता एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में कार्यवाही किये जाने हेतु सचिव, छ.ग. शासन, श्रम विभाग, नवा रायपुर द्वारा निम्नानुसार निर्देश जारी किया गया है। आपके अधीनस्थ कार्यरत, कर्मकार, श्रमिक आदि को सहूलियत के हिसाब से कार्य लिया जावे और आवश्यक होने पर उनके निवास से भी कार्य करने हेतु व्यवस्था किया जावे। यदि कोई कर्मचारी, कर्मकार, श्रमिक आदि इस बीमारी से पीड़ित हो तो उनके स्वास्थ्य लाभ हेतु संपूर्ण सहयोग के साथ-साथ आवश्यकतानुसार सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया जावे। वर्तमान असाधारण परिस्थिति में आपके संस्थान में कार्यरत किसी भी कर्मचारी, कर्मकार, श्रमिक आदि की सेवाएं समाप्त, छटनी, सर्विस ब्रेक न किया जावे, और न ही किसी कर्मचारी, कर्मकार, श्रमिक आदि के वेतन अथवा देय स्वत्वों में कोई भी कटौती की जावें।

लोकवाणी में इस बार 'पानी की परवाह' विषय पर होगी बात

बेमेतरा/साजा । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'पानी की परवाह' विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नम्बर 0771-2430501, 2430502, 2430503, पर 25, 26 एवं 27 मार्च को अपराह्न 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकार्ड करा सकते हैं। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता से रु-ब-रु होने, प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को लोगों के बीच अपनी बात साझा करते हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 9वीं कड़ी का प्रसारण आगामी रविवार 12 अप्रैल को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम. रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा।

लॉकडाउन की स्थिति में पुलिस विभाग करेगा सहयोग

बेमेतरा/साजा। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से निबटने जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे है। कोरोना के चलते लॉकडाउन की स्थिति मे कोई भी बेमेतरा जिले से बाहर या राज्य से बाहर के नागरिक हमारे जिले मे किसी कारण से अटके हों, तो किसी भी माध्यम से या अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस के मोबाइल नंबर. 9479191400 पर सूचित कर सकते है, उनकी हर संभव मदद की जाएगी ।

नवरात्री पर्व आरंभ, मंदिरों के पट कुछ समय के लिए खुले

मुंगेली। चैत्र नवरात्री पर भी कोरोना वायरस की छाया स्पस्ट नजर आने लगी है आज से चैत्र नवरात्री का पर्व आरंभ हो गई, जिसके तहत मंदिरो के पट कुछ समय के लिए खुले माई कलश स्थापना के पश्चात मंदिर परिसर में प्रशासन की पहल पर सुरक्षा को ध्यान रखते हुए बंद कर दिया गया, ताकि मंदिरो में भीड भाड न हो सके ।

जिले में आस्था के इस पर्व पर लोगो की भारी भीड मंदिरो में रहती है, नगर के प्राचिन मंदिर महामाया दाउपारा, महामाया सोनार पारा , महामाया मलहापारा , काली मंदिर खरिंपारा, शक्तिमाई मंदिर, अष्टभुजी दुर्गा मंदिर हथनिकला में लोगों का ताता अनवरत बना रहता है, चैत्र और क्वार की नवरात्र में इन

मंदिरों में प्रतिवर्ष हजारो की संख्या में ज्योति कलश जलाया जाता है, परंतु इस बार जिला प्रशासन ने कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते मात्र माई ज्योति कलश जलाया जाना है, इस बार की नवरात्र में ज्योतिकलश के लिए कटे रसियों को शासन की निर्देशो के अनुसार वापस किया जाना है।नोवल कोरोना वायरस की संक्रमण के बचाव हेतु स्वास्थ्यगत स्थिति को देखते हुए जिले में धारा 144 लागू है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आपदा प्रबंधन एक्ट के धाराओं के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 144 लागू की है। इस दौरान उन्होने चैक-चैराहों में भीड़ एकत्रित नही होने, कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, अनावश्यक खाद्य पदार्थ, किराना समान एवं डेलीनिड्स, की सामाग्री को लेने हेतु घर से एक ही व्यक्ति को प्रस्थान करने की समझाईश दी है। उन्होने दुकान, व्यवसायिक संस्थान (किराना दुकान, सब्जी, डेयरी एवं डेलीनिड्स) सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही खुला रखने, मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप को सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रखने तथा अस्पताल (शासकीय निजी), इमरजेंसी सेवाएं पूर्णकालिक रूप से संचालित करने के निर्देश दिये है। इन सेवाओं के अलावा अन्य दुकान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेगें। उन्होने कहा है कि जिले में बाहरी लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है। अतः जिले में कोई बाहरी व्यक्ति का प्रवेश न करें न ही जिले का कोई व्यक्ति जिले की सीमा से बाहर जाए। सभी धार्मिक स्थलों मे पुजारी द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी, श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्जित रहेगा। मनरेगा और धान परिवहन के कार्य जारी रहेगें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है। उन्होने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये है।

कलेक्टर की पहल पर चैत्र नवरात्र में कर सकेगें मॉ कुदरगढ़ी के दर्शन

सूरजपुर। कोरोना महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए शासन से प्राप्त निर्देषो के अनुसार कलेक्टर श्री दीपक सोनी के द्वारा चैत्र नवरात्र पर लगने वाले कुदरगढ़ धाम के प्रसिद्ध मेले को बंद करने का निर्णय लिया गया था, जिसपर श्रद्धालुओं से अपील भी की गई थी, की वे घर पर रहकर ही पूजा-पाठ करें जिससे कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से नियंत्रित किया जा सके। आमजनों के द्वारा भी इस अपील पर अमल करते हुए घर पर ही रहना उचीत समझा है और मेले परिसर पर श्रद्धालु नहीं आ रहे हैं। कलेक्टर श्री दीपक सोनी के द्वारा श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा और कुदरगढ़ धाम की प्रसिद्धि को देखते हुए पहल कर ऑनलाईन माध्यम के द्वारा चैत्र नवरात्र में लाईव आरती दिखाने का प्रबंध किया गया और आज 25 मार्च 2020 चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस की आरती ऑनलाईन सोसल साईट इंस्टाग्राम ,फेसबुक, ट्विटर, पर शेयर किये गये लिंक के माध्यम से लोगो को दिखाया गया और माता के दर्षन करने का अवसर दिया गया।

कोरोना संक्रमण को लेकर दहशत फैलाने, फेक न्यूज जारी करने वालों पर कानूनी कार्यवाही संभव''

बेमेतरा/साजा। नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के संबंध में राज्य शासन द्वारा संतुलित, तथ्यपरक तथा पुष्ट समाचार जारी करने का आग्रह विभिन्न समाचार माध्यमों, सोशल मीडिया से किया गया था, लेकिन कतिपय व्यक्तियों तथा संस्थाओं द्वारा अवांछित समाचार प्रकाशित तथा प्रसारित करने की शिकायतें मिल रही हैं। राज्य शासन द्वारा गठित 'राज्य स्तरीय फेक न्यूज नियंत्रण एवं विशेष मॉनिटरिंग सेल' ने इन खबरों को गंभीरता से लिया है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से ऐसी खबरें जारी की जा रही है, जिससे जनमानस में भ्रम अथवा दहशत का वातावरण बन रहा है और लोग उसकी पुष्टि के लिए सम्पर्क कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसी विभिन्न खबरों को फेक न्यूज बताया गया है।

कोरोना से बचाव के लिए मास्क वितरण

लवन। जिला मुख्यालय से महज 14 किलोमीटर दूर मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा मे ढ़नढ़नी बरदा मोड़ के पास पिछले 3 वर्षों से किराए के मकान पर निवासरत बीआईपी टेलर्स के नाम से प्रसिद्ध ग्राम बरदा निवासी ईगेश्वर वर्मा मे कुछ अच्छे कार्य करने की ललक हमेशा से हैं और उनके लिए प्रतिबद्ध भी रहते हैं। इन दिनों देश प्रदेश में कोरोना वायरस नामक संक्रमण के कहर से लोग जूझ रहे हैं। कोरोना वायरस नामक संक्रमण से बचाने लोगों को जागरूक करने जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ईगेश्वर वर्मा के द्वारा भी लोगों को स्वास्थ्य पर के प्रति जागरूकता रहने व सावधानी बरतने लोगों को मास्क पहनने की बात कहते हुए खुद के पैसे से कपड़ा लाकर मास्क बनाकर जरूरतमंदों को मास्क का वितरण किया जा रहा है।

आवश्यक सेवाओं और वस्तुओं के संस्थानों में कलेक्टर के निर्देश पर किया जा रहा सोशल डिस्टेंसिग मार्किंग

■ मार्किंग पर खड़े होकर ग्राहक करेगें अपनी बारी का इंतजार

सूरजपुर। कोरोना वायरस आज एक वैष्विक महामारी बन गई है इस समय भारत सरकार और राज्य सरकार सोषल डिस्टेसिंग के लिए हर संभव प्रयास कर रही है जिससे वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। संपूर्ण भारत में लॉकडाउन कर दिया गया है, जिससे सोषल डिस्टेसिंग को मेंटेन किया जा सके। इधर जिला प्रषासन सूरजपुर के द्वारा भी जिले में 144 धारा लागु करते हुए लॉकडाउन किया है, जिसमें रोजमर्रा की आवष्यक वस्तुओं की दुकानों जैसे- मेडिकल दुकानें, फल दुकानें, किराना दुकान एवं आवष्यक वस्तुओं का विक्रय करने वाले संस्थानों को प्रतिबंधो से छूट दी गई है। ऐसे में इन जगहों पर लोगो की भीड़ एकत्र न हो और सोषल डिस्टेसिंग का मेंटेन करने के लिए कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने सभी नगरपालिका अधिकारियों को संबंधित दुकानों के सामने मार्किंग करने के निर्देष दिये हैं।

इस प्रकार कार्य करेगी मार्किंग

समस्त आवश्यक सेवाएँ देने वाली दुकानों के सामने इस प्रकार मार्किंग की जा रही है, कि वहाँ आने वाले व्यक्ति अपने मार्क किये हुए जगह पर खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करेंगे यह मार्किंग निर्धारित दुरी तय कर की गई है, जिससे दो व्यक्ति के बीच इतनी दुरी रखी गई है, कि संक्रमण का प्रभाव एक दुसरे को न हो। इसके साथ ही दुकान या संस्थान के अंदर एक बार में एक व्यक्ति को ही प्रवेष करने दिया जा रहा है, जिससे अनावश्यक भीड़ न हो। इस प्रकार शेष ग्राहक अपनी बारी का इंतजार करेगें और बारी आने पर ही दुकान या संस्थान के अंदर प्रवेष करेंगें।

लोक सेवा केंद्र, ग्रामीण लोक सेवा केंद्र/सामान्य सेवा केंद्र रहेंगे बंद

बेमेतरा/साजा। कलेक्टर श्री शिव अनंत तायल के निर्देश पर जिले में संचालित समस्त लोक सेवा केंद्र, ग्रामीण लोक सेवा केंद्र, सामान्य सेवा केंद्र, आधार केंद्रों को वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण को रोकने के लिए 31 मार्च 2020 तक अथवा आगामी आदेश पर्यन्त तक पूर्णतः बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। ई-डिस्ट्रीक मैनेजर श्री महेन्द्र वर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय समय पर जारी निर्देशो के अनुसार जिला सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा जिले में संचालित समस्त लोक सेवा केंद्र, ग्रामीण लोक सेवा केंद्र, सामान्य सेवा केंद्र एवं आधार केंद्रों को 31 मार्च 2020 तक अथवा आगामी आदेश पर्यन्त तक पूर्णतः बंद कर दिया गया है।

सावधानी जिले में बाहरी लोगों के आवागमन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल आम जनता के लिए पूर्णतः बंद

आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं के आवागमन को छोड़कर जिले की सभी सीमाएं सील

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुनील कुमार जैन ने महामारी रोग अधिनियम, 1897 के संदर्भ में जिला महासमुन्द के समस्त सीमा क्षेत्र के अंतर्गत संक्रमण से बचाव एवं स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पूर्णतया तालाबंदी (लॉकडाउन) की गई है।

जारी आदेश में उन्होंने कहा है कि जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय कार्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद किया गया है। सभी पदाधिकारी तथा कर्मी अपने घर से सरकारी कार्यों का निष्पादन करेंगे। परन्तु वे मुख्यालय का परित्याग नहीं करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर कार्यालय प्रमुख उन्हें कार्यालय में बुला सकेंगे। जिले में समस्त सार्वजनिक परिवहन सेवाएं जिसमें निजी बसें, टैक्सी, ऑटो-रिक्शा, बसें, ई-रिक्शा, रिक्शा इत्यादि भी शामिल है, के परिचालन को तत्काल प्रभाव से बंद किया गया है। केवल इमरजेंसी मेडिकल सेवा वाले व्यक्तियों को वाहन द्वारा आवागमन की अनुमति रहेगी। ऐसी निजी वाहन जो इस आदेश के अंतर्गत आवश्यक वस्तुओं-सेवाओं के उत्पादन एवं उनके परिवहन का कार्य कर रहें हो, उन्हें भी अपवादिक स्थिति में तात्कालिक आवश्यकताओं को देखते हुए परिवहन की छूट रहेगी। आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं के आवागमन को छोड़कर जिले की सभी सीमाओं को सील किया गया है। किसी भी माध्यम (सड़क, रेल एवं अन्य माध्यम) से जिले में बाहरी लोगों के आवागमन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। अन्तर जिला बस के परिवहन को भी तत्काल प्रभाव से बंद किया गया है। महासमुन्द जिले में निवासरत नागरिकों को भी जिले के सीमा से बाहर जाने पर प्रतिबंधित किया गया है। सभी दुकानें व्यवसायिक प्रतिष्ठान, कार्यालय, फैक्ट्री, गोदाम, साप्ताहिक हाट-बाजार आदि अपनी सम्पूर्ण गतिविधियों को बंद रखेगी। जिले के अंतर्गत स्थित औद्योगिक-व्यापारिक संस्थानों को निम्न परिस्थितियों के अंतर्गत छूट रहेगी। ऐसी औद्योगिक इकाईयां जो दवाईयों के उत्पादन एवं निर्माण से संबंधित है, उनको इस प्रतिबंध से छूट रहेगी।

आदेश में आगे कहा गया है कि ऐसी इकाईयां जो आवश्यक वस्तुओं जैसे खाद्य एवं खाद्य से संबंधित पदार्थो, डेयरी यूनिट इत्यादि से संबंधित है, उन्हें भी इस प्रतिबंध से छूट रहेगी। ऐसी इकाईयां जिन्हें उक्त प्रतिबंध से छूट प्रदान की जा रही है, उनके लिए आवश्यक होगा कि वे न्यूनतम अनिवार्य आवश्यकता तक ही कर्मचारियों-अधिकारियों को उपयोग करेंगी एवं संक्रमण विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार, राज्य शासन तथा समय-समय पर अन्य संस्थानों के द्वारा महामारी से सुरक्षा हेतु दिए जा रहे निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करेंगें। इन इकाईयों के प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के सामूहिक आवागमन हेतु वाहन व्यवस्था किसी भी स्थिति में उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

न्यूज गैलरी

गो-एयर का ऐलान, कर्मचारियों के मार्च के वेतन में होगी कटौती

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की वजह से विमानन सेवा ठप है। ऐसे में एविएशन सेक्टर में काम करने वाले लाखों लोगों की चिंता बढ़ चुकी है। इस बीच गोएयर ने मार्च महीने में कर्मचारियों के वेतन में कटौती की घोषणा कर दी है। सीईओ विनोद दुबे ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यात्रा प्रतिबंधों की वजह से उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। गोएयर ने पहले ही लागत में कटौती के कुछ उपाय किए हैं। इन उपायों में पायलटों की छुट्टी करना, कर्मचारियों को क्रमिक रूप से अवैतनिक अवकाश पर जाने के लिए कहना और शीर्ष नेतृत्व के वेतन में 50 प्रतिशत तक कटौती का फैसला शामिल है। दूबे ने कर्मचारियों से एक आधिकारिक संदेश में कहा, 'वर्तमान परिस्थितियों में हमारे पास इसके सिवा कोई विकल्प नहीं बचा है कि मार्च महीने के लिए हम सभी के वेतन में कटौती करेंगे।

आवश्यक वस्तुओं पर सरकार की नजर

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान ने बुधवार को कहा कि कोरोनावायरस के प्रकोप के चलते उत्पन्न स्थिति में तमाम आवश्यक वस्तुओं की बाजार में उपलब्धता लगातार बनाए रखने पर सरकार की नजर है और ऐसी किसी भी चीज की किल्लत नहीं हो इसके लिए राज्य सरकारों से संपर्क में है। उन्होंने व्यापारियों से मुनाफाखोरी नहीं करने की अपील की है। पासवान ने एक ट्वीट के जरिए कहा, 'कोरोना (कोविड-19) के खतरे से उत्पन्न स्थिति में तमाम आवश्यक वस्तुओं की बाजार में उपलब्धता पर सरकार की लगातार नजर बनी हुई है और केंद्र सरकार सभी राज्य सरकारों के संपर्क है ताकि कहीं भी किसी चीज की किल्लत न हो। सभी उत्पादकों और व्यापारियों से भी अपील है कि इस घड़ी में मुनाफाखोरी से बचें।'

महंगा हुआ कच्चा तेल

सिंगापुर। कोरोना वायरस की मार से झेल रहे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा से पहले एशिया में कच्चे तेल की कीमत बढ़ गई है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 2.9 फीसदी उछाल के साथ 28 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी बेंच मार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 3.5 फर्सेंट चढ़कर 25 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। दोनों ही बेंचमार्क में हाल के कुछ सप्ताह में भारी गिरावट आई है। कोरोना वायरस की वजह से लॉकडाउन, यात्रा प्रतिबंधों के अलावा सऊदी अरब और रूस के बीच प्राइस वॉर की वजह से कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कई साल के निचले स्तर पर आ गई हैं। बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में यह वृद्धि अमेरिकी शेयर बाजार में 11.4 फर्सेंट की तेजी के बाद आई।

कोरोना वायरस की वजह से इकॉनमी को तगड़ा झटका

कैसे दोबारा पटरी पर लौटेगा भारत?

मुंबई। 21 मार्च को जब एक ट्रेन देश के पूर्वी भाग के लिए मुंबई से निकल रही थी तो यह खचाखच भरी हुई थी। बड़ी संख्या में दिहाड़ी मजदूर अपने घर उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जा रहे थे। कोराना वायरस की वजह से काम ठप हो गया तो उनके लिए शहर में रहना काफी महंगा था। लेकिन रेलवे ने अब पैसेंजर ट्रेनों को 31 मार्च तक रद्द कर दिया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में मजदूर शहरों में रह गए, लेकिन उनके पास आय का साधन नहीं है। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए देश इस समय लॉकडाउन है। देश को इसकी बड़ी आर्थिक कीमत भी चुकानी पड़ रही है। दिहाड़ी मजदूर, छोटो कारोबारी और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों कामगारों पर इसकी मार पड़ी है। निश्चित तौर पर बड़े कारोबारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इन सब वजहों से अप्रैल-जून 2020

तिमाही में विकास दर काफी नीचे आ सकती है। ऐसा केवल भारत में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हो सकता है। दुनियाभर की सरकारों को इस सुस्ती से निकलने के लिए प्रोत्साहन पैकेज का ऐलान करना होगा। लोगों के हाथों में पैसा दिया जा सकता है ताकि वे उपभोग में कमी ना करें। ऐसे माहौल में यूनिवर्सल बेसिक इनकम जैसी स्कीमों से बहुत फायदा मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने घोषणा की है कि 750 ऑस्ट्रेलियन डॉलर का कैश पेमेंट 60 लाख लोअर इनकम वाले लोगों को दिया जाएगा। अमेरिका में भी 75 हजार डॉलर तक सालाना आमदनी वालों को 1,200 डॉलर देने पर विचार चल रहा है।

पेंशन का अग्रिम भुगतान

केरल सरकार पेंशनभोगियों को अडवांस भुगतान पर विचार कर रही है। 1000 रुपये की राशि उन परिवारों को भी दी जाएगी जो पेंशन के हकदार नहीं हैं। अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने एक बयान में सलाह दी कि कम से कम तीन महीनों की पेंशन राशि विधवाओं और बुजुर्गों को अडवांस में दी जाए।

जनधन खातों में डाला जाए पैसा

इस समय देश में 38.26 करोड़ जनधन खाते हैं। केंद्र सरकार इन खातों में सीधे पैसा ट्रांसफर कर सकती है। हर खाते में 2 हजार रुपये डाले जाएं तो सरकार को 76,520 करोड़ और हर खाते में 3 हजार देने पर 1.15 लाख करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। इससे गरीबों को मुश्किल घड़ी में अपना खर्च चलाने में मदद मिलेगी और अर्थव्यवस्था को भी गति मिल सकती है।

पीएम किसान का अडवांस पेमेंट

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर भूस्वामी किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की मदद 2-2 हजार की तीन किस्तों में दी जाती है। सरकार तीन में से दो किस्त 2020-21 में शुरुआत में ही जारी कर सकती है।

दिहाड़ी मजदूरों को पैसा

उत्तर प्रदेश सरकार ने 20 लाख कंस्ट्रक्शन मजदूरों और 15 लाख रजिस्टर्ड अपना छोटा-मोटा काम करने वाले, छोटे दुकानदारों और रिक्शाचालकों को 1-1 हजार रुपये देने का फैसला किया है। पैसा डीबीटी के जरिए उनके बैंक खातों में डाला जाएगा। दूसरे राज्य भी इस फॉर्मुले को अपना सकते हैं।

इन तरीको से भी दी जा सकती है मदद

यूबीआई के अलावा भी मदद के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। पीडीसी सिस्टम के जरिए चावल और गेहूं आवंटन को बढ़ाया जा सकता है।

ओला ने अपने ड्राइवर के लिये पेश किया लीजिंग प्रोग्राम

नई दिल्ली (वार्ता)। देश भर में टैक्सी सेवाएं उपलब्ध कराने वाली निजी कंपनी ओला ने अपने ड्राइवर सहयोगियों को लीज रेंटल्स्स में पूरी तरह छूट देने के लिये लीजिंग प्रोग्राम पेश किया है।

ओला के प्रवक्ता ने कहा कि हम पुष्टि कर सकते हैं कि हम अपने लीजिंग प्रोग्राम के तहत ओला की सब्सिडियरी, ओला फ्लीट टेक्नोसलॉजीज के स्वामित्व वाले वाहनों को चला रहे ड्राइवर पार्टनर्स को लीज़ रेंटल्सय में पूरी तरह से छूट दे रहे हैं और वे इसे ईएमआई में परिवर्तित करा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिये किये गये लॉकडाउन के कारण तनाव में चल रहे ड्राइवर पार्टनर्स को मुश्किल की इस घड़ी में आर्थिक बोझ कम करने के लिये किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों इस महामारी के फैलने के कारण आय में नुकसान हो रहा है।

इसके अतिरिक्त, लीजिंग प्रोग्राम के तहत ओला ने ड्राइवरों को कार के लिए दीर्घकालिक लीज़ का विकल्प दिया है। इसके लिए उन्हें डिपॉजिट के अलावा 700 से 1,150 रुपये के बीच की दैनिक किराया राशि देनी होगी। यह रकम शहर और लीज़ पर ली जाने वाली कार पर निर्भर करेगी। ओला फ्लीयट टेक्नो लॉजीज ने लीजिंग के समय वाहन के प्रकार के आधार पर 4,000 रुपये नॉन-रिफंडेबल शुल्क और 21,000-31,000 रुपये रिफंडेबल सिक्योरिटी डिपॉजिट निर्धारित किया है।

ट्रांसपोर्ट सेवा बाधित होने से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हो रही प्रभावित

कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिये देश में लॉकडाउन की स्थिति तथा कई राज्यों में कर्फ्यू लगाये जाने के कारण निजी ट्रांसपोर्ट कंपनियों का परिचालन लगभग ठप्प हो गया है। जिसका असर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर होने लगा है।

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बड़ी कंपनियों ने ब्रेड की आपूर्ति एक दिन के अंतर पर करनी शुरु कर दी है। जबकि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराये जाने वाले ताजे पनीर, मावे और खोये की आपूर्ति बाधित हो गयी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फलों और सब्जियों को उपलब्ध कराने वाली मदरडेयरी में अपने सफल केन्द्रों पर आज 330 टन फल और सब्जियां भेजी।

कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि सफल के तीन सौ से अधिक खुदरा बिक्री केन्द्रों पर फलों और सब्जियों को भेजा गया है। सफल, इंदौर से केले, नासिक से अंगूर तथा नागपुर से संतरा मंगा रहा है। मदर डेयरी अपने 850 केन्द्रों के माध्यम से लोगों को दूध उपलब्ध करा रहा है। ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन ऑफ इंडिया (पीसीआई), एसोसिएट रोड कैरियर (एआरसी), नार्थ इस्टर्न कैरिंग कारपोरेशन, जय माता दी, कुरियर सेवा देने वाली डीटीडीसी, गति और सेफकर्पनियों ने अपने वाहनों का परिचालन रोक दिया है और कर्मचारियों को घर भेज दिया है। इन ट्रांसपोर्ट कंपनियों के पास अपने और किराये के हजारों बड़े व्यावसायिक वाहन है। जो घरेलू वस्तुओं के अलावा फलों, अनाजो और दवाओं को एक स्थान दूसरे स्थान तक पहुंचाते है।

विश्वास त्रिपाठी ब्रिक्स उद्योग मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की अग्रणी संवाद समिति यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) निदेशक मंडल के अध्यक्ष विश्वास त्रिपाठी ब्रिक्स वाणिज्य एवं उद्योग मंडल के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गये है। पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट श्री त्रिपाठी का कार्याकाल तीन वर्ष (2020-2023) होगा। श्री त्रिपाठी वर्तमान में उद्योग मंडल के निदेशक (वित्त) है।

उद्योग मंडल के महानिदेशक डा0 बी बी एल मधुकर ने बुधवार को बताया कि श्री त्रिपाठी समेत सभी पदों के लिये सर्वसम्मति से चुनाव हुआ है। डा0 मधुकर ने बताया कि उद्योग मंडल के सभी नये पदाधिकारी अगली आम बैठक में अपना कार्याभार संभालेंगे।

कोरोनाः आम लोगों, कारोबारियों के लिए आर्थिक राहतों की घोषणा

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने कोरोना वायरस 'कोविड-19' से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर मंगलवार को आम लोगों तथा कारोबारियों को आयकर ब्याज में रियायत, रिटर्न तथा अन्य नियमों की पालना में कई प्रकार के छूट का ऐलान किया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर के साथ यहाँ आयकर, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), सीमा एवं उत्पाद शुल्क, दिवाला कानून, बैंकिंग, मात्स्यिकी आदि से संबंधित कई प्रकार की घोषणायें की। अधिकतर मामलों में अनुपालना की तारीख 30 जून तक बढ़ाई गयी है। साथ ही आम लोगों को राहत देते हुये उन्होंने कहा कि तीन महीने तक दूसरे बैंक के एटीएम से पैसा निकालने पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। खाताधाकों के लिए तीन महीने तक न्यूनतम बैलेंस की शर्त नहीं होगी। उम्मीद की जा रही थी कि वित्त मंत्री किसी आर्थिक पैकेज की घोषणा कर सकती हैं। इसके बारे में उन्होंने कहा कि सरकार जल्द इसकी घोषणा करेगी। श्रीमती सीतारमण ने बताया कि 2018-19 के लिये देरी रिटंन भरने की अंतिम तारीख 31 मार्च से बढ़कर 30 जून की गयी है और इस पर लगने वाला ब्याज 12 से घटाकर नौ प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही स्रोत पर काटे गये कर को देर से जमा करने पर ब्याज की दर 18 प्रतिशत से घटाकर नौ प्रतिशत की गयी है हालांकि इसकी अंतिम तिथि पहले की तरह 30 जून ही रहेगी।

मोहलत पैन कार्ड को आधार से जोड़ने की समयसीमा पहले 31 मार्च तक थी

आधार को पैन से लिंक करने की अंतिम तारीख बढ़ी

नई दिल्ली। आधार को स्थायी खाता संख्या (पैन) से लिंक करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 30 जून, 20020 कर दिया है। पहले यह तारीख 31 मार्च तय थी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार (24 मार्च) को नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। कोरोना वायरस के संक्रमण की बढ़ती संख्या को देखते हुए देश में आर्थिक गतिविधियां थम सी गई है और राज्यों ने लॉकडाउन कर रखा है। इन हालात को देखते हुए सरकार ने ये राहत दी है।

पैन कार्ड को आधार से जोड़ने की समयसीमा आयकर विभाग ने पहले 31 मार्च तक बढ़ाई थी। यह आठवीं बार था, जब आधार और पैन लिंक करने की तारीख को बढ़ाया गया था। आधार कार्ड पर 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अहम फैसला सुनाए जाने के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए आधार नंबर जो कि 12 अंकों की एक पहचान संख्या है, को

अनिवार्य कर दिया गया था। इसके साथ ही आधार से पैन को जोड़ना भी जरूरी हो गया। उल्लेखनीय है कि पैन कार्ड इनकम टैक्स और बैंक खातों से जुड़ा होता है। समय सीमा में छूट के लिए व्यापारियों, कंपनियों और अन्य लोगों की गुजारिश पर वित्त मंत्री ने ये घोषणा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले उन्होंने ट्वीट किया था कि वह कोविड-19 महामारी के संदर्भ में वैधानिक और विनियामक अनुपालन मामलों पर कुछ घोषणाएं करेंगी। भारत में कोविड -19 से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 492 हो गई है और दुनियाभर में 15,000 से अधिक लोग इस वायरस की वजह से अपनी जान गंवा चुके हैं। कोरोना वायरस को बढ़ने से रोकने के लिए कई देशों के अधिकांश हिस्सों में बंदी की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने 'विवाद से समाधान' स्कीम की तारीख, आयकर (इनकम टैक्स) और वस्तु एव सेवा कर (जीएसटी) को लेकर भी खास घोषणा की। उन्होंने कहा कि वित्तवर्ष 2018-19 की आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 30 जून तक बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही टीडीएस पर ब्याज को 18 प्रतिशत से घटाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्माल सीतारमण के साथ वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर भी इस मौके पर मौजूद थे। भारत में कोविड -19 से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 492 हो गई है और दुनियाभर में 15,000 से अधिक लोग इस वायरस की वजह से अपनी जान गंवा चुके हैं। कोरोना वायरस को बढ़ने से रोकने के लिए कई देशों के अधिकांश हिस्सों में बंदी की घोषणा की गई है।

ऑटो उद्योग को रोजाना 2,300 करोड़ रुपये का नुकसान

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस 'कोविड-19' और उसके कारण हुये लॉकडाउन से ऑटो उद्योग को हर दिन 2,300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो रहा है।

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के अध्यक्ष राजन वढ़ेरा ने आज एक बयान में बताया कि प्राथमिक आकलन के अनुसार वाहनों तथा वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनियों को हर दिन 2,300 करोड़ रुपये से ज्यादा के कारोबार का नुकसान हो रहा है।

एक अन्य बयान में उन्होंने मार्च, अप्रैल और मई का वस्तु एवं सेवा कर तथा वित्त वर्ष 2018-19 का आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 30 जून 2020 तक बढ़ाने के सरकार के फैसले की तारीफ की। उन्होंने कहा कि रिटर्न भरने और दिवाला कानून, जुमार्ने आदि के विभिन्न प्रावधानों में राहत से वाहन उद्योग क्षेत्र में काम करने वाली छोटी तथा मध्यम कंपनियों को काफी राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन के कारण अनिवार्य वस्तुओं की श्रेणी से इतर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियाँ बंद हैं।

आज का भविष्यफल

मेषः आज राशि का स्वामी दशम कर्म भाव केंद्र में मकर राशि का होकर संचार कर रहा है। नवम त्रिकोण में धनु राशि का बृहस्पति यद्यपि मार्गी है। यह उत्तम राज योग का सृजन कर रहा है। इससे आज आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि का योग बन रहा है।

वृषभः आपकी राशि का स्वामी शुक्र द्वादश भाव में सूर्य साथ मार्गी है। चंद्रमा आज एकादश भाव में राज्य से सम्मान दिलाएगा। अपने कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे।

मिथुनः राशि का स्वामी बुध कुंभ राशि का होकर नवम भाव में विराजमान होकर लग्न को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है। इससे आपको कार्यक्षेत्र में लाभ होगा।

कर्कः आपकी राशि पर धनु राशि का बृहस्पति सर्वत्र विजय विभूति सफलता देने वाला है। आज चंद्रमा भी दशम भाव में मनोर्थ सिद्धि कारक है। खोई मूल्यवान वस्तु मिलने का योग है।

सिंहः आज दिन भर आप विरोधियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अचानक हीआशा से अधिक लाभ व प्रगति होने से खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। कोई व्यक्ति आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेगा।

कन्याः काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है, आज उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। आप के सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट आज दूर होने के योग बन रहे हैं।

तुलाः आज आपको अपने कार्यों को लेकर सजगत बरतनी होगी। अन्यथा साझेदारों या फिर किसी के उकसाने पर आप कोई फैसला लेकर अपना नुकसान भी कर सकते हैं। और कोई भी आपका साथ नहीं देगा।

वृश्चिकः आज आपका घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। विवाद और झंझट भी हो सकते हैं।

धनुः जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं। उसका निदान आज करना है। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा।

मकरः आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिन भर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। व्यर्थ की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने होगा इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कुंभः आजकल एकदम से बहुत सारे काम आपके आगे पीछे आ रहे हैं। आपके विरोधी भी कुछ ऐसी कोशिशें करेंगे कि आप फालतू कामों में उलझे रहे हैं। लेकिन आप सूझबूझ से काम लें किसी तरह की लापरवाही न बरतें।

मीनः जितना भी हो सके आज आप अपने रोजगार को ठीक तरह से संभालने की चेष्टा करें। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है।

सू- दोकू

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6

शब्द सामर्थ्य -

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. फूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, सिफारिश, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का कराह, 1. दौलती, मिजाज 2. अच्छी निकराग 10. वरदान, दुलहा 12. शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मौजापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आच्छादित, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. सफाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. चाँद, बुजुर्ग, पतृ 17. पराजय, हार।

ऊपर से नीचे

शब्द सामर्थ्य क्रमांक का हल

सा	लु	प	मा	द	या	द	व	
प		ति			र	ह	क	
र	ह	मा	न					आ
सा			मि	धु	न		हा	म
ह	सा	ला	त		मी	ला		घ
न					ब	क	बा	म
औ	र	त		म		त		
ला	चे	च	ना		ब	च	न	
द	ह	ला		मा	ग	र		ही

मंदिरों के कपाट भी बंद, ऐसा संक्रमणकाल

■ अष्टमी नवमी पर कन्या भोज भी नहीं होगा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दू नववर्ष झुलेलाल महोत्सव एवं वासंती चैत्र नवरात्र का आज से प्रारंभ हो गया है। कोरोना वायरस के चलते शहर के इतिहास में पहली बार ऐसा मौका आया है। जब भक्त नवरात्रि में माता के दर्शन से वंचित है। संपूर्ण देश में लाक डाउन के चलते 14 अप्रैल तक कर्फ्यू जैसे हालात है। महामाया मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शुक्ला ने एवं कालीमंदिर रायपुरा, महादेव घाट के पुजारी गोस्वामी गिरी महाराज ने भक्तों से चैत्र नवरात्र में अपने घरों में ही रहकर पूजा पाठ करने का अनुरोध किया है। इस वर्ष शहर के प्राचीनतम मंदिरों सहित प्रदेश के माता देवालयों में ज्योति प्रज्जवलित भी नहीं की गई है। पंडित शुक्ला ने बताया कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर सुबह 8.47 से 10.46 बजे तक वृषभ लग्न में घटस्थापना का मुहूर्त है इसके साथ ही अन्य समय में दोपहर 3.24 से शाम 5.24 सिंह लग्न एवं रात 9.46 से 12 बजे वृश्चिक लग्न में भी श्रद्धालु अपने घरों में घट स्थापना कर सकते हैं। प्राचीन मंदिरों में हजारों की तादाद में पहुंचने वाले भक्तों के अनुसार माता हमेशा अपनी संतान का भला करती है। कोरोना वायरस से लड़ने में भी मातृ शक्ति ही उक्त लड़ाई को जीतकर लोगों को जीवनदान देगी। यह विचार गायत्री नगर निवासी मां काली के अखंड भक्त पं. कृष्ण कुमार वाजपेयी ने व्यक्त किया। ज्ञातव्य है कि मंगलवार रात को ही अपने राष्ट्र के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को परिवार का सदस्य बनकर हाथ जोड़कर आने वाले 21 दिनों में घरों में ही रहने की अपील की है। लोगों की जिद लाखों जिंदगियों की तबाही का कारण बन सकती है। डॉ. जयेश कावड़िया के अनुसार कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए वे शहर के आम लोगों से घरों में रहकर ही माता की पूजा अर्चना करने की अपील करते हैं।

नगरनार आयरन एवं स्टील प्लांट और बढ़ईगुड़ा, टोल टैक्स को तत्काल बंद करने के निर्देश

रायपुर। कोरोना वायरस से लोगों की सुरक्षा के लिए बस्तर जिले के नगरनार आयरन एंड स्टील प्लांट और टोल टैक्स नाका बढ़ईगुड़ा, तहसील-बस्तर को तत्काल बंद करने के आदेश कलेक्टर द्वारा जारी किया गया है। बस्तर जिला कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली द्वारा कोरना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के लिए महामारी रोग अधिनियम 1897 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगरनार आयरन एंड स्टील प्लांट को तत्काल प्रभाव से पूर्णतः बंद करने के आदेश दिए हैं। साथ ही उन्होंने प्लांट में बाहर से आये श्रमिकों के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार बस्तर तहसील के बढ़ईगुड़ा, टोल टैक्स नाका को तत्काल बंद करने के आदेश दिए गए हैं। टोल टैक्स नाका से अत्यावश्यक सेवा में लगे वाहन को आवाजाही में छूट देने कहा गया है । टोल टैक्स नाका में cctv कैमरा चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं ।

देशी-विदेशी मदिरा दुकानें और रेस्टोरेंट, होटल बार भी बंद रहेंगे 31 मार्च तक

रायपुर। राज्य शासन द्वारा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राज्य के सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन के रायपुर बिलासपुर स्थित गोदामों सहित सभी जिलों में स्थित देशी-विदेशी विदेशी मदिरा के मद्य भंडारों को 31 मार्च तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही प्रदेश के सभी रेस्टोरेंट, होटल और बार को भी बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। वाणिज्यिक कर (आबकारी विभाग) द्वारा मंत्रालय महानदी भवन से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा पूर्व में 23 से 25 मार्च तक सभी शराब दुकानों, गोदाम और रेस्टोरेंट, होटल बार को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। इस अवधि को बढ़ाकर अब 26 से 31 मार्च तक बंद रखने का आदेश दिया गया है।

भिखारियों एवं निराश्रित व्यक्तियों को मिलेगा नि:शुल्क भोजन

रायपुर। राज्य शासन द्वारा प्रदेश में लॉकडाउन के दौरान भिखारियों और निराश्रित व्यक्तियों को भोजन प्रदान करने का आदेश जारी किया गया है। समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री आर. प्रसन्ना ने मंत्रालय महानदी भवन से आदेश जारी कर राज्य के सभी संभागायुक्तों सभी कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों एवं समाज कल्याण विभाग के सभी संयुक्त और उप संचालकों को भिखारियों और निराश्रित व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराने को कहा गया है। जारी आदेश के अनुसार जिलों में खास तौर पर नगरीय क्षेत्रों में निराश्रित व्यक्तियों एवं भिखारियों एवं क्षेत्र के आवश्यकता वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया जाएगा। जिले में प्रतिष्ठित स्वैच्छिक संस्थाएं, रेडक्रास सोसायटी, लायंस क्लब, रामकृष्ण मिशन, गायत्री परिवार, गुरूद्वारा, अक्षय पात्र, मारवाड़ी समुदाय तथा अन्य समाज सेवी संगठनों से सम्पर्क कर निराश्रित व्यक्तियों एवं भिखारियों के लिए पका हुआ भोजन तैयार कर उसको पृथक-पृथक पैकेट बनाकर वितरित करें।

कोविड-19 की पहचान और रोकथाम के लिए प्रदेश में एक्टिव सर्विलांस

होम-क्वारेंटाइन वाले क्षेत्रों में सर्वे करने जाएगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

स्वास्थ्य संचालक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों को दिए आवश्यक निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। सामुदायिक स्तर पर कोविड-19 का प्रसार रोकने स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश भर में एक्टिव सर्विलांस की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम विदेश प्रवास से लौटने के बाद होम-क्वारेंटाइन में रह रहे लोगों के घरों के आसपास के क्षेत्रों में सर्वे कर लोगों से जानकारियां जुटाएगी। इससे शुरूआती दौर में ही बीमारी की पहचान कर इलाज और आइसोलेशन सुनिश्चित किया जा सकेगा। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक नीरज बंसोड़ ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक श्री नीरज बंसोड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया कि होम-क्वारेंटाइन में रह रहे विदेश प्रवास से लौटे सभी व्यक्तियों के आसपास के 50 घरों में स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों की टीम बनाकर सर्वे कराया जाएगा। सर्वे में घर के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य, पुरानी बीमारी, पिछले 15 दिनों की आवाजाही और इस दौरान मिले लोगों के बारे में पूछताछ की जाएगी। विभाग द्वारा सर्वे के लिए सभी जिले के सर्विलांस अधिकारी को प्रशिक्षित किया जाएगा। सर्विलांस अधिकारियों द्वारा सर्वे टीमों के प्रशिक्षण के बाद सर्वे का काम तुरंत शुरू किया जाएगा।

श्री बंसोड़ ने किसी भी प्रकार का संक्रमण रोकने सर्वे के दौरान सभी सुरक्षा मानकों और दिशा-निर्देशों के पालन के साथ ही जरूरी सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान सोशल-डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए बातचीत के दौरान एक मीटर की दूरी बनाकर रखें। लोगों को घर से बाहर बुलाकर बात करें, साथ में हैंड-सैनिटाइजर लेकर चलें और हर आधे घंटे में हाथ साफकरते रहें। उन्होंने कहा कि सर्वे टीम को घबराने की जरूरत नहीं है। सक्रिय सामुदायिक निगरानी के दौरान सभी सावधानियों का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिलों को सर्वे रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को प्रतिदिन भेजने कहा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अधिकारियों को होम-क्वारेंटाइन और होम-आइसोलेशन के प्रोटोकॉल के बारे में भी जानकारी दी गई। जिलों में स्थापित क्वारेंटाइन सेंटर्स और होम-क्वारेंटाइन में रह रहे लोगों की लगातार निगरानी कर इसके दिशा-निर्देशों के कड़ाई से पालन के लिए निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य संचालक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहा कि मास्क के उपयोग के बाद इसे इधर-उधर न फेंके।

क्वारेंटाइन सेंटर के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराया होटल: ललित पटवा

रायपुर। देश-दुनिया में कोरोना से निपटने के लिए सरकारों के साथ अब निजी क्षेत्रों के लोग भी सामने आ रहे है। राजधानी के प्रतिष्ठित व्यवसायी और महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष ललित पटवा ने भी कारोना से लड़ने के लिए अनूठी पहल की है। उन्होंने अपने होटल को क्वारेंटाइन सेंटर या अस्थाई अस्पताल बनाने के लिए राज्य सरकार को नि:शुल्क उपलब्ध कराने की पहल की है। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है। चूंकि होटल कार्बिज टॉवर रामकृष्ण केयर अस्पताल और एमएमआई जैसे चिकित्सा संस्थानों के बेहद करीब है। ऐसे में यहां अस्थाई अस्पताल या क्वारेंटाइन सेंटर बनाने से प्रभावितों के उपचार में मदद मिलेगी। 50 से अधिक कमरों वाले इस सुसज्जित होटल को सरकार के गाइडलाइन के अनुरुप बंद कर दिया गया है।

शहीद जवानों से छिने हथियार और मृतक नक्सली की फोटो वायरल

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। सुकमा में गत शनिवार को हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली भी मारे गए। इसकी पुष्टि नक्सलियों के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो ने प्रेस नोट जारी करके की है। नक्सलियों ने लूटे हुए हथियारों का चित्र भी जारी किया है। उनकी ओर से मुठभेड़ के दौरान सुकमा में जवानों के पास से लूटे गए हथियारों का फोटो जारी किया गया है। बता दें गत शनिवार को सुकमा के चिंतागुफा थानाक्षेत्र में मिनपा में हुई मुभभेड़ में डीआरजी और एसटीएफके 17 जवान शहीद हो गए थे और 15 जवान घायल हो गए थे। अब तीन नक्सलियों के मारे जाने की भी खबर सामने आई है। मुठभेड़ के अगले दिन यानि रविवार को घटनास्थल के सर्च पर निकली पुलिस टीम को 17 जवानों के शव बरामद हुए थे। वहीं घायल 15 जवानों का रायपुर में इलाज चल रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा पुलिस लाइन पहुंचकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। उन्होंने कहा है कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। इसी दिन सुकमा में नक्सल समस्यों को लेकर एक अहम बैठक भी हुई थी।

लॉक डाउन के पहले दिन पुलिस की सख्ती